खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, मंगलवार 21 अप्रैल 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 24 अंक 13 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम :39°C
न्यूनतम: 22°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | बैसाख शुक्ल पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2083 | 2 जिलकदा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



मोदी सरकार की विदेश नीति पर कांग्रेस ने उठाए सवाल पेज 2



तिलक वर्मा का पहला आईपीएल शतक, सात छक्के लगाए खेल टाइम्स



शहर की सेहत ठीक नहीं: हमारी आदतें इसका रोग हैं सम्पादकीय



कूटनीतिक बातचीत सैन्य संघर्ष का ही एक विस्तार: अजीजी पेज 12

# इस्लामाबाद में दूसरे दौर की वार्ता पर सस्पेंस

## ट्रम्प ने पाक आर्मी चीफ से की बात, मुनीर बोले: होर्मुज स्ट्रेट पर नाकाबंदी रही, तो बातचीत मुश्किल

वाशिंगटन, वार्ता

■ अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी युद्धविराम के समझौते का उल्लंघन, ऐसे में वार्ता की उम्मीद कम: ईरान

**अमेरिकी राष्ट्रपति** ट्रम्प ने पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर से फोन पर बात की। एक पाकिस्तानी सुरक्षा सूत्र के मुताबिक ट्रम्प ने कहा कि वे होर्मुज स्ट्रेट पर लगे ब्लॉकेड को लेकर उठाई गई चिंताओं पर विचार करेंगे। सूत्र के अनुसार, दोनों के बीच इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा हुई।

आसिम मुनीर ने ट्रम्प से कहा कि अगर होर्मुज स्ट्रेट पर रोक जारी रही, तो ईरान के साथ बातचीत आगे नहीं बढ़ पाएगी। इसके जवाब में ट्रम्प ने कहा कि वे इस पर सोचेंगे। दरअसल, अमेरिका ने ईरान के पास समुद्र में नाकेबंदी कर रखी है। इससे नाराज होकर ईरान ने शनिवार को होर्मुज को बंद कर दिया था। अमेरिका और ईरान के तनाव बढ़ने की वजह ट्रम्प की ईरान को धमकी और ईरानी जहाज 'टौस्का' को कब्जे में लेना है। इसे लेकर ईरान ने नाराजगी जताई और इसे समुद्री डकैती करार दिया और कहा कि वे जल्द इसका जवाब देंगे। होर्मुज स्ट्रेट में बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान में दोनों देशों के बीच दूसरी दौर की बातचीत होगी या नहीं, इसे लेकर सस्पेंस बना हुआ है। ईरान ने कहा कि अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी युद्धविराम के समझौते का उल्लंघन है और अमेरिका की धमकी भरी भाषा से हालात और खराब हो रहे हैं। इन परिस्थितियों में बातचीत की उम्मीद बहुत कम है। वहीं अल जजीरा की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि बातचीत एक नहीं बल्कि कई दिनों तक चल सकती है। कोशिश यह है कि एक अस्थायी समझौता यानी एमओयू साइन हो जाए, जिससे युद्धविराम आगे बढ़ सके और करीब 60 दिन का समय मिल जाए, ताकि बड़ा शांति समझौता तैयार किया जा सके। लेकिन यह सब तभी संभव है जब ईरान इसमें हिस्सा ले। ईरान ने इस्लामाबाद में होने वाले शांति वार्ता के दूसरे दौर में शामिल होने से इन्कार कर दिया है। ईरान ने अमेरिका की मांगों और नाकेबंदी को इस फैसले का मुख्य कारण बताया है। ट्रम्प ने फिर कहा है कि ईरान के पास शांति समझौते के लिए यह आखिरी मौका है। उन्होंने कहा कि वह पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा की तरह वही गलती नहीं दोहराएंगे। वहीं ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने कहा है कि देश अमेरिका और इजरायल के साथ चल रहे युद्ध को सम्मान और समझदारी के साथ खत्म करने की कोशिश करेगा। तेहरान में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि ईरान मौजूदा हालात को बुद्धिमत्ता और संतुलन के साथ संभाल रहा है।

### अमेरिकी बलों ने ईरानी जहाज किया जब्त


**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने एक ईरानी मालवाहक जहाज को जब्त कर लिया, जिससे पश्चिम एशिया में नाजुक दौर से गुजर रही शांति पर और अनिश्चितता व्याप्त हो गई है। ईरान ने पुष्टि की कि अमेरिकी नौसेना ने ओमान की खाड़ी में ईरानी जहाज 'टौस्का' को 'हमला कर जब्त' किया, जिसे उसने युद्धविराम का उल्लंघन बताया और जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी। ईरान के खत्म उल-अंबिया मुख्यालय ने कहा कि अमेरिकी कार्रवाई ईरानी वाणिज्यिक जहाजों पर हमला है और इसे 'सशस्त्र समुद्री डकैती' करार दिया। ईरान की अर्ध-सरकारी तस्नीम समाचार एजेंसी के अनुसार, इस घटना के बाद ईरान ने अमेरिकी युद्धपोतों पर ड्रोन हमले भी किए, हालांकि इसकी स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। ईरानी अधिकारियों ने कहा कि अमेरिकी शर्तें 'अवास्तविक और अनुचित हैं और जब तक नाकेबंदी नहीं हटाई जाती, वार्ता संभव नहीं है। उन्होंने अमेरिका पर शर्तें बदलने का आरोप भी लगाया।

## ईरान को लेकर कुछ खतरनाक सोच रहे राष्ट्रपति ट्रम्प

■ व्हाइट हाउस के पोस्ट से बढ़ी चिंता
■ लिखा: आज सोमवार है, कोई बहाना नहीं
■ बातचीत की मेज पर ईरान को लाने के लिए अब अमेरिका का यह आखिरी अल्टीमेटम

**वाशिंगटन।** ईरान को लेकर बढ़ते तनाव और बैक चैनल बातचीत की अटकलों के बीच व्हाइट हाउस की एक पोस्ट ने सियासी हलकों में हलचल तेज कर दी है। अमेरिका की ओर से जारी इस संदेश को महज एक मोटिवेशनल लाइन मानकर नजरअंदाज करना आसान नहीं है, क्योंकि समय और संदर्भ इसे कहीं ज्यादा तेज संकेत बना रहे हैं।

पूरी बात को ऐसे समझिए कि सोमवार को व्हाइट हाउस ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की एक तस्वीर शेयर करते हुए लिखा कि लॉक्ड-इन मोड: एक्टिवेटेड, इट्स मंडे, नो एक्सक्यूज, जस्ट विन। ऐसे तनावपूर्ण समय में व्हाइट हाउस के इस पोस्ट ने एक साथ कई सवाल खड़े कर दिए हैं। सवाल यह खड़े हो रहे हैं कि बातचीत की डगर पर ईरान अपना रुख साफ नहीं कर रहा, तो क्या अमेरिका कुछ बड़ा करने जा रहा है? सवाल ये भी पूछे जा रहे हैं कि सोमवार का दिन तेहरान में कुछ बड़ा करने जा रहे हैं ट्रम्प? इतना ही नहीं ये सवाल तो खूब पूछे जा रहे हैं कि बातचीत की मेज पर ईरान को लाने के लिए अब अमेरिका का यह आखिरी अल्टीमेटम है?



### संक्षिप्त समाचार

#### केजरीवाल की जज बदलने की याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** आबकारी नीति मामले में सोमवार को हाईकोर्ट ने अरविंद केजरीवाल की रिक्यूजल याचिका पर अपना फैसला सुनाया। केजरीवाल दिल्ली हाईकोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पेश हुए। इस दौरान केजरीवाल ने अपना जवाबी हलफनामा रिकॉर्ड पर लेने की मांग की। सुनवाई को दौरान केजरीवाल ने कहा कि मैडम अगर मेरा जवाब रिकॉर्ड पर नहीं लिया गया, तो यह न्याय के प्रति लापरवाही होगी। अदालत ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा यदि किसी न्यायाधीश का फैसला ऊपरी अदालत द्वारा बदला जाता है, तो किसी भी प्रतिवादी को यह कहने का हक नहीं है कि आमुख जज फैसला करने योग्य नहीं हैं। जज की क्षमताओं पर फैसला इसकी उच्च अदालत करती है न की प्रतिवादी।

#### दिल्ली दंगा साजिश केस में उमर खालिद को राहत नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली दंगा साजिश मामले में उमर खालिद को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली है। शीर्ष अदालत ने जमानत से इन्कार करने के अपने 5 जनवरी 2026 के फैसले के खिलाफ दायर समीक्षा याचिका खारिज कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पहले दिए गए फैसले की समीक्षा के लिए कोई ठोस आधार नहीं पाया गया। उमर खालिद ने इस मामले में जमानत न मिलने के फैसले को चुनौती देते हुए समीक्षा याचिका दायर की थी।

#### जापान में 7.5 तीव्रता का भूकंप, सुनामी की चेतावनी

**टोक्यो।** जापान में सोमवार दोपहर 1:23 बजे (भारतीय समयानुसार) 7.5 तीव्रता का जोरदार भूकंप आया। भूकंप का केंद्र तट से करीब 100 किमी दूर समुद्र में 10 किमी गहराई पर था। जापानी मौसम एजेंसी ने इवाते, होक्काइडो और आओमोरी के तटीय इलाकों में 3 मीटर तक ऊंची सुनामी की चेतावनी जारी की है। भूकंप के बाद इवाते पर करीब 3 फीट, मियाको और हाचिनोहे में डेढ़ फीट तक लहरें दर्ज की गईं। इन इलाकों में पानी का स्तर बढ़ रहा है। सुरक्षा के मद्देनजर बुलेट ट्रेन सेवाएं रोक दी गई हैं।

#### हैदराबाद-हुबली फ्लाइट दो घंटे हवा में चक्कर काटती रही

**बेंगलुरु।** हैदराबाद से हुबली जा रही फ्लाई-91 एयरलाइन की एक फ्लाइट रविवार को खराब मौसम के चलते 2 घंटे हवा में ही चक्कर काटती रही। खराब मौसम की वजह से प्लेन में सवार पैसेंजर्स को तेज झटके महसूस हुए, जिससे वे घबरा गए। सोशल मीडिया में वायरल वीडियो में पैसेंजर रोते हुए और हाथ जोड़कर प्रार्थना करते दिख रहे हैं।

### सीबीआई ने साइबर धोखाधड़ी मामले के मुख्य साजिशकर्ता को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने साइबर धोखाधड़ी मामले में हासिल किए गए सिम कार्ड खरीदने और बांटने में शामिल मुख्य साजिशकर्ता को गुवाहाटी में गिरफ्तार कर लिया है। सीबीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने आरोपी की पहचान उबैद उल्लाह के रूप में की है। यह गिरफ्तारी 'ऑपरेशन चक्र-5' के तहत की गई है, जिसका उद्देश्य देश में संगठित साइबर अपराध की कमर तोड़ना है। सीबीआई एक ऐसे मामले की जांच कर रही है जिसमें 'विक्रय केंद्र' (पीओएस) एजेंट शामिल थे, जो गैर-कानूनी तरीके से सिम कार्ड जारी करने का काम कर रहे थे और फर्जी डिजिटल गिरफ्तारी, लोन घोटाले और निवेश धोखाधड़ी जैसे अपराधों में लिप्त साइबर अपराधियों की मदद कर रहे थे। आठ राज्यों में जांच के दौरान लगभग 45 जगहों पर तलाशी ली गई, जिसके परिणामस्वरूप फर्जी या गैर-कानूनी तरीके से हासिल किए गए सिम कार्ड जारी करने में शामिल विक्रय केंद्रों के 10 आरोपी एजेंटों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी गुवाहाटी में गैर-कानूनी तरीके से जारी किए गए सिम कार्डों के एग्रीगेटर (जमा करने वाला) के तौर पर काम करता था।

## जम्मू के उधमपुर में सड़क हादसा, 21 यात्रियों की मौत

**उधमपुर।** जम्मू के उधमपुर में सोमवार सुबह एक बस हादसे का शिकार हो गई। रामनगर से आ रही बस कगोत के पास सड़क से करीब 100 मीटर नीचे गिरकर पलट गई। इस हादसे में 21 लोगों की मौत हो गई, जबकि 29 से ज्यादा यात्री घायल हो गए। हादसा सुबह करीब 10 बजे हुआ।

बस में 50 यात्री सवार थे, जिनमें से ज्यादातर लोग रामनगर से उधमपुर में अपने रोजाना के काम पर जा रहे थे। 15 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि बाकी 6 लोगों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घायलों के मुताबिक बस ओवरलोड थी, रफ्तार भी तेज थी। कगोत नाले के पास अचानक बस का टायर फट गया। इससे ड्राइवर उसे कंट्रोल नहीं कर सका और बस सड़क से नीचे गिर गई। केंद्रीय मंत्री डा. जितेंद्र सिंह ने बताया कि घायलों का इलाज जीएमसी ऊधमपुर में किया जा रहा है। इधर, पीएम मोदी ने हादसे में मरने वाले लोगों के लिए संवेदना जताई और मृतकों के परिवार को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार के मुआवजे का ऐलान किया है।



■ यात्री बोले- तेज रफ्तार बस का टायर फटा, ड्राइवर कंट्रोल नहीं कर सका, 100 मीटर नीचे गिरी

### महाराष्ट्र का अकोला सबसे ज्यादा गर्म, 45 डिग्री टेम्परेचर

**नई दिल्ली।** राजस्थान, यूपी, मध्य प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, विदर्भ में लगातार चौथे दिन लू का कहर देखने को मिला है। राजस्थान के कोटा में दिन का तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रहा। सड़कों को ठंडा करने के लिए नगर निगम ने टैंकरों से पानी का छिड़काव करवाया। महाराष्ट्र के अकोला और वर्धा में तापमान सबसे ज्यादा 45 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। ये दोनों शहर रविवार को देश के सबसे गर्म शहर रहे। बिहार के बक्सर में सोमवार को गर्मी के कारण 10 स्टूडेंट स्कूल में बेहोश हो गए। बक्सर मे पारा 42 डिग्री पर पहुंच गया है। जम्मू-कश्मीर के मैदानी इलाकों में बारिश, पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी हुई। बर्फबारी से मुगल रोड, श्रीनगर-कारगिल रोड और बांदीपोरा-गुरेज रोड समेत कई सड़कें बंद हैं।

## NCLT समाधान योजनाओं की मंजूरी में देरी, सुप्रीम कोर्ट चिंतित

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ कोर्ट ने इसे अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताया

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की प्रधान पीठ और अन्य पीठों द्वारा समाधान योजनाओं को मंजूरी देने में हो रही अत्यधिक देरी पर गंभीर चिंता व्यक्त की है और इसे अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताया है।

शीर्ष अदालत ने एनसीएलटी की प्रधान पीठ नई दिल्ली और आईबीबीआई दोनों को निर्देश दिया कि वे मंजूरी के लिए लंबित आवेदनों और देरी के कारणों पर पूरे देश का विस्तृत डेटा उपलब्ध कराएं। अदालत दिवाला की कार्यवाही से जुड़े एक विवाद की सुनवाई कर रहा है, जिसमें आईआईएफएल के 85 करोड़ रुपये के दावे को शुरू में 2020 में पेशेवरों ने खारिज कर दिया था। राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण ने इसे बाद में मंजूर कर लिया और 2023 में राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण ने इसे सही ठहराया, जिसके बाद शीर्ष अदालत में अपील की गई। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और केवी विश्वनाथन की पीठ एक ऐसे मामले की सुनवाई कर रही है, जिसमें एक योजना लगभग दो सालों से लंबित पड़ी थी। अदालत ने एनसीएलटी की प्रधान पीठ नई दिल्ली और आईबीबीआई दोनों को निर्देश दिया कि वे मंजूरी के लिए लंबित आवेदनों और देरी के कारणों पर पूरे देश का विस्तृत डेटा उपलब्ध कराएं।

### नेशनल हेराल्ड केस दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई टली

**नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को सुनवाई स्थगित कर दी है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 25 मई को होगी। ट्रायल कोर्ट ने 16 दिसम्बर 2025 को सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान लेने से इन्कार कर दिया था। ईडी ने ट्रायल कोर्ट के उस फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। दिल्ली हाईकोर्ट ने 22 दिसम्बर को सोनिया गांधी, राहुल गांधी समेत अन्य आरोपियों को नोटिस जारी किया था। ईडी ने आरोप लगाया है कि सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य ने साजिश के तहत करीब 2000 करोड़ रुपये की संपत्तियों पर कब्जा किया। इसके लिए यंग इंडियन कंपनी का इस्तेमाल किया गया, जिसमें गांधी परिवार की 76 फीसदी हिस्सेदारी थी।

## होर्मुज में फंसे भारतीय नाविकों की सुरक्षा पहली प्राथमिकता

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ ईरान से हो रही लगातार बातचीत, होर्मुज से भारतीय जहाजों की सुरक्षित आवाजाही पर जोर: जायसवाल

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच ऊर्जा आपूर्ति, समुद्री सुरक्षा और भारतीय नागरिकों की मदद को लेकर स्थिति स्पष्ट की है।

केंद्र सरकार ने कहा है कि देश में घरेलू गैस, बंदरगाह संचालन और आवश्यक सेवाएं सामान्य रूप से जारी हैं, जबकि विदेश मंत्रालय लगातार भारतीय नागरिकों और नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में जुटा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के निर्देश पर खाड़ी देशों के साथ भारत की सक्रिय बातचीत जारी है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने 19 अप्रैल को सऊदी अरब का आधिकारिक दौरा किया, जहां उन्होंने ऊर्जा मंत्री, विदेश मंत्री और अपने समकक्ष अधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान द्विपक्षीय संबंधों, क्षेत्रीय स्थिति और आपसी हितों के मुद्दों पर चर्चा हुई। जायसवाल ने कहा कि भारत ईरान और अन्य देशों के संपर्क में है ताकि होर्मुज से भारतीय जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने बताया कि शनिवार को हुई फायरिंग की घटना की जानकारी मिलते ही भारत ने इस मामले को गंभीरता से उठाया। उन्होंने कहा कि भारतीय पक्ष ने ईरान के राजदूत को तलब किया और विदेश सचिव स्तर पर बैठक कर गहरी चिंता जताई। भारत ने साफ कहा कि भारतीय नाविकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और समुद्री मार्गों पर बिना किसी बाधा के आवाजाही होनी चाहिए। जायसवाल के मुताबिक, ईरानी राजदूत ने आश्वासन दिया कि भारत की चिंताओं को तेहरान स्थित संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संपर्क लगातार जारी है। विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव (गल्फ) असीम महाजन ने बताया कि क्षेत्र में भारतीय दूतावास और बंदरगाह 24 घंटे हेल्पलाइन चला रहे हैं। उड़ानों, यात्रा व्यवस्था, वाणिज्य दूतावास सेवाओं और भारतीय समुदाय के कल्याण के लिए लगातार काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में भारतीय नाविकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। गल्फ एयर ने बहरीन और भारत के बीच सीमित उड़ान सेवाएं शुरू करने की योजना की घोषणा की है। अब तक 2,423 भारतीय नागरिक ईरान और अजरबैजान से बाहर निकाले जा चुके हैं। साथ ही जॉर्डन और मिस्र से भारतीय नागरिकों की भारत वापसी भी सुगम बनाई जा रही है। पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि देश में घरेलू एलपीजी आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और कहीं भी गैस खत्म होने जैसी स्थिति सामने नहीं आई है। उन्होंने कहा कि व्यावसायिक एलपीजी आपूर्ति प्रभावित हुई थी, लेकिन अब उसे 70 प्रतिशत तक बहाल कर दिया गया है। प्राकृतिक गैस की 100 प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है, जिसमें घरेलू जरूरतों और सार्वजनिक परिवहन को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने बताया कि जिन राज्यों ने पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) नेटवर्क के विस्तार में सहयोग दिया है, उन्हें 10 प्रतिशत अतिरिक्त कमर्शियल एलपीजी दी जा रही है। वर्तमान में 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अतिरिक्त एलपीजी उपलब्ध कराई जा रही है।



## आजम खां और बेटे अब्दुल्ला की 7-7 साल की सजा बरकरार

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ फर्जी पैन कार्ड मामले में सेशन कोर्ट का फैसला
■ बेटे को चुनाव लड़ाने के लिए बढ़ाई थी उम्र

**रामपुर।** सपा नेता आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम को सात-सात साल की सजा को बरकरार रखा है। रामपुर कोर्ट ने पैन कार्ड फ्रॉड से जुड़े दो अलग-अलग मामलों में यह फैसला सुनाया था।

इससे पहले एमपी-एमएलए कोर्ट ने भी दोनों को सात साल की सजा दी थी। इसके खिलाफ आजम खां और उनके बेटे ने सेशन कोर्ट में अपील की थी। मामला 2019 का है, जब भाजपा नेता और रामपुर नगर विधायक आकाश सक्सेना ने कोतवाली सिविल लाइंस में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने अब्दुल्ला आजम पर अलग-अलग जन्मतिथि से दो पैन कार्ड बनवाने की शिकायत की थी। जांच में आजम खां को भी आरोपी बनाया गया था। रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने 17 नवम्बर 2025 को दोनों को दोषी ठहराया था। कोर्ट ने दोनों को 7-7 साल की सजा सुनाई और 50-50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया था। इस सजा के बाद से समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता आजम खां और अब्दुल्ला आजम जिला जेल में बंद हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### 'स्मार्ट सिटी' बस विस्तार के विरोध में हड़ताल

**श्रीनगर।** 'स्मार्ट सिटी' बस सेवाओं के जिला मार्गों तक विस्तार के प्रस्ताव के विरोध में परिवहन चालकों की हड़ताल के कारण सोमवार को श्रीनगर सहित कश्मीर के कई हिस्सों में जनजीवन और यातायात आंशिक रूप से प्रभावित रहा। हड़ताल के चलते सड़कों पर सामान्य दिनों की तुलना में काफी कम यातायात देखने को मिला। श्रीनगर के प्रमुख मार्गों पर वाहनों की आवा. जाही न्यूनतम रही, क्योंकि परिवहन चालकों ने 'चक्का जाम' के आह्वान पर अपने वाहन नहीं चलाए। इसका सबसे ज्यादा असर आम यात्रियों और छात्रों पर पड़ा। कई लोग अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच सके, जबकि कश्मीर विश्वविद्यालय में परीक्षा देने जा रहे अभ्यर्थियों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। बाद में प्रभावित छात्रों के लिए विशेष परीक्षा आयोजित करने की घोषणा की गई। हड़ताल का आह्वान परिवहन चालकों ने सरकार की उस योजना के विरोध में किया, जिसके तहत 'स्मार्ट सिटी' बस सेवाओं को शहर से बाहर जिला मार्गों तक विस्तारित करने की तैयारी है।

### आजमगढ़ में सात करोड़ के नशीले पदार्थ किए गए स्वाहा

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले में नशा तस्करों के मंसूबों को राख में मिलाते हुए पुलिस प्रशासन ने ऑपरेशन दहन' के अंतर्गत भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थों का विनष्टीकरण किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. अनिल कुमार के निर्देश पर जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी ने न्यायालय के आदेशों का पालन करते हुए करोड़ों रुपये की नशीली खेप को भट्टी में झोंक. कर नष्ट कर दिया। जिले में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में आज आजमगढ़ पुलिस द्वारा यह कार्रवाई कराई गई।

# महिला आरक्षण पर उप्र में छिड़ा सियासी घमासान

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ प्रदेश सरकार ने 30 अप्रैल को विधानमंडल का विशेष सत्र बुलाने के प्रस्ताव को देर रात मंजूरी दी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने 2027 के विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए महिला आरक्षण के मुद्दे पर अपनी राजनीतिक रणनीति तेज कर दी है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश सरकार ने 30 अप्रैल को विधानमंडल का विशेष सत्र बुलाने के प्रस्ताव को रविवार रात कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के जरिए मंजूरी दे दी। संसद में नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक के पारित न हो पाने के बाद इस मुद्दे पर सियासत गरमा गई है।

विपक्ष जहां विधेयक की खामियों को गिनाकर अपने विरोध को सही ठहरा रहा है, वहीं भारतीय जनता पार्टी इस मुद्दे को लेकर विपक्ष पर हमलावर है और इसे चुनावी रणनीति का अहम हिस्सा बना रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही इस मामले में विपक्ष पर तीखा हमला बोल चुके हैं। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में विपक्ष के रवैए की तुलना 'द्रौपदी चीरहरण' से करते हुए इसे महिला सम्मान और लोकतंत्र के लिए दुर्भाग्यपूर्ण बताया था। सरकारी सूत्रों के अनुसार 30 अप्रैल को होने वाले इस विशेष सत्र में सरकार महिला आरक्षण पर अपनी स्थिति स्पष्ट करेगी और विपक्ष के रुख को लेकर उसे घेरने की रणनीति अपनाएगी। सत्र के दौरान विपक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाने की भी चर्चा है। चूंकि सत्र बुलाने के लिए सदस्यों को कम से कम सात दिन पहले सूचना देना जरूरी होता है, इसलिए प्रस्ताव को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के जरिए मंजूरी दी गई। अब इसे राज्यपाल की स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। सरकार का आरोप है कि विपक्ष महिला सशक्तीकरण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर भी राजनीति कर रहा है। वहीं, विपक्ष इस विधेयक को अधूरा और खामियों से भरा बताते हुए सरकार की मंशा पर सवाल उठा रहा है। ऐसे में 30 अप्रैल को होने वाला यह विशेष सत्र सिर्फ विधाई कार्यवाही तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच सीधी राजनीतिक टकराहट का मंच भी बनेगा, जहां दोनों पक्ष महिला आरक्षण जैसे संवेदनशील मुद्दे पर जनता के सामने अपनी-अपनी रणनीति और संदेश रखने की कोशिश करेंगे।

### महिला आरक्षण पर अजय राय ने केंद्र सरकार को घेरा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने सोमवार को केंद्र सरकार पर महिला आरक्षण को लेकर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मुद्दे पर विरोधाभासी बयान दे रहे हैं और देश की जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय पर प्रेस कांफ्रेंस में अजय राय ने कहा कि वर्ष 2023 में प्रधानमंत्री द्वारा महिला आरक्षण विधेयक को लेकर विपक्ष को बधाई दी गई थी, जबकि हाल ही में दिए गए संबोधन में कांग्रेस को ही इसके पारित न होने के लिए जिम्मेदार ठहराया गया। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री का 'दोहरे मापदंड' वाला रवैया बताया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने महिला आरक्षण को जनगणना और परिसीमन से जोड़कर इसके लागू होने में जानबूझकर देरी की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शुरू से ही इस विधेयक को तत्काल लागू करने की मांग करती रही है और अपने 'न्याय पत्र' में भी इसका उल्लेख किया था कि सरकार बनने पर इसे तुरंत लागू किया जाएगा।

# मोदी सरकार की विदेश नीति पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

नई दिल्ली, वार्ता



■ शांति वार्ता में पाकिस्तान की मेजबानी पर भारतीय कूटनीति में बदलाव जरूरी: जयराम

कांग्रेस ने सरकार पर पाकिस्तान को उसकी नीतियों के कारण अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग करने में विफल रहने का आरोप लगाते हुए कहा है कि जिस देश को विदेश मंत्री एस. जयशंकर 'दलाल' बता रहे थे, उसी को दूसरी बार अमेरिका-ईरान शांति वार्ता की मेजबानी का मौका मिल रहा है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोमवार को एक बयान में इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की विदेश नीति के लिए झटका बताया और कहा कि अब कूटनीतिक तथा रणनीतिक स्तर पर बदलाव की सख्त जरूरत है। उन्होंने विदेश मंत्री पर भी निशाना साधा और कहा कि बहुत जानकार और हमेशा सलीके से पेश आने वाले विदेश मंत्री ने जिस देश को 'दलाल' बताया था, वही आज अमेरिका-ईरान शांति वार्ता के दूसरे दौर की मेजबानी कर रहा है। बारह अप्रैल को पहले दौर की वार्ता पूरी होने के बाद पाकिस्तान ने सऊदी अरब और कतर से छह अरब डॉलर का कर्ज लिया, ताकि संयुक्त अरब अमीरात के 3.5 अरब डॉलर के कर्ज को चुका सके और 1.43 अरब डॉलर के यूरोबॉन्ड की एक किश्त का भुगतान कर सके। रमेश ने कहा कि पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था गंभीर संकट में है और वह मित्र देशों की सहायता पर निर्भर है, इसके बावजूद वह एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने ओसामा बिन लादेन जैसे सभी आतंकवादियों को शरण दी, अफगानिस्तान में ड्रग पुनर्वास केंद्रों पर बमबारी की और हाल में पहलगाम आतंकवादी हमले की साजिश रची। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट है कि मोदी की क्षेत्रीय और वैश्विक कूटनीति पाकिस्तान को अलग-थलग करने में विफल रही है, जबकि नवम्बर 2008 के मुंबई आतंकवादी हमले के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के समय भारत ने पाकिस्तान पर प्रभावी दबाव बनाया था।

# होटल की 15वीं मंजिल से कूदकर युवा वकील ने की आत्महत्या

नई दिल्ली, वार्ता

■ मृतक की पहचान महावीर एन्क्लेव निवासी राजेश सिंह के रूप में हुई

दिल्ली उच्च न्यायालय में प्रशिक्षु के तौर पर कार्यरत 26 साल के एक वकील ने कथित तौर पर कनॉट प्लेस स्थित 'द रॉयल प्लाज़ा' होटल की 15वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली।

पुलिस ने सोमवार को बताया कि इस घटना की जानकारी शनिवार रात करीब 9:15 बजे कनॉट प्लेस थाने को मिली। इसके बाद थाना प्रभारी (एसएचओ) के नेतृत्व में पुलिस की टीमें तुरंत घटनास्थल पर पहुंचीं। मृतक की पहचान महावीर एन्क्लेव निवासी राजेश सिंह के रूप में हुई है। शुरुआती जांच में पता चला है कि उन्होंने शुक्रवार शाम करीब 6:30 बजे होटल में चेक-इन किया था। जांच के दौरान यह पाया गया कि सिंह ने कथित तौर पर होटल की 15वीं मंजिल से छलांग लगा दी थी। उन्हें तुरंत लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अपराध शाखा की टीम और फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) के अधिकारियों ने घटनास्थल का मुआयना किया और सबूत जुटाए। जांच के हिस्से के तौर पर होटल परिसर के सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि परिवार वालों के बयानों के आधार पर, इस घटना में किसी भी तरह की साजिश या गड़बड़ी की आशंका नहीं है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सुरक्षित रखवा दिया गया है और संबंधित कानूनी प्रावधानों के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## अब किसान बिना फार्मर रजिस्ट्री के भी गेहूं सरकारी क्रय केंद्रों पर बेच सकेंगे

# गेहूं खरीद में उप्र के किसानों को बड़ी राहत

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ किसानों को हो रही असुविधा को ध्यान में रखते हुए उप्र सरकार का अहम फैसला, गर्मी और बढ़ते तापमान को देखते हुए योगी ने सतर्कता और तैयारी का दिया संदेश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के किसानों को बड़ी राहत देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गेहूं खरीद को लेकर अहम फैसला लिया है। अब किसान बिना फार्मर रजिस्ट्री के भी अपना गेहूं सरकारी क्रय केंद्रों पर बेच सकेंगे।

सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सरकार ने यह निर्णय किसानों को हो रही असुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया है। हाल के दिनों में फार्मर रजिस्ट्री की अनिवार्यता के कारण कई किसानों को गेहूं बेचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री ने तत्काल प्रभाव से व्यवस्था में ढील देने के निर्देश दिए। नई व्यवस्था के तहत किसान पूर्व के वर्षों की तरह सीधे क्रय केंद्रों पर जाकर अपना गेहूं बेच सकेंगे। इससे विशेष रूप से छोटे और सीमांत किसानों को राहत मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इस फैसले को तुरंत लागू किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी किसान को गेहूं बिक्री में परेशानी न हो। सरकार के इस कदम को किसानों के हित में एक महत्वपूर्ण निर्णय माना जा रहा है, जिससे गेहूं खरीद प्रक्रिया में तेजी आने के साथ ही किसानों को समय पर भुगतान मिलने का रास्ता भी आसान होगा। वहीं भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान को देखते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों के नाम एक भावनात्मक और जागरूकता से भरपूर संदेश जारी किया है। इसमें उन्होंने जहां मौसम के बदलते चक्र और उसके प्रभावों पर चिंता जताई, वहीं सरकार की तैयारियों और नागरिकों के लिए जरूरी सावधानियों का भी विस्तार से उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जैसे मौसम का एक निश्चित चक्र होता है, वैसे ही फसलों का भी चक्र चलता है।

### बंगाल में योगी का टीएमसी पर तीखा प्रहार

**मेदिनीपुर।** पश्चिम बंगाल में चुनावी सरगर्मी के बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिगला विधानसभा क्षेत्र में अपनी पहली जनसभा को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में नौजवान परेशान, किसान हताश और उद्योग-धंधे चौपट हैं, जबकि तृणमूल कांग्रेस सरकार तुष्टिकरण की राजनीति में व्यस्त है। भाजपा प्रत्याशी स्वागता मन्ना और सुवेंदु सामंत के समर्थन में आयोजित सभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि बंगाल में सैंड, कोल, लैंड और कैटल माफिया सक्रिय हैं, जो राज्य के संसाधनों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। उन्होंने राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें 'जय श्रीराम' के नारे से चिढ़ है और धार्मिक आयोजनों में बाधाएं उत्पन्न की जाती हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में उत्तर प्रदेश का उदाहरण देते हुए कहा कि वर्ष 2017 से पहले वहां भी कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब थी, लेकिन अब 'नो कर्फ्यू-नो दंगा' का माहौल है।


काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010


## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 78520.30
निफ्टी 24364.85



सोना 152998
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)




चांदी रु. 239934
प्रति किलो



# बैंकिंग शेयरों में लिवाली से चढ़े प्रमुख सूचकांक

मुंबई, वार्ता



बैंकिंग शेयरों में लिवाली से सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में प्रमुख सूचकांक मामूली बढ़त में बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 26.76 अंक (0.03 प्रतिशत) चढ़कर 78,520.30 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 11.30 अंक यानी 0.05 प्रतिशत ऊपर 24,364.85 अंक पर पहुंच गया। बाजार में आज काफी उतार चढ़ाव देखा गया। विशेषकर शुरुआती कारोबार में बढ़त में खुलने के बाद प्रमुख सूचकांक पिछले कारोबारी दिवस के स्तर के मुकाबले ऊपर. नीचे होते रहे। कोराबार की समाप्ति से पहले भी कुछ देर के लिए सेंसेक्स लाल निशान में गया था, लेकिन अंत में ऊपर बंद हुआ। बीच कारोबार में यह ऊपर 78,942.45 अंक तक और नीचे 78,203.30 अंक तक गया। प्रमुख सूचकांकों के विपरीत वृहत बाजारों में बिकवाली हावी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचक. ांक 0.19 फीसदी और स्मॉलकैप- 100 सूचकांक 0.45 प्रतिशत की गिरावट में बंद हुआ। सार्वजनिक बैंकों, मीडिया, ऑटो, तेल एवं गैस और वित्तीय समूहों के सूचकांक हरे निशान में रहे। आईटी, धातु, निजी बैंकों, एफएमसीजी, रसायन, स्वास्थ्य और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के सूचकांक लाल निशान में रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में ट्रेंट का शेयर सवा तीन प्रतिशत से ज्यादा चढ़ा। भारतीय स्टेट बैंक में ढाई फीसदी, एशियन पेंट्स में दो फीसदी और एनटीपीसी तथा बजाज फाइनेंस में एक फीसदी से अधिक की तेजी रही।

इंडिगो, इटरनल, महिंद्रा एंड महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक और पावरग्रिड के शेयर भी हरे निशान में रहे।एलएंडटी और बीईएल में एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही। एचसीएल टेक्नोलॉजीज, कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फिनसर्व, आईटीसी, एचडीएफसी बैंक, टेक महिंद्रा, इंफोसिस, सनफार्मा और टाइटन के शेयर भी टूट गए।

# कानुपर में हुई 'सूर्य रथ' की शुरूआत हर घर सोलर का अभियान तेज

कानपुर, वार्ता



उत्तर प्रदेश में पहली बार कानपुर नगर से आज 'पीएम सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना' के अंतर्गत सिटी एक्सीलरेटर प्रोग्राम का भव्य शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन यूपी नेडा के सहयोग से नेशनल सोलर एनर्जी फेडरेशन ऑफ इंडिया तथा रॉकी माउंटेन इंस्टीट्यूट द्वारा किया गया, जिसका उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में रूफटॉप सोलर को बढ़ावा देना तथा आम नागरिकों तक इसकी पहुंच सुनिश्चित करना है।

कार्यक्रम में नीलिमा कटियार, विधायक, कल्याणपुर तथा दीक्षा जैन, मुख्य विकास अधिकारी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर राकेश पाण्डेय, परियोजना अधिकारी, यूपी नेडा द्वारा सिटी एक्सीलरेटर प्रोग्राम के अंतर्गत संचालित किए जाने वाले विभिन्न जागरूकता अभियानों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। उन्होंने बताया कि यह पहल शहरी क्षेत्रों में रूफटॉप सोलर को अपनाने की प्रक्रिया को तेज करने, नागरिकों को योजना से जोड़ने तथा उनके बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी लाने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई है। श्रीमती कटियार ने अपने संबोधन में कार्बन उत्सर्जन, जलवायु परिवर्तन एवं सोलर पैनल के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा अपनाकर न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दिया जा सकता है, बल्कि भविष्य की ऊर्जा आवश्यकताओं को सतत, सुरक्षित एवं किफायती बनाया जा सकता है।

कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण 'सोलर रथ' रहा, जिसे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रथ शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर नागरिकों को योजना के प्रति जागरूक करेगा तथा उन्हें रूफटॉप सोलर अपनाने के लिए प्रेरित करेगा।


स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com


# उधमपुर बस हादसे पर प्रियंका गांधी ने जताया शोक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में यात्री बस के गहरी खाई में गिरने से हुए हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है। सोशल मीडिया साइट पर सोमवार को जारी अपने संदेश में उन्होंने लिखा, जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में यात्री बस के गहरी खाई में गिरने की वजह से 21 लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें।

शोक-संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के रामनगर क्षेत्र के खगोते के पास एक यात्री बस हादसे का शिकार हो गई है, जिसमें 21 लोगों की मौत हो गई है। रिपोर्ट के मुताबिक करीब छह लोग घायल हुए हैं। कुछ की हालत गंभीर है। मौके पर राहत और बचाव कार्य जारी है। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में पहुंचाया गया है।

# संस्कृत राष्ट्र की आत्मा: मोहन भागवत

नई दिल्ली, वार्ता



■ लोगों से की सीखने की अपील

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने संस्कृत को राष्ट्र की आत्मा बताते हुए लोगों से इसे सीखने अपील की है। भागवत ने दिल्ली में दीनदयाल उपाध्याय मार्ग पर स्थित संस्कृत भारती के केंद्रीय कार्यालय के उद्घाटन के मौके पर सोमवार को कहा कि संस्कृत भारती एक ऐसी संस्था है जो संस्कृत को एक जीवंत और व्यापक रूप से प्रयुक्त भाषा के रूप में बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। संस्कृत भाषा के पुनरुत्थान और वैश्विक प्रसार में अग्रणी संस्था संस्कृत भारती का नवनिर्मित केंद्रीय कार्यालय भवन 'प्रणव' नौ मंजिला है और यह अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। श्री भागवत ने कहा कि अक्षयं तृतीया के दिन जो कार्य प्रारंभ होते हैं, वह अक्षुण्ण रहते हैं। यही बात संस्कृत के बारे में कहा गया है। कभी न क्षय होने वाला आभूषण संस्कृत है। उसका कार्यालय अपने आप में यह संदेश दे रहा है। कार्यालय के उद्घाटन में उसके आनंद उत्साह में कार्य का भाव भी स्थिर होना चाहिए। रुचि के साथ प्रयोजन भी हो, तो कार्य अच्छा और निरंतर होता है। साधन नहीं अवस्था में कार्य आरम्भ होता है। उन्होंने कहा, ष्संस्कृत एक भाषा है। फिर भी यह मात्र एक भाषा नहीं है। भारत में संस्कृत राष्ट्र की आत्मा है, क्योंकि यह विचार, जीवन और संस्कृति की सबसे प्राचीन परंपरा है। एक ऐसी परंपरा जो आज भी जीवंत है, जो भारत में विद्यमान है। उन्होंने भारत के दार्शनिक विचार को और विस्तार से समझाते हुए कहा कि भारत का अस्तित्व मात्र एक भौगोलिक तथ्य नहीं है। यह महज एक राजनीतिक या आर्थिक इकाई नहीं है। भारत एक जीवंत परंपरा है, वह आधारशिला जिस पर जीवन की निरंतरता टिकी हुई है।ष संघ प्रमुख ने संस्कृत भाषा के साथ अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि बचपन में जब स्कूल में संस्कृत पढ़ाई जाती थी, तो यह कठिन लगती थी। पाठ्यक्रम में श्लोकों को याद करना अनिवार्य था, जिससे यह धारणा बनी कि संस्कृत एक कठिन भाषा है। फिर भी जब मैंने उन्हीं श्लोकों को घर पर स्वाभाविक रूप से बोलते हुए सुना, तो वे मुझे कभी भी कठिन नहीं लगे। उन्होंने कहा यह समस्या आज भी बनी हुई है। छात्र संस्कृत को एक कठिन भाषा मानते हैं, लेकिन सवाल यह है कि यह इतनी कठिन क्यों लगती है? वास्तव में, किसी भाषा को सीखने का सबसे सरल और प्रभावी तरीका पाठ्यपुस्तकों के माध्यम से नहीं, बल्कि बातचीत के माध्यम से है। उन्होंने कहा कि किसी भी भाषा को सीखने का सबसे आसान तरीका उसमें पूरी तरह डूब जाना और नियमित रूप से उसका उपयोग करना है। उन्होंने कहा जब भी मैं भारत भर में यात्रा करता हूं, भले ही मुझे विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं की विशिष्ट शब्दावली का ज्ञान न हो, फिर भी मैं भाव और अर्थ को समझ पाता हूं। निरंतर सुनने और बोलने से भाषा सहजतापूर्वक और बिना किसी प्रयास के सीखी जा सकती है। इसलिए भाषा सीखने का सबसे अच्छा तरीका है कि आप उस भाषा को बोलने वाले लोगों के बीच रहें, उन्हें सुनें और लगातार उस भाषा को बोलें। उन्होंने कहा कि पिछले 15 वर्षों में संस्कृत के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण में परिवर्तनकारी बदलाव साफ रूप से दिखाई दे रहा है। बदलती परिस्थितियां लोगों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से फिर से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित कर रही हैं।

# मणिपुर में पारदर्शिता के साथ जरूरी कदम उठाए सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मणिपुर में पिछले तीन वर्षों से जारी हिंसा और अशांति को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चुप्पी साध रखी है, जबकि राज्य में लगातार हिंसा की घटनाएं हो रही हैं और कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है।

कांग्रेस सांसद बिमोल अको. इजाम ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में मोदी पर मणिपुर हिंसा को लेकर गंभीर नहीं होने का आरोप लगाया और कहा कि पिछले तीन वर्षों से मणिपुर 'जल रहा है' लेकिन मोदी ने अब तक इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया और न ही राज्य का दौरा किया। उन्होंने कहा कि श्री मोदी की यह चुप्पी और उदासीन रवैया राज्य के लोगों की पीड़ा के प्रति उनकी असंवेदनशीलता को दर्शाता है। उंन्होने कहा कि हाल के दिनों में भी राज्य में लगातार हिसक और दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं सामने आई हैं, जो यह दर्शाती हैं कि स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। उन्होंने मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से तत्काल हस्तक्षेप कर हालात को नियंत्रित करने और राज्य में शांति बहाल करने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि राज्य में जारी हिंसा और अस्थिरता से आम लोगों का जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। बिमोल अकोइजाम ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस समिति ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए इस संबंध में प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा है। पार्टी ने हालिया घटनाओं, विशेषकर दो बच्चों की हत्या के मामले की त्वरित और निष्पक्ष जांच कर दोषियों को सख्त सजा दिलाने के साथ ही आयोग अधिनियम, 1952 के तहत न्यायिक जांच आयोग गठित कर वहां हो रही घटनाओं को लेकर पूरे मामले की जांच कराने की भी मांग की है।

# घूरने पर बुजुर्ग की चाकू मारकर हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सीलमपुर इलाके मे घूरने पर हुए विवाद मे एक युवक ने बुजुर्ग की चाकू मारकर हत्या कर दी, हालांकि बताया जा रहा है मृतक के बेटो को जब यह पता लगा कि उनके पिता को आरोपी ने चाकू मारे है उसके बाद उन्होंने आरोपी के घर पर हमला कर दिया, ओर इस हमले मे आरोपी भी घायल हुआ है।

पुलिस ने दोनों पक्षों की तरफ से मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक बुजुर्ग की पहचान इस्माइल (65) के रूप मे हुई है जबकि आरोपी युवक की पहचान दानिश के रूप मे हुई है स सोमवार सुबह करीब 8 बजे मृतक ई-ब्लॉक, सीलमपुर स्थित अपने घर के सामने बैठकर चाय पी रहे थे तभी दानिश वहां से गुजर रहा था, इस्माइल ने दानिश को घूरकर देखा तो दानिश इसी बात पर नाराज हो गया ओर दोनों मे तीखी झड़प शुरू हो गयी, देखते ही देखते झड़प मारपीट मे बदल गयी स दानिश ने चाकू निकालकर इस्माइल पर ताबड़तोड़ चाकू से वार कर दिए स जिससे इस्माइल बुरी तरह घायल हो गया जिसे जगप्रवेश चन्द अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया स



पुलिस के अनुसार 20 अप्रैल की सुबह करीब 8:30 बजे सूचना मिली कि चाकू से घायल एक व्यक्ति को जेपीसी अस्पताल ले जाया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत अस्पताल पहुंची, जहां घायल इस्माइल पुत्र लुकमान को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

जांच में पता चला कि सुबह इस्माइल अपने घर के पास मोहम्मद इरशाद पुत्र निवाजुद्दीन के साथ बैठा था। इसी दौरान आरा.पी दानिश वहां से गुजर रहा था। मृतक द्वारा घूरे जाने पर आरोपी पुराने विवाद के कारण नाराज हो गया और उसे गाली देने लगा, जिससे दोनों के बीच झगड़ा शुरू हो गया। इसी बीच शाहिद अली मौके पर पहुंचा और उसने बीच-बचाव करने की कोशिश की। हालांकि, आरोपी ने उस पर मुक्कों से हमला किया, जिससे उसकी आंख में चोट आ गई। इसके बाद आरोपी ने चाकू निक.ाला और मृतक के सीने, पेट और सिर पर कई वार करके घायल कर दिया,इस्माइल को नजदीकी जगप्रवेश चंद अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया स

इस्माइल पर हुए हमले की खबर सुनकर उसके पुत्र जफर उर्फ जीशान और फैजान बदला लेने के इरादे से वहां पहुंचे और दोनों पक्षों मे हाथापाई हुई। हाथापाई के दौरान फैजान और जीशान ने दानिश और उसके परिवार के सदस्यों पर हमला किया, जिससे दानिश को सीने और शरीर के अन्य हिस्सों पर चोटें आई, घायल दानिश को जेपीसी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस सम्बन्ध मे मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## कबूतरों को दाना खिलाने वालों पर सख्ती, तीन महीने में 76 चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में जगह-जगह पर कबूतरों को दाना खिलाने वालों के खिलाफ नई दिल्ली पालिका परिषद लगातार कार्रवाई कर रही है। इस वर्ष के शुरुआती तीन महीने में 76 चालान किए गए हैं। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में दाखिल ताजा रिपोर्ट में एनडीएमसी ने कहा कि दाना खिलाने के स्थान पर नियमित रूप से सफाई अभियान चलाया जा रहा है। रिपोर्ट में एनडीएमसी ने कहा कि कबूतरों को दाना खिलाने वाली जगहों की पहचान करने के लिए सफाई पर्यवेक्षक कर्मचारियों द्वारा एक सर्वेक्षण किया गया था और इसके बाद जनवरी में 23, फरवरी में 14 और मार्च में 39 चालान जारी किए गए थे।

# मोबाइल लूट का विरोध करने पर महिला की कर दी हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** रात आदर्श नगर इलाके में मोबाइल लूटने का विरोध करने पर बदमाशों ने दंपती पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में बीच बचाव कर रही महिला राखी की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं उसका पति आशु की हालत गंभीर बनी हुई है। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

उत्तर पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त आकांक्षा यादव ने बताया कि रविवार रात करीब 9 बजे आदर्श नगर थाना पुलिस को आजादपुर के पास रेलवे ट्रैक किनारे स्थित टीपीटी सेंटर झुग्गी में पति-पत्नी पर चाकू से हमला करने की जानकारी मिली। इस दौरान थाना प्रभारी विपिन कुमार इलाके में गश्त कर रहे थे। सूचना मिलते ही वह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल दंपती को पास के बाबू जगजीवन राम अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने राखी को मृत घोषित कर दिया, वहीं उसके पति आशु का इलाज चल रहा है।

पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की छानबीन शुरू की। पुलिस ने मौके पर क्राइम और फोरेंसिक टीम को बुलाया। टीम ने वहां से साक्ष्य हासिल किए। जांच में पता चला कि राखी अपने पति आशु और बेटे के साथ रेलवे ट्रैक किनारे स्थित टीपीटी सेंटर झुग्गी में रहती थी। आशु इलाके में गुब्बारा बेचता है। स्थानीय लोगों से पूछताछ में पता चला कि रविवार को तीन बदमाशों ऋतिक, कुणाल और अरबाज ने आशु के बेटे से मोबाइल फोन लूट लिया था। रात में तीनों बदमाशों के उसके घर के पास पहुंचने पर आशु का उनसे विवाद हो गया।

हाथापाई के दौरान बदमाशों ने आशु पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला करने लगे। जिसे देखकर राखी बीच बचाव करने पहुंची। बदमाशों ने उसपर भी चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर वहां से भाग गए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आशु बयान देने की हालत में नहीं है। सूचना पर पुलिस ने हत्या और हत्या का प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है।

# पीजी व डीएनबी पाठ्यक्रम में सीटों की 108 अतिरिक्त सीटों का प्रस्ताव किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में मेडिकल शिक्षा को बढ़ावा देने और हेल्थकेयर सर्विस को और अधिक मजबूती प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने दिल्ली के विभिन्न सरक.ारी अस्पतालों एवं संस्थानों में वर्ष 2026 के लिए स्नातकोत्तर और डीएनबी कोर्स और फेलोशिप पाठ्यक्रम में 108 अतिरिक्त सीटों का प्रस्ताव किया है। विभाग के इस महत्वपूर्ण पहल से दिल्ली में मेडिकल एजुकेशन, ट्रेनिंग और स्पेशल हेल्थकेयर सर्विस को और ज्यादा मजबूती मिलेगी।स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने वर्ष 2026 के लिए राजधानी दिल्ली के विभिन्न सरकारी अस्पतालों एवं संस्थानों में पीजी (एमडी/एमएस) और डीएनबी कोर्स की सीटों की संख्या में 103 सीटें बढ़ाने की अनुशंसा की है।

इस प्रकार पीजी, डीएनबी और फेलोशिप के लिए कुल मिलाकर 108 सीटें प्रस्तावित हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अनुसार दिल्ली के अलग-अलग प्रमुख अस्पतालों के लिए पोस्टग्रेजुएट कोर्स की 67 सीटें और डीएनबी की 36 सीटें प्रस्तावित की गई हैं। तो वहीं, फेलोशिप पाठ्यक्रम के अंतर्गत 05 सीटें प्रस्तावित हैं, जिनमें से 3 सीटें गुरु तेग बहादुर हॉस्पिटल और 2 सीटें दिल्ली स्टेट कैंसर संस्थान के लिए प्रस्तावित हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के मुताबिक स्नातकोत्तर कोर्स में मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज में एमडी/एमएस की सबसे अधिक 35 सीटें, डॉक्टर बाबा साहेब आंबेडकर मेडिकल कॉलेज में एमडी/एमएस की 24 सीटें, दिल्ली स्टेट कैंसर संस्थान में एमडी/एमएस की 4 सीटें, यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेज में एमडी/एमएस की 4 सीटें प्रस्तावित हैं।



**स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने वर्ष 2026 के लिए राजधानी दिल्ली के विभिन्न सरकारी अस्पतालों एवं संस्थानों में पीजी ( एमडी/एमएस ) और डीएनबी कोर्स की सीटों की संख्या में 103 सीटें बढ़ाने को लेकर बैठक की अनुशंसा करते मंत्री।**

## एक नजर

### अखिल भारतीय कवि सम्मेलन व सम्मान समारोह आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जगदीश टावर न्यू उस्मानपुर दिल्ली-53 पर भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर स्वामी कृष्णानंद आर्य बालाश्रय चेरिटेबल ट्रस्ट एवं ब्राह्मण समाज ने हिन्दी अकादमी दिल्ली सरकार के सहयोग से एक अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। जिसमें दिल्ली की पूर्व मेयर और वर्तमान में चेयरमैन स्टेंडिंग कमेटी दिल्ली नगर निगम सत्या शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज की। इस अवसर पर देश के सुप्रसिद्ध कवि शैल भदावरी (दिल्ली), डॉ. राधे श्याम मिश्रा (कानपुर), दीपक गुप्ता ( फरीदाबाद) , डॉ. अशोक मधुप (नोएडा), डॉ . निल वाजपेई ( हापुड़), प्रशांत उपाध्याय (शिको.हाबाद), कवयित्री संध्या त्रिपाठी (लखनऊ), प्रीति अग्रवाल (मुज्जफर नगर), युवा कवि दीपक दीप (गाजियाबाद) और अनुराग शर्मा (भिण्ड) शानदार काव्य पाठ कर के श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### सम्मान-समारोह का आयोजन



**नई दिल्ली।** आर्यसमाज देश के नव निर्माण, सामाजिक कुरीतियों के निवारण में सर्वदा अग्रणी रहा है। आज जब अंधविश्वास व युवाओं में भ्रांतियां हैं, आर्यजनों को पुन: आगे आकर प्राकृतिक संसाधनों, अंधविश्वास निवारण, स्त्री शिक्षा के लिए पुरुषार्थ करना है। ये सद्विचार मुख्य अतिथि गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने आर्यसमाज ग्रेटर कैलाश दिल्ली में अन्तर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन के सहयोगियों व कार्यकर्ताओ को अभिनंदन समारोह के ज्ञान ज्योति पर्व महोत्सव आयोजन समिति के कार्यक्रम में कही। एमेटी विश्व विद्यालय के संस्थापक डॉ.अशोक चौहान, अमिता चौहान की अध्यक्षता में आयोजित सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान सुरेन्द्र कुमार आर्य, समाजसेवी योगश मुंजाल, आर्य केन्द्रीय सभा दिल्ली के प्रमुख जोगिन्द्र खटटर, दिल्ली आर्य प्रति.निधि सभा के प्रधान धर्मपाल आर्य, महामंत्री विनय आर्य, महाशय धर्मपाल की सुपुत्री सुषमा शर्मा सहित दिल्ली की आर्य समाजों, गुरुकुलों महिला आर्य संगठनों, आर्यवीर वीरांगना दल के सैकड़ों प्रति.निधियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

### रॉक सॉल्ट के लिए टीवीसी लांच किया

**नई दिल्ली।** कैच सॉल्ट एंड स्पाइसेज, अग्रणी एफएमसीजी समूह और मल्टी बिजनेस कारपोरेशन धर्मपाल सत्यपाल ग्रुप (डीएस ग्रुप) का एक लोकप्रिय ब्रांड है। कैच सॉल्ट एंड स्पाइसेज ने अपने कैच प्रीमियम आयोडाइज्ड पिंक रॉक सॉल्ट के लिए पहली बार एक टीवी विज्ञापन लॉन्च करने का ऐलान किया है। अर्नब घटक चौधरी, जनरल मैनेजर (मार्केटिंग), कैच सॉल्ट एंड स्पाइसेस ने कहा, इस कैंपेन के जरिए हमने नमक के फायदों को एक आम रोजमर्रा के सीन में पेश करने की कोशिश की है। सुरजो दत्त, चीफ क्रिएटिव ऑफिसर - डेंट्सू क्रिएटिव वेबचटनी ने कहा, हम चाहते थे कि नमक को सिर्फ एक रसोई का जरूरी सामान न समझा जाए, बल्कि एक समझदारी भरी चीज के तौर पर देखा जाए।

## सरकारी गाड़ियां दौड़ रही बिना पीयूसी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सरकारी वाहनों की लापरवाही से प्रदूषण बढ़ने का मामला सामने आया है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण में दाखिल रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली सरकार की कई गाड़ियां बिना वैध प्रदूषण प्रमाणपत्र (पीयूसी) के सड़कों पर दौड़ रही हैं। इस नियम उल्लंघन पर 60 वाहनों के चालान भी किए जा चुके हैं। दिल्ली परिवहन विभाग के संयुक्त आयुक्त मुकेश की ओर से प्रस्तुत रिपोर्ट में बताया गया कि नवंबर 2024 में जब याचिका दायर हुई थी, तब अधिकांश सरकारी वाहनों के पास पीयूसी नहीं था। हालांकि बाद में कुछ वाहनों ने प्रमाणपत्र बनवा लिया, लेकिन अब भी कई गाड़ियां बिना पीयूसी के संचालन में हैं। रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि कुछ पुराने वाहनों को कंडेम्न कर उनका पंजीकरण रद्द किया जा चुका है या उन्हें स्क्रैप किया गया है।

इसके बावजूद कई बीएस-3 और बीएस-4 श्रेणी के वाहन अब भी उपयोग में हैं, जो अधिक प्रदूषण फैलाते हैं और वायु गुणवत्ता पर नकारात्मक असर डालते हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए दिल्ली सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) ने 7 अप्रैल 2026 को सख्त आदेश जारी किए हैं। सभी विभागों, बोर्ड, निगम और सरकारी संस्थानों को निर्देश दिया गया है कि बिना वैध पीयूसी वाली गाड़ियों का किसी भी सरकारी कार्य में उपयोग न किया जाए।

# एसिड पीने से बिगड़ी हालत एम्स के डॉक्टरों ने बचाई जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के डॉक्टरों ने बेहद गंभीर और दुर्लभ बीमारी से जूझ रहे युवक की जान बचाने में कामयाबी हासिल की है। 30 साल के युवक ने गलती से फर्श या टाइल साफ करने वाला एसिड पी लिया था। इससे उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। एम्स के डॉक्टरों ने सिर्फ दवाओं से उसे पूरी तरह ठीक कर दिया।

डॉक्टरों के अनुसार, युवक ने करीब 200 मिली हाइड्रोक्लोरिक एसिड पी लिया था। शुरुआत में उसे हल्का पेट दर्द हुआ, लेकिन उसने ज्यादा ध्यान नहीं दिया। करीब 10-15 दिन बाद उसकी हालत अचानक बिगड़ गई। उसे तेज पेट दर्द, बुखार और बार-बार खून की उल्टी होने लगी। हालत गंभीर होने पर उसे तुरंत एम्स लाया गया।

जांच में सामने आया कि युवक को एम्फाइसेमेटस गैस्ट्राइटिस नाम की बेहद खतरनाक बीमारी हो गई है। इस बीमारी में पेट की दीवार के अंदर गैस भर जाती है और संक्रमण तेजी से फैलता है। डॉक्टरों के अनुसार, यह बीमारी इतनी गंभीर होती है कि पहले इसके 60 प्रतिशत तक मामलों में मरीज की मौत हो जाती थी। एम्स के डॉक्टरों ने युवक को आईसीयू में भर्ती कर इलाज शुरू किया।

इलाज के तहत उसे नसों के जरिए तरल पदार्थ दिए गए, पेट को आराम दिया गया और हाई डोज दवाएं शुरू की गईं। इसमें दवाओं के साथ शक्तिशाली एंटीबायोटिक्स भी दी गई। इसके अलावा मरीज को खून चढ़ाया गया और नसों के जरिए पोषण दिया गया।

# यूनानी तिब्बी कांग्रेस दिल्ली स्टेट जनरल बॉडी मीटिंग सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस दिल्ली स्टेट की जनरल बॉडी मीटिंग गालिब एकेडमी, बस्ती हजरत निजामुद्दीन, नई दिल्ली में प्रो. मुहम्मद इदरीस की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। अपने भाषण में उन्होंने सेंट्रल और प्रान्तीय सरकारों की स्कीमों का फायदा उठाने पर जोर दिया। ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस यूथ विंग, एकेडमिक विंग, फार्मेसी विंग और टेक्निकल विंग के पदाधिकारी भी मीटिंग में शामिल हुए और यूनानी चिकित्सा विज्ञान को बढ़ावा देने के बारे में अपने विचार रखे। इस मौके पर ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस के सेक्रेटरी जनरल डॉ. सैयद अहमद खान ने अपने भाषण में यूनानी डॉक्टरों से इस ऑर्गनाइजेशन को और अधिक मजबूत बनाने की अपील की और पॉजिटिव सोच के साथ नेशनल लेवल पर ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस के मूवमेंट को पॉपुलर बनाने की अपील की। उन्होंने आगे कहा कि मसीह-उल-मुल्क हकीम अजमल खान के आदर्श एवं विचार नेशनल और यूनानी चिकित्सा विज्ञान के लिए समान रूप से लाभकारी हैं। इसलिए, उनके बनाए इंस्टीट्यूशन्स को और अधिक विकसित किया जाए।



**सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के चेयरमैन ली जे-योंग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आयोजित दोपहर भोज के दौरान राष्ट्रपति ली जे-म्युंग और प्रधानमंत्री मोदी के साथ एक सेल्फी ली।**

# आंबेडकर जयंती की झांकियों का हुआ स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत रत्न बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की जयंती के उपलक्ष में दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों मे झांकियां निकाली गयी, इसी कड़ी मे भारतीय बौद्ध महासभा रामनगर विस्तार शाखा द्वारा, मंडोली रोड से निकाली गयी झाकियों का पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया ओर उनको अल्पाहार वितरित किया गया। इस मौके पर सैकड़ो लोग इस कार्यक्रम मे शामिल हुए। कार्यक्रम मे उपस्थित गणमान्य लोगों ने बाबा साहब की मूर्ति पर पुष्प अर्पित किए गए और माला पहनाई। इस मौके पर शाखा के अध्यक्ष उपासक डॉ. सुनील सागर ने कहा यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हम बाबा साहेब के बताए रास्ते पर



चल रहे है ओर उनका अनुसरण कर रहे है।

आंबेडकर जयंती के बाद आने वाले अगले रविवार को बाबा साहेब की धूमधाम से झांकियां निकाली जाती है स मंडोली रोड पर जौहरीपुर, गोकलपुरी, नन्द नगरी, सीमापुरी, सुंदर नगरी, शाहदरा, बिहारी कॉलोनी, कर्दम पूरी,भगवानपुर खेड़ा,रामनगर आदि इलाको की झांकियां यहां पहुंची है जिनमे हजारों लोग हिस्सा लेते है स इस अवसर पर गिरवर सिंह गौतम, दिलावर सिंह, राकेश कर्दम, अधिवक्ता अनिल सागर, धर्मवीर सिंह, वीरेंद्र सागर, विपिन सागर, लख्मी, दीपक कुमार, शैलेन्द्र कुमार, विजय कुमार, इंद्रपाल मनोज कुमार भी उपस्थित रहे।

# कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** साहित्य प्रेमी मंडल के तत्वाधान में कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन दोपहर 3 बजे, हिंदी भवन सभागार , विष्णु दिगंबर मार्ग , नजदीक ITO , नई दिल्ली में किया गया।

इस अवसर पर प्रतिवर्ष दिए जाने वाला साहित्य भारतीय सम्मान इस वर्ष विनीत चौहान को दिया गया। इस साहित्य सम्मान में प्रशस्तिपत्र के साथ-साथ 51000 नगद पुरस्कार दिया जाता है। यह पुरस्कार महान साहित्यविद, समाज सेवी, राष्ट्र चिंतक गोस्वामी आरसी भारती जी की स्मृति में उनके यशस्वी सुपुत्र शशिकांत भारती जी द्वारा प्रदान किया जाता है। इसके अतिरिक्त तेज नारायण बेचौन जी को निराला सम्मान, अरुण जैमिनी जी को अल्हड़ बीकानेरी हास्य सम्मान, दिनेश रघुवंशी को काव्य किशोर सम्मान प्रदान किया गया। अतिथियों में सुरेश बिंदल , अरुण शर्मा , एडवोकेट शशिकांत भारती , वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश मोहन सिन्हा, सुविख्यात समा.जसेवी , कविहृदय , स्ट्रांग भारत फाऊंडेशन ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्य , दिल्ली विश्वविद्यालय में रसायन शास्त्र के प्राध्यापक डॉ अरविंद कुमार राजपूत , अनुरूप शर्मा , सुरेंद्र वर्मा, बसंत गोयल , श्याम सुंदर भाटिया,संजय पांचाल आदि उपस्थित थे।




## कंटेंट हटाने का आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** टॉपरैंकर्स एडटेक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड और CLAT 2026 AIR-1 गीताली गुप्ता के पक्ष में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में, माननीय दिल्ली हाई कोर्ट ने एक अंतरिम आदेश पारित किया है।

कोर्ट ने LPT एडटेक प्राइवेट लिमिटेड (लॉ प्रेप ट्यूटोरियल) और उससे जुड़े व्यक्तियों को गीताली गुप्ता का नाम, पहचान या छवि उपयोग करने से तथा लीगलएज के खिलाफ किसी भी कथित रूप से बदनाम करने वाले कंटेंट को प्रकाशित या प्रसारित करने से रोक दिया है।

# विजेताओं को किया गया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** जल ही जीवन है को ध्यान में रखते हुए प्लम्बेक्स इंडिया 2026 कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य केंद्र बिंदु जल प्रबंधन और शहरी जल सुरक्षा रहा। कार्यक्रम के दौरान जल स्थिरता और टिकाऊ बुनियादी ढांचे पर विशेष जोर दिया गया । कार्यक्रम को भारत सरकार के दो प्रमुख मंत्रालयों, आवास और शहरी कार्य मंत्रालय तथा जल शक्ति मंत्रालय और कायाकल्प और शहरी परिवर्तन के लिए अटल मिशन (अमृत मिशन) का समर्थन प्राप्त हुआ जो नीति और उद्योग के बीच बढ़ते समन्वय को दर्शाता है।

आईपीए के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरमीत सिंह अरोड़ा ने कहा प्लंबेक्सइंडिया 2026 ने एक बार फिर भारत की प्रमुख जल चुनौतियों से निपटने में सहयोग की शक्ति को प्रदर्शित किया है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं



फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# खुलासा: पुलिस ने नाबालिग समेत चार को किया गिरफ्तार



**गाजियाबाद।** गत 9 अप्रैल को हुई जितेंद्र चौहान नामक शख्स की हत्या का खुलासा करते हुए थाना कविनगर पुलिस ने तीन आरोपियों समेत एक बालअपचारी को हिरासत में लिया है। बता दें कि शीतल चौहान ने थाना वेव सिटी पर तहरीर देते हुए बताया था कि कुछ अज्ञात लोगों ने उनके पति जितेंद्र चौहान की गोली मारकर हत्या कर दी है और सबूत मिटाने के लिए शव को नाले में फेंक दिया है।

तहरीर के आधार पर संज्ञान लेते हुए मामले की तलाशी के लिए टीमों का गठन किया गया था। एसीपी कविनगर सूर्य बली मौर्य ने बताया कि अथक प्रयास, लोकल इनपुट, सीसीटीवी कैमरे और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपियों को महागुन सोसायटी के पीछे कच्चे रास्ते से गिरफ्तार कर लिया गया। साथ ही एक बालाचारी को ओम गेट के सामने से संरक्षण में ले लिया गया। आरोपियों के नाम गौरव पुत्र वीरेंद्र निवासी अलीगढ़ हाल पता ग्राम बमहेटा गाजियाबाद, बॉबी पुत्र बदन पाल निवासी हापुड़ हाल पता बमहेटा गाजियाबाद और विशाल पुत्र बॉबी निवासी हापुड़ हाल निवासी बमहेटा गाजियाबाद बताए रहे हैं। एसीपी के मुताबिक आरोपियों से पूछताछ में यह तथ्य प्रकाश में आए कि जितेंद्र उर्फ कालू गौरव का फुफेरा भाई था और उसने गौरव की बहन के साथ गलत संबंध बनाने की नीयत से उसके साथ जबरदस्त कर उस पर हमला किया था।

गौरव ने बताया कि ऐसा ही प्रयत्न गौरव ने उसकी मां के साथ भी किया था। इतना ही नहीं गौरव ने अपने भांजे निशांत की पत्नी के साथ भी जबरदस्ती की थी। जितेंद्र की इस हरकत से निशांत, उसका पिता बॉबी और भाई काफी गुस्से में थे। इसके बाद उन्होंने गौरव को साथ लेकर जितेंद्र को रास्ते से हटाने की योजना बना डाली। प्लानिंग के तहत उन्होंने बहाने से जितेंद्र को डायमंड फ्लाईओवर के पास बुलाया और उसकी आंखों में मिर्ची डाल दी। इसके बाद गौरव ने जितेंद्र को दो-तीन गोलियां मारी और उसे नाले में धकेल दिया, लेकिन इसके बाद भी जब वह नहीं मरा तो बॉबी ने अपने तमंचे से उसे तीन गोलियां मारी।

# पार्षद कुसुम गोयल द्वारा लगाई गई हाई मार्क्स लाइट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** वैशाली सेक्टर 1 मॉडल स्कूल के सामने क्षेत्रीय पार्षद कुसुम गोयल द्वारा हाई मार्क्स लाइट लगाई गई। जिसका उद्घाटन समाजसेवी के एल शर्मा एवं ए सी तिवारी जी द्वारा नारियल फोड़ कर किया गया पूर्व पार्षद डॉ मनोज गोयल द्वारा बताया गया कि यह क्षेत्र की प्रमुख रोड है काफी लंबे समय से अंधेरा रहता था क्षेत्र वासियों की मांग पर यह कार्य कराया गया इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता अवधेश कटिहार रविंद्र सिंह केएस राणा प्रदीप जायसवाल अशोक गुप्ता श्यामवीर भदोरिया मोहन उनियाल विवेक मिश्रा आमोद गौतम पहलाद सिंह सहित अन्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# डॉ. केएन मोदी विश्वविद्यालय ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन



मोदीनगर! शिविर का उध्द्घाटन डा0 के0एन0 मोदी फाउंडेशन, मोदीनगर के चौयरमैन प्रो0 (डा0) डी0 के0 मोदी एवं कुलसचिव यू0एन0 मिश्रा, डा0 के0एन0 मोदी विश्वविद्यालय, मोदीनगर के कुलपति पी0एन0 ऋषीकेश जी, डा0 के0एन0 मोदी फाउंडेशन के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ0 दीपांकर शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रो0 (डा0) डी0 के0 मोदी ने रक्तदान की महत्ता को समझाते हुए सभी को रक्तदान के प्रति जागरूक किया। उन्होने कहा कि इस प्रकार के शिविर का आयोजन समय-समय पर होना चाहिए। कुलपति पी0एन0 ऋषीकेश जी ने बताया की आपके द्वारा किया गया रक्तदान अनेको लोगों की जिन्दगी बचा सकता है। यह एक महादान है। रक्तदान शिविर का आयोजन एम0 एम0 जी0 जिला हॉस्पिटल गाजियाबाद के डा० अंजुल चौधरी और डॉ0 विनोद कुमार डॉ0 सुजीत कुमार के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर संस्थान के अध्यापको एंव छात्र / छात्राओं द्वारा बढ़ चढ़ कर रक्तदान किया गया। सायं तक चले शिविर में 100 यूनिट से अधिक रक्तदान हुआ। इस अवसर पर विभिन्न संस्थानो के निदेशक, विभागाध्यक्ष, अध्यापक गण एवं छात्र/छात्राएँ उपस्थित रहे।

# कंडेरे करन समाज का सामूहिक विवाह समारोह धूमधाम से सम्पन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** कंडेरे करन समाज का सामूहिक विवाह समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कंडेरे करन समाज कल्याण संगठन (रजि) दिल्ली प्रदेश एवम् करन समाज कल्याण संगठन पश्चिमी दिल्ली द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह समारोह द रॉयल बैंक्वेट द्वारका में भव्य रूप से मनाया गया। जिसमें पश्चिमी दिल्ली की सांसद कंवलजीत सहरावत विधायक श्री पवन शर्मा बीजेपी अध्यक्ष(पश्चिमी दिल्ली) हेमंत डंग और गाजियाबाद से बीजेपी नेता वीरेंद्र कुमार कंडेरे मुख्य रूप से पधारे कण्डेरे करन समाज कल्याण संगठन (रजि) दिल्ली प्रदेश पदाधिकारी हरशरण बाछिल- संरक्षक कंछी लाल- संयोजक धरम पाल-अध्यक्ष योगी- उपाध्यक्ष राजेंद्र निर्वाण- महासचिव सूरज प्रकाश- 1 कार्यकारी महासचिव रणबीर सोलंकी- कोषाध्यक्ष शिव दयाल- मीडिया प्रभारी एवम करन समाज कल्याण संगठन पश्चिमी दिल्ली (रजि) के पदाधिकारी कल्याण सिंह- संरक्षक नानक चंद- संरक्षक गजराज सिंह-अध्यक्ष सतीश चंद्र- उपाध्यक्ष मुकेश गौड़- उपाध्यक्ष दीवान सिंह- महासचिव कैलाश चंद- संगठन मंत्री उमाशंकर- संरक्षक सोनू- प्रचार मंत्री के अलावा सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों की महनत ने समारोह को बहुत भव्य और सफल बनाया और दूर दूर आए सज्जनों ने वर और वधू को आशीर्वाद दिया जिसमें अखिल भारतीय करण समाज महासभा के अध्यक्ष कुंवर संजय सिंह और उनकी टीम मध्य प्रदेश के अध्यक्ष श्री नेतराम करण और उनकी टीम और कंडेरे समाज समिति के हरियाणा अध्यक्ष नंदकिशोर और उनकी टीम बुलंदशहर से डा. बुद्धप्रकाश और उनकी टीम ने समारोह में भाग लेकर समाज एकता और भाईचारे का परिचय दिया और वर वधू के उज्जवल भविष्य की कामना की और आशीर्वाद दिया।

# नाबालिक बच्चे का अपहरण करने के प्रयास में आरोपी को किया गिरफ्तार



**मोदीनगर।** एक व्यक्ति द्वारा उसके 8 वर्षीय पुत्र के अपहरण करने के प्रयास की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है! पुलिस अधिकारी ने बताया कि रविवार को थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने सूचना दी कि मेरा बेटा उम्र करीब 08 वर्ष घर के बाहर रास्ते में खड़ा था तभी एक व्यक्ति मेरे बेटे को पकड़ने के लिए भागा तो मेरा बेटा घर के जीने से एकदम ऊपर की ओर चढा उसके साथ- साथ उपरोक्त व्यक्ति मेरे बेटे को किडनैप करने के लिए आया। मेरे बच्चे ने शोर मचा दिया तभी घर परिवार व मौहल्ला पड़ोस के लोगों ने घेर कर उपरोक्त व्यक्ति को पकड़ लिया।

# आईटीएस यूजी कैंपस में प्रमाणपत्र वितरण समारोह का हुआ भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आई.टी.एस. यूजी कैंपस में बीसीए (डेटा साइंस) एवं बीसीए (साइबर सिक्योरिटी) के छात्रों को "ळमद ।प् वित ठनेपदमे ज्तंपदपदह च्तवहतंउ" को पूरा करने पर प्रमाणपत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम अर्न्स्ट एंड यंग एसोसिएट्स एलएलपी (म्ल) द्वारा सफलतापूर्वक संचालित किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ कैंपस के सभागार में पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन डॉ. आर.पी. चड्ढा, वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा, यूजी कैंपस की प्राचार्या डॉ. नैन्सी शर्मा, डीन एकेडमिक्स डॉ. विदुषी सिंह एवं बीबीए विभागाध्यक्ष प्रो. आदिल खान सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। दीप प्रज्वलन के पश्चात कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन हुआ, जिसने पूरे वातावरण को उत्साह एवं सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया। आई.टी.एस. द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में प्रमाणपत्र प्राप्त करने वाले छात्रों को कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की वर्तमान एवं भविष्य में उपयोगिता तथा इसके बढ़ते योगदान पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को निरंतर बेहतर प्रदर्शन करने और उत्कृष्टता की ओर अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्या डॉ. नैन्सी शर्मा ने अपने संबोधन में छात्रों को आई.टी. क्षेत्र में उभरते हुए नवीन आयामों पर चर्चा करते हुए उनके प्रति सजग रहने तथा स्वयं को उनके अनुरूप निरंतर विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों को कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर हार्दिक बधाई दी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में छात्रों को व्यवसायिक परिवेश में जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ळमद ।प्) के व्यावहारिक उपयोग से परिचित कराया गया। जेनरेटिव ए आई उन्नत कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रणालियों (जैसे बैंजळच्, इमेज जेनरेटर एवं कोड असिस्टेंट) पर आधारित है, जो टेक्स्ट, चित्र, कोड और डेटा इनसाइट्स जैसे कंटेंट का निर्माण कर सकती हैं।' वर्तमान में इसका उपयोग विभिन्न उद्योगों में कार्यों के स्वचालन, बेहतर निर्णय-निर्माण और उत्पादकता बढ़ाने के लिए व्यापक रूप से किया जा रहा है। उन्हें मार्केटिंग, वित्त, साइबर सिक्योरिटी एवं एनालिटिक्स जैसे क्षेत्रों में एआई के व्यावहारिक अनुप्रयोगों से अवगत कराया गया तथा विभिन्न एआई टूल्स और प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से उन्हें व्यावहारिक (हैंड्स-ऑन) अनुभव प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में 235 प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर आई.टी.एस. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के चेयरमैन डॉ. आर.पी. चड्ढा, यू.जी. कैंपस की प्रिंसिपल प्रोफेसर (डॉ.) नैन्सी शर्मा, यू.जी. कैंपस की एकेडमिक डीन डॉ. विदुषी सिंह, बीबीए विभागाध्यक्ष प्रोफेसर आदिल खान, कार्यक्रम समन्वयक, अभिभावक, अध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# पीडीए जनसंवाद कार्यक्रम को लेकर मोदीनगर में सपाइयों ने की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** राज चौपला स्थित कार्यालय पर समाजवादी पार्टी के आगामी पीडीए जनसंवाद कार्यक्रम (26 अप्रैल 2026) की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, व्यवस्थाओं एवं जनसंपर्क अभियान पर विस्तार से चर्चा की गई।



उल्लेखनीय है कि 26 अप्रैल 2026 को आयोजित होने वाले इस जनसंवाद कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष माननीय श्यामलाल पाल मुख्य अतिथि के रूप में एवं डॉ. राजपाल कश्यप (प्रदेश अध्यक्ष, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ) विशिष्ट अतिथि के रूप में मोदीनगर पधारेंगे।

बैठक में उपस्थित सभी वरिष्ठ साथियों एवं कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक एवं सफल बनाने हेतु अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कार्यक्रम की सफलता के लिए क्षेत्र में व्यापक स्तर पर जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा, गांव-गांव एवं वार्ड स्तर तक पहुंच बनाई जाएगी तथा अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

इसके साथ ही कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु विभिन्न व्यवस्थाओंख्रजैसे मंच व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, स्वागत, प्रचार-प्रसार एवं समन्वयख्रके लिए अलग-अलग जिम्मेदारियां कार्यकर्ताओं को सौंपी गईं!

आयोजक गिरीश मधुरिया ने क्षेत्र के सभी नागरिकों, युवाओं एवं समाज के सभी वर्गों से अपील की है कि वे 26 अप्रैल 2026 को आयोजित इस महत्वपूर्ण पीडीए जनसंवाद कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इसे ऐतिहासिक रूप से सफल बनाएं।

बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित रहे:

रमेश प्रजापति (राष्ट्रीय सचिव), कालूराम धामा, गिरीश मधुरिया, सुरेंद्र त्यागी, देवव्रत धामा, मनीष बंसल, सतेंदर शर्मा, कृष्णा रुहेला, सचिन दीक्षित, महावीर गुर्जर, प्रदीप शर्मा, सुनील दुर्वेदी, इमजोर खान, मंजीत नेहरा, सौकीन, अमित गुज्जर, जयवेंद्र, मुस्तफा, बिलाल, राजेश जाटव, बादल, दीनू खान, कमलेश चौधरी, मंजीत नेहरा, दिग्विजय कश्यप, विरेंद्र त्यागी, उत्तम त्यागी आदि लोग मौजूद रहे।

# जूनियर बालक एवं बालिका शूटिंग बॉल टूर्नामेंट का किया गया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** 45 वी उत्तर प्रदेश राज्य सब जूनियर बालक एवं बालिका का शूटिंग बॉल टूर्नामेंट (जोन 1) का आयोजन एस.डी. पब्लिक स्कूल, राजनगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद के खेल मैदान पर किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग बॉल फेडरेशन के फाउंडर चौधरी धर्मपाल सिंह द्वारा किया गया। शूटिंग बॉल एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के चौयरमैन अजय पाल प्रमुख ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। परिणाम इस प्रकार रहे। बालिका वर्ग में गाजियाबाद ने मुजफ्फरनगर को 21-15, 21- 16 से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुजफ्फरनगर दूसरे और गौतम बुध नगर तीसरे स्थान पर रहे। बालक वर्ग में गाजियाबाद ने मुजफ्फरनगर को 21-14, 21-9 से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुजफ्फरनगर दूसरे और शामली जनपद ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। एशियाई शूटिंग बॉल फेडरेशन के महासचिव श्री रविंद्र सिंह तोमर ने स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को पुरस्कार प्रदान किये। इस अवसर पर श्री पवन कुमार, राहुल कुमार, मंजीत, अभय, अंजली यादव, विद्या राजपूत, कमल मौर्य, अभय कुमार व जतिन उपस्थित रहे। बालक एवं बालिका वर्ग में पहले तीन स्थानों पर आने वाली टीम 2 से 3 मई 2026 तक वाराणसी में आयोजित होने वाली 45वीं उत्तर प्रदेश राज्य सब जूनियर बालक एवं बालिका शूटिंग बॉल चौंपियनशिप में प्रतिभाग करेगी।



# ऑल इंडिया जाट संगठन ने किया बैठक का आयोजन



**मोदीनगर।** ऑल इंडिया जाट संगठन के विस्तार के लिए संगठन की मीटिंग वैशाली गाजियाबाद में आयोजित की गयी जिसमे संगठन के नए पदाधिकारी नियुक्त किये गये। मुख्य राष्ट्रीय संरक्षक रविंद्र नेहरा व राष्ट्रीय अध्यक्ष रुपेश पुनिया ने बताया कि बैठक में मुख्य पदाधिकारी मुख्य संरक्षक चौधरी रविंदर नेहरा अध्यक्ष डॉ रूपेश पूनिया मुख्य सलाहकार बीपी सिंह बालियान महासचिव दीपक चौधरी मोदीनगर अध्यक्ष सौदान चिकारा संरक्षक घनश्याम बेनीवाल सचिव चौधरी नरेश कोषाध्यक्ष कृष्णवीर युवा अध्यक्ष दीपक सांगवान कार्यकारिणी सदस्य देवराज मलिक चौधरी नरेंद्र चौधरी सिंटू नेहरा चौधरी चौधरी हरीश नेहरा चौधरी जांगू नेहरा नीरज नेहरा मौजूद रहे, इस मीटिंग में पंकज चौधरी को वैशाली गाजियाबाद का अध्यक्ष नियुक्त किया व संजीव सिरोही को उपाध्यक्ष नियुक्त किया संगठन विस्तार हेतु पदाधिकारी नियुक्त किए गए।

# आईटीएस डेन्टल कॉलेज में मनाया गया विश्व मौखिक स्वास्थ्य माह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आई.टी.एस डेन्टल कॉलेज के प्रोस्थोडोंटिक्स एवं पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभागों के द्वारा विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस को विश्व मौखिक स्वास्थ्य माह के रूप में मनाया गया। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम ए हैप्पी माउथ इज ए हैप्पी माइंड थी। इस दिन को विश्वभर में मौखिक स्वास्थ्य तथा इसके लाभों एवं इसके महत्व के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए इसे विश्व मौखिक दिवस के रूप मे मनाया जाता है। आई.टी.एस. - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ. आर.पी. चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन से इस कार्यक्रम का सफल आयोजन संभव हो सका।





इस अवसर पर संस्थान ने प्रोस्थोडोंटिक्स विभाग द्वारा संस्थान के बी.डी.एस. एवं एम.डी.एस. छात्रों के लिए निबंध प्रतियोगिता, मंडला आर्ट, ई-पोस्टर प्रतियोगिता आदि जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसका उद्देश्य इस वर्ष की थीम को प्रदर्शित करना था। इसके अतिरिक्त विश्व मौखिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जन जागरूकता के लिये एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया जिसमें संस्थान के एम.डी.एस. एवं बी.डी.एस. के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंत मे विजेताओं को प्रमाण-पत्र के साथ सम्मानित किया गया। इसके अलावा विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में वृद्धावस्था रोगियों के लिए निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर आयोजित किये गये। जिनका उद्देश्य रोगियों को मौखिक स्वच्छता बनाये रखने के नियमों से अवगत कराना था। इसके साथ ही प्रोस्थोडोंटिक्स विभाग ने पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग के सहयोग से वृद्धाश्रमों में वृद्ध रोगियों एवं ग्रामीण क्षेत्रों, आस-पास के स्कूलों के लिए निशुल्क डेन्चर शिविर का आयोजन किया, जिसमें दांतों को ब्रश करने की तकनीक और पिट एवं फिशर सीलेंट तथा फ्लोराइड के प्रयोग का प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान शिविर स्थल पर मौखिक स्वच्छता के साथ सभी रोगियों को आवश्यक उपचार के बारे में बताया गया तथा संस्थान की डेन्टल ओ.पी.डी. में आने वाले मरीजों को पूर्ण और आंशिक डेन्चर और डेन्चर के रखरखाव के साथ-साथ डेन्टल इम्प्लांट के बारे में पम्पलेट वितरित किये गये। इस अवसर पर संस्थान के डायरेक्टर-प्रिंसिपल, डॉ. देवी चरण शेट्टी के साथ-साथ सभी दंत विभागों के एच.ओ.डी. तथा अन्य दंत चिकित्सक भी उपस्थित रहें। इस सफल कार्यक्रम के आयोजन करने के लिये सभी ने आई.टी.एस. - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ. आर.पी. चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा को धन्यवाद दिया।

# पार्किंग विवाद में युवक की गोली मारकर की हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्रीत विहार इलाके में पार्किंग को लेकर हुए विवाद में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान पंकज नैय्यर (34) के रूप में हुई है, जबकि आरोपी गौरव शर्मा घटना के बाद से फरार है। सोमवार तड़के ए-144, प्रीत विहार में हुई इस वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई।

पुलिस के मुताबिक, वारदात को लेकर रात 2:22 बजे और 2:26 बजे दो पीसीआर कॉल्स मिलीं, जिनमें फायरिंग और झगड़े की सूचना दी गई थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और इलाके को घेरकर जांच शुरू की। शुरुआती जांच में सामने आया कि पंकज नैय्यर और उनके बड़े भाई पारस (43) का पड़ोसी गौरव शर्मा से गाड़ी पार्क करने को लेकर विवाद चल रहा था। बताया जा रहा है कि पारस प्रीत विहार के जिस मकान में रहते हैं, उसी की एक मंजिल पर गौरव शर्मा भी किराए पर रहता था। पिछले कुछ दिनों से पार्किंग को लेकर दोनों के बीच तनातनी बनी हुई थी। रविवार देर रात यह विवाद फिर भड़क उठा, जिसके बाद पारस ने अपने भाई पंकज को नोएडा से मौके पर बुला लिया। पंकज के पहुंचने के बाद भी विवाद शांत नहीं हुआ, बल्कि कहासुनी ने उग्र रूप ले लिया।



आरोप है कि इसी दौरान गौरव शर्मा ने अवैध हथियार निकालकर पंकज नैय्यर के सीने में गोली मार दी। गोली लगते ही पंकज लहूलुहान होकर गिर पड़े और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल पंकज को तुरंत निर्माण विहार स्थित मलिक रेडिक्स हेल्थ केयर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है, वहीं इलाके के लोग भी इस सनसनीखेज हत्या से दहशत में हैं।

जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी गौरव शर्मा के पास दो गाड़ियां, एक बीएमडब्ल्यू और एक फॉरच्यूनर है। मकान में उसे केवल एक गाड़ी की पार्किंग मिली हुई थी। बताया जा रहा है कि उसकी बीएमडब्ल्यू पहले से पार्किंग में खड़ी थी, जबकि फॉरच्यूनर खड़ी करने को लेकर ही देर रात विवाद बढ़ा और मामला खूनी झगड़े में बदल गया।गौरव की पत्नी ने पुलिस को दिए बयान में दावा किया है कि उसके पति के पास कोई हथियार नहीं है। ऐसे में पुलिस इस एंगल से भी जांच कर रही है कि वारदात में इस्तेमाल किया गया हथियार कहां से आया और क्या आरोपी पहले से किसी साजिश के तहत हथियार लेकर पहुंचा था। क्राइम टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि आरोपी की शिनाख्त और उसके भागने के रास्तों का पता लगाया जा सके। पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं और संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

इस मामले में थाना प्रीत विहार पुलिस ने बीएनएस की धारा 103(1), 115(2), 3(5) और आर्म्स एक्ट की धारा 25/27 के तहत एफआईआर दर्ज की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी की तलाश तेज कर दी गई है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। फिलहाल पूरे मामले की गहन जांच जारी है।

# लैंटर का ढांचा गिरने से तीन मजदूर घायल, एक गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली : बवाना इलाके में दोपहर के वक्त एक निर्माणाधीन इमारत में लैंटर डालने के लिये खड़ा किया गया ढांचा अचानक से ढह जाने से तीन मजदूर चपेट में आ गए। पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बवाना पुलिस को दोपहर एक बजकर 40 मिनट पर एक पीसीआर कॉल मिली थी। कॉलर ने बताया कि जे-19, सेक्टर-2 बवाना इलाके में एक निर्माणाधीन इमारत का लैंटर के तैयार किया गया ढांचा गिर गया है। एक दो मजदूर को बाहर निकाल लिया गया है, लेकिन बाकी लोग अभी भी मलबे के नीचे दबे हुए हैं। पुलिस और दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे। शुरुआती जाँच से पता चला कि दो घायल मजदूरों मोहम्मद समीद और गोविंद को पहले ही सिद्धार्थ अस्पताल, बवाना

में भर्ती कराया गया,जबकि प्रमोद को महर्षि वाल्मिकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद एक मजदूर की हालत गंभीर बताई। पुलिस शुरूआती जांच में जानने की कोशिश कर रही है कि निर्माण कानूनी तरीके से हो रहा था या फिर गैर कानूनी तरीके से।

## खाने पीने की दुकान की चिमनी में भीषण आग

**नई दिल्ली।** रोहिणी के सेक्टर-11 स्थित जी3एस मॉल में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक दुकान की पहली मंजिल पर स्थित चिमनी में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि आसपास के लोगों में दहशत का माहौल बन गया। आग लगने से आसपास की दुकानों में भी आग लगने का खतरा मंडराने लगा था। दमकलकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। हादसे में लाखों का नुकसान हो गया। गनीमत यह रही कि किसी को शारीरिक रूप से नुकसान नहीं हुआ। सुरक्षा के मद्देनजर मॉल के कुछ हिस्सों को अस्थायी रूप से खाली कराया गया था। पुलिस मामला दर्ज करके आग लगने के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। हादसा उस वक्त हुआ,जब खाने पीने की दुकान की चिमनी में से धुंआ निकलने लगा था। एहतियात के तौर पर दुकान से सभी लोगों को बाहर निकाला गया। चिमनी से भयंकर तरीक से धुआं निकलने लगा था। धुआं आसपास की दुकानों में भी भरने से उनमें आग लगने का खतरा मंडराने लगा था।

# मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सरकारी गवाह बनना चाहती हैं जैकलीन फर्नांडिज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पटियाला हाउस स्थित विशेष न्यायाधीश की अदालत ने अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिज की उस अर्जी पर जवाब दाखिल करने के लिए ईडी को अतिरिक्त समय दे दिया है, जिसमें उन्होंने 200 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सरकारी गवाह बनने की अनुमति देने की मांग की है।

विशेष न्यायाधीश प्रशांत शर्मा ने मामले की अगली सुनवाई आठ मई के लिए निर्धारित की है। इसी दिन ईडी को अब अपना जवाब देना होगा। अदालत ने इससे पहले 17 अप्रैल को जैकलीन की ओर से दायर आवेदन पर ईडी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। सोमवार को सुनवाई के दौरान ईडी ने समय की मांग की थी। बता दें कि जांच के दौरान कई बार समन मिलने के बाद ईडी ने पहली बार जैकलीन फर्नांडिस को पूरक आरोपपत्र में आरोपित बनाया था। इस मामले में ठग सुकेश चंद्रशेखर मुख्य आरोपित है, जिस पर रैनबैक्सी के पूर्व प्रमोटरों शिविंदर सिंह और मलविंदर सिंह की पत्नियों से करीब 200 करोड़ रुपये की ठगी का आरोप है। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में मकोका के तहत मामला दर्ज किया है।



**मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता आजादपुर के पास गुप्ता मार्केट का निरीक्षण करतीं हुईं।**

# विकास कार्यों में लापरवाही पर रेखा गुप्ता सख्त, काम में तेजी के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आजादपुर के पास गुप्ता मार्केट, आजादपुर चौक और त्रिपोलिया चौक के साथ-साथ आसपास के इलाकों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दिल्ली मेट्रो और लोक निर्माण विभाग के चल रहे विकास कार्यों का मौके पर जाकर जायजा लिया और अधिकारियों से विस्तृत प्रगति रिपोर्ट तलब की। काम में देरी, अव्यवस्था और खराब स्वच्छता व्यवस्था को देखकर मुख्यमंत्री ने कड़ी नाराजगी जताई और अधिकारियों को सख्त फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि विकास कार्यों में लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अब काम केवल कागजों में नहीं, बल्कि जमीन पर साफ तौर पर दिखाई देना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने सभी संबंधित विभागों को सख्त निर्देश दिए कि कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए और किसी भी तरह की ढिलाई न बरती जाए। साथ ही, यह सुनिश्चित किया जाए कि काम के दौरान स्थानीय लोगों की आवाजाही, सुरक्षा और सुविधाओं पर कोई असर न पड़े और इन्हें सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, गति और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के सभी पहलुओं पर अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कार्य पूर्ण पारदर्शिता के साथ, निर्धारित समय-सीमा के भीतर और गुणवत्ता से बिना किसी समझौते के पूरे किए जाएं ताकि जनता को समय पर सभी आवश्यक सुविधाएं मिल सकें। मुख्यमंत्री ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को आदेश दिया कि आजादपुर, आदर्श नगर और त्रिपोलिया चौक में नए मास्टर प्लान के तहत ड्रेनेज सिस्टम का पुनर्निर्माण और नालों की तत्काल डीसिल्टिंग (गाद निकालना) सुनिश्चित की जाए, ताकि जलभराव का स्थायी समाधान हो सके। उन्होंने सड़कों की मरम्मत, गड्ढामुक्त रोड और फुटपाथों के सौंदर्यीकरण के माध्यम से पैदल यात्रियों के लिए सुगम व्यवस्था विकसित करने के निर्देश दिए।

## वकील ने होटल की 15वीं मंजिल से कूदकर दे दी जान

**नई दिल्ली।** द रॉयल प्लाजा होटल में एक युवा वकील की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। 19 अप्रैल की रात करीब 9:15 बजे की पुलिस को इस संबंध में सूचना मिली, जिसके बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। घटना के बाद घायल अवस्था में उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। मौके पर क्राइम टीम और एफएसएल टीम ने पहुंचकर साक्ष्य जुटाए हैं। साथ ही होटल के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

# एसिड पीने से बिगड़ी हालत एम्स के डॉक्टरों ने बचाई जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के डॉक्टरों ने बेहद गंभीर और दुर्लभ बीमारी से जूझ रहे युवक की जान बचाने में कामयाबी हासिल की है। 30 साल के युवक ने गलती से फर्श या टाइल साफ करने वाला एसिड पी लिया था। इससे उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। एम्स के डॉक्टरों ने सिर्फ दवाओं से उसे पूरी तरह ठीक कर दिया।

डॉक्टरों के अनुसार, युवक ने करीब 200 मिली हाइड्रोक्लोरिक एसिड पी लिया था। शुरुआत में उसे हल्का पेट दर्द हुआ, लेकिन उसने ज्यादा ध्यान नहीं दिया। करीब 10-15 दिन बाद उसकी हालत अचानक बिगड़ गई। उसे तेज पेट दर्द, बुखार और बार-बार खून की उल्टी होने लगी। हालत गंभीर होने पर उसे तुरंत एम्स लाया गया।

जांच में सामने आया कि युवक को एम्फाइसेमेटस गैस्ट्राइटिस नाम की बेहद खतरनाक बीमारी हो गई है। इस बीमारी में पेट की दीवार के अंदर गैस भर जाती है और संक्रमण तेजी से फैलता है। डॉक्टरों के अनुसार, यह बीमारी इतनी गंभीर होती है कि पहले इसके 60 प्रतिशत तक मामलों में मरीज की मौत हो जाती थी। एम्स के डॉक्टरों ने युवक को आईसीयू में भर्ती कर इलाज शुरू किया।

इलाज के तहत उसे नसों के जरिए तरल पदार्थ दिए गए, पेट को आराम दिया गया और हाई डोज दवाएं शुरू की गईं। इसमें दवाओं के साथ शक्तिशाली एंटीबायोटिक्स भी दी गई। इसके अलावा मरीज को खून चढ़ाया गया और नसों के जरिए पोषण दिया गया।

## डबल-डेकर फ्लाईओवर पर अक्टूबर से मेट्रो के नीचे दौड़ेंगी गाड़ियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** वजीराबाद रोड पर बन रहे डबल डेकर फ्लाईओवर का निर्माण कार्य इन दिनों बंद है। फ्लाईओवर के उतरने और चढ़ने के लिए जहां रैंप बनना है, वहां निर्माण कार्य में आड़े आ रहे करीब 80 पेड़ों को हटाने की अनुमति मिल गई है। पेड़ों को दूसरी जगह स्थानांतरित किया जाएगा। भजनपुरा में बने वर्षों पुराने भूमिगत सबवे को पीडब्ल्यूडी जल्द ही बंद करने जा रहा है। यह सबवे फ्लाईओवर के निर्माण कार्य के बीच में आ रहा है।

# दिल्ली में बिजली हो सकती है महंगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बिजली महंगी हो सकती है। दरअसल अपीलीय विद्युत न्यायाधिकरण ने 30,000 करोड़ के बकाये पर मोहलत देने से इनकार कर दिया है। ऐसे में गर्मी में एसी, कूलर और पंखे की ठंडी हवा के लिए दिल्ली के उपभोक्ताओं को अधिक जेब ढीली करनी होगी।अपीलीय विद्युत न्यायाधिकरणने दिल्ली विद्युत नियामक आयोगकी उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम्स) के लगभग 30,000 करोड़ रुपये के बकाये चुकाने के लिए अतिरिक्त समय मांगा गया था।डीईआरसी ने एप्टेल में दलील दी थी कि यदि इस भारी-भरकम बकाये के भुगतान के लिए मोहलत दे दी जाए तो उपभोक्ताओं पर अचानक बोझ नहीं पड़ेगा और बिजली टैरिफ में एक साथ तेज बढ़ोतरी को रोका जा सकेगा।

मगर न्यायाधिकरण इस दलील से सहमत नहीं हुआ और मौजूदा पुनर्भुगतान शेड्यूल का पालन करने का निर्देश दे दिया। यह फैसला अगस्त 2025 में सुप्रीम कोर्ट के दिए गए निर्देशों के बाद आया है।

## लू चलेगी चढ़ेगा पारा

**नई दिल्ली।** तापमान बढ़ने से दिन के साथ रातें भी अब गर्म होने लगी हैं। फिलहाल तापमान में और अधिक बढ़ोतरी की संभावना है। 25 अप्रैल तक मौसम ज्यादातर गर्म और शुष्क रहने की आशंका है। इस दौरान अधिकतम तापमान लगभग 40 से 43 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20 से 24 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। शुरुआती दिनों 20-22 अप्रैल में आसमान मुख्यत: साफ रहेगा, जबकि बाद के दिनों 23-25 अप्रैल में आसमान में आंशिक तौर पर बादल छाए रह सकते हैं। मौसम विभाग के अनुसार 22 से 24 अप्रैल के बीच कुछ स्थानों पर लू (हीटवेव) चलने की स्थिति बन सकती है।



**दिल्ली प्रदेश राष्ट्रवादी कांग्रेस की बैठक में चुनावों के मद्देनजर रणनीति पर चर्चा करनते नेतागण।**

# एनसीपी की आम सभा की बैठक संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश राष्ट्रवादी कांग्रेस की आज यहां बैठक आमंत्रित हुई जिसमें चुनावों के मद्देनजर भावी रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता पाटी के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह ने की।

परशुराम जयंती के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित पाटी के सभी पदाधिकारियों ने भगवान परशुराम जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की एवं भगवान परशुराम के आदर्शों पर प्रकाश डाला।

इसके बाद आहूत बैठक में सभी पदाधिकारियों और सहयोगियों ने राजधानी में होने वाले चुनावों की तैयारियों और रणनीतियों पर विचार किया गया। सभी ने एक स्वर दिल्ली की जनता को भरपूर सेवा करने, उनके हितार्थ काम करने का संकल्प लिया। पाटी अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि दिल्ली में आगामी चुनावों को लेकर हमें एकजुट होकर अभी से तैयारियां करनी होंगी।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम को रोकने के प्रयास की निंदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के साथ दिल्ली की दो प्रसिद्ध वरिष्ठ शिक्षाविदों रमा शर्मा प्रिंसिपल हंसराज कॉलेज एवं रूबी मिश्रा प्रिंसिपल भगिनी निवेदिता कॉलेज ने एक पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करके कांग्रेस, आम आदमी पार्टी एवं समाजवादी पार्टी सहित विपक्षी दलों की नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रति नकारत्मक कुटिलता की निंदा की है और कहा है कि भारत की आधी आबादी इस षड्यंत्र के लिए इन राजनीतिक दलों को कभी माफ नहीं करेगी।

वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि जो कांग्रेस, समाजवादी एवं ष्आपष जैसे दलों के नेता संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को गिरा कर कुटिल मुस्कान दिखा रहे थे वो यह जान लें कि उनके अपने दलों की महिला कार्यकर्ता भी उनसे रूष्ट हैं और पहली सजा उन्हे वो कार्यकर्ता ही देंगी। उन्होंने कहा कि 50 फीसदी सीटे बढ़ना और उसमें मातृशक्ति को प्रतिनिधिनित्व देना कहा से गलत है। आपका निर्णय तय करता है कि आपका भविष्य क्या होगा और आज विपक्ष ने जो निर्णय लिया है, उससे साबित होता है कि कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और जिन पार्टी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को रोकने का प्रयास किया है, उनकी पार्टी में महिलाओं का भविष्य अंधकारमय है। दिल्ली भाजपा उपाध्यक्ष योगिता सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस का संचालन किया।

हंसराज कॉलेज की प्रिंसिपल रमा शर्मा ने कहा कि एक महिला परिवार और समाज के साथ ही राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देती है। कॉलेज में बेटियों की उपस्थिति अधिक हो गई और साथ ही अब तो परिणाम भी बेटियां बेहतर करने लगी है। उन्होंने कहा कि देश में सिर्फ 33 फीसदी की बात पर अगर विपक्ष नहीं तैयार हुआ तो वह 50 फीसदी पर कैसे राजी होगी। भगिनी निवेदिता कॉलेज की प्रिंसिपल रूबी मिश्रा ने कहा कि मैं इस समय एक ऐसे क्षेत्र में काम कर रही हूँ जो राजधानी में होते हुए भी अभी विकास की दृष्टि से बहुत पीछे है।

वहाँ की बेटियाँ आज भी शिक्षा के लिए संघर्ष कर रही हैं। वे अपने घरों से लड़कर पढ़ने आती हैं। हाल ही में जब मैं कॉलेज गई, तो कई छात्राएँ मेरे पास आकर खड़ी हो गईं और एक ही सवाल पूछने लगीं "मैम, ऐसा क्यों हुआ? हमेशा हमारे साथ ऐसा ही क्यों होता है?" ये सवाल सिर्फ एक नीति का नहीं है, बल्कि उनकी उम्मीदों का है।नारी शक्ति वंदन अधिनियम से इन लड़कियों को बहुत उम्मीद थी।

# श्रद्धालुओं को माला पहनाकर शुभ यात्रा का संदेश दिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा चार धाम यात्रा का शुभारंभ किया गया। दिल्ली से भी काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने चार धाम के लिए प्रस्थान किया। इस अवसर पर भाजपा नेता, मां गंगा के अनन्य भक्त डॉ. संजीव अरोड़ा गंगापुत्र ने मंदिर मार्ग स्थित श्री बिरला मंदिर के प्रांगण में भव्य कार्यक्रम आयोजित कर चार धाम जाने वाले श्रद्धालुओं को अमृत गंगाजल, तुलसी की माला तथा मां गंगा आरती की पुस्तक दी और सभी को शुभयात्रा का संदेश दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री और उत्तराखंड के प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम, राष्ट्रीय संत स्वामी चंद्र देव जी महाराज एवं आचार्यरामगोपाल शुक्ला उपस्थित रहे।

अक्षय तृतीया पर गंगाजल वितरण के बारे में डॉ. अरोड़ा ने कहा कि दिल्ली के प्रसिद्ध सामाजिक संस्था इंदरपुर संजीवनी द्वारा गत नौ वर्षों से लगातार गंगा स्वच्छता पर जागरुकता फैलाकर, नि:शुल्क गंगाजल बांटकर, मां गंगा के प्रति लोगों की आस्था जगाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नमामि गंगे मिशन में अपना योगदान करते आ रहे हैं।

# बाल विवाह की रोकथाम को मनाया सतर्कता दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा व बाल विवाहों की रोकथाम के लिए काम कर रहे एनजीओ बेसिक फाउंडेशन ने अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाहों की रोकथाम के लिए सतर्कता दिवस मनाया।

इसमें बाल विवाह निषेध अधिकारी व आशा यूनिटों ने भी सहयोग दिया और जिले में बाल विवाह की रोकथाम का संकल्प दोहराया। बेसिक फाउंडेशन जिला प्रशासन, स्कूलों और धर्मगुरुओं के साथ मिलकर जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए स्कूलों और बस्तियों में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता अभियान चला रहा है और जिले में हजारों लोगों को बाल



विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई है।

जिले में अब तक बाल विवाह के खिलाफ अभियान की सफलता पर संतोष जाहिर करते हुए बेसिक फाउंडेशन की अध्यक्ष बबीता कुमारी ने कहा कि अक्षय तृतीया के शुभ दिन की आड़ में बाल विवाह जैसे अपराध को कतई स्वीकार नहीं किया जा सकता। प्रशासन व नागरिक समाज संगठनों की सतर्कता से अब अक्षय तृतीया के दिन होने वाले बाल विवाहों की संख्या में खासी कमी आई है लेकिन हमें इसे पूरी तरह रोकने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि चंद वर्षों पहले तक लोगों को यह भी नहीं पता था कि नाबालिग बच्चों की शादी बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम , 2006 के तहत दंडनीय अपराध है। इसमें किसी भी रूप में शामिल होने या सेवाएं देने पर दो साल की सजा व जुर्माना या दोनों हो सकता है। इसमें बाराती और लड़की के पक्ष के लोगों के अलावा कैटरर, साज-सज्जा करने वाले डेकोरेटर, हलवाई, माली, बैंड बाजा वाले, मैरेज हाल के मालिक और यहां तक कि विवाह संपन्न कराने वाले पंडित और मौलवी को भी अपराध में संलिप्त माना जाएगा और उन्हें सजा व जुर्माना हो सकता है। लेकिन जमीन पर हमारे गहन जागरूकता अभियानों से जागरूकता बढ़ी है।

जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन 250 से भी ज्यादा सहयोगियों के साथ बाल विवाह की ऊंची दर वाले देश के 450 से भी ज्यादा जिलों में इस अपराध के खिलाफ अभियान चला रहा है।

# गला घोंटकर की पत्नी की हत्या, पति की तलाश जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आनंद पर्वत इलाके के एक कमरे में अल्मोड़ा, उत्तराखंड निवासी तान्या (19) का शव मिलने के बाद से महिला का पति फिरोजाबाद, यूपी निवासी शंभु यादव (23) फरार है। पुलिस की दो टीमें उसकी तलाश में हैं।

तान्या अपने पति शंभु यादव के साथ नई बस्ती, आनंद पर्वत इलाके में किराए के मकान में रहती थी। दोनों एक ही फैक्टरी में काम करते थे। तीन माह पूर्व ही दोनों ने शादी करने के बाद इस मकान में किराये पर रहना शुरू किया था। रविवार सुबह लोगों ने तान्या के कमरे का दरवाजा खुला देखा। पड़ोसियों ने अंदर जाकर देखा तो फर्श पर तान्या का शव पड़ा था। फौरन मामले की सूचना पुलिस को दी गई। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। बाद में क्राइम टीम व एफएसएल को मौके पर बुला लिया गया। पूछताछ के दौरान स्थानीय लोगों ने बताया कि शनिवार शाम को आखिरी बार शंभु को देखा गया था। उसके बाद से वह गायब है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से मामले की छानबीन की जा रही है।

# फसल में आग से लाखों का नुकसान, विभाग पर लापरवाही के आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** दादरी गांव में उस वक्त दर्दनाक मंजर देखने को मिला, जब किसानों की महीनों की मेहनत कुछ ही पलों में आग की भेंट चढ़ गई। खेतों में लहलहाती गेहूं की फसल अचानक धधक उठी और देखते ही देखते करीब 5 बीघा फसल जलकर राख हो गई। आग की लपटों में घिरती अपनी फसल को देखकर किसानों की आंखों से आंसू छलक पड़े और पूरा गांव बेबसी का गवाह बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, खेत में खड़ी सुनहरी फसल अचानक आग की चपेट में आ गई। तेज हवाओं के कारण आग ने कुछ ही मिनटों में विकराल रूप ले लिया। किसान बाल्टियों और ट्यूबवेल के सहारे आग बुझाने की



कोशिश करते रहे, लेकिन आग इतनी भयंकर थी कि उस पर काबू पाना उनके बस से बाहर था।।घटना के बाद किसानों में आक्रोश भी साफ देखने को मिला। उनका आरोप है कि खेतों के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइनों की वजह से आए दिन इस तरह की घटनाएं होती रहती हैं। कई बार विभाग से शिकायत की गई और लाइनों को हटाने की मांग भी उठाई गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। किसानों का कहना है कि लापरवाही का खामियाजा उन्हें अपनी मेहनत और फसल गंवाकर भुगतना पड़ रहा है। आग की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत करते हुए आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। खड़ी पूरी फसल जलकर राख हो चुकी थी। किसान लाखों के नुकसान के साथ खामोश खड़े अपनी बर्बादी को देख रहे थे। इस घटना ने फिर ग्रामीण इलाकों में सुरक्षा और व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। किसानों का कहना है कि अगर समय रहते विद्युत लाइनों की समस्या का समाधान किया जाता, तो शायद आज उनकी मेहनत यूं राख में न बदलती। अब पीड़ित किसान प्रशासन से मुआवजे और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# हत्या के बाद फरार आरोपी पकड़ा पुलिस ने किया खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र के ग्राम अब्दुलापुर में हुए जसवीर हत्याकांड का पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए खुलासा कर दिया। मामले में संलिप्त मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त फावड़ा भी बरामद किया है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

थाना प्रभारी के अनुसार, जनपद में अपराध की रोकथाम और वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस लगातार सक्रिय थी। इसी क्रम में मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने ग्राम सौगढ़ की ओर जाने वाले रास्ते पर घेराबंदी कर नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुनील पुत्र डालचंद



निवासी ग्राम अब्दुल्लापुर थाना गढ़मुक्तेश्वर के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपी ने जसवीर की हत्या में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। इसके बाद उसकी निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त फावड़ा बरामद कर लिया। थाना प्रभारी का कहना है कि हत्या के इस मामले में गहन जांच की जा रही है और घटना के पीछे के कारणों को खंगाला जा रहा है। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश करने की तैयारी की जा रही है।

# खुशियों में खलल: पत्नी ने पहुंचकर रुकवाई पति की दूसरी शादी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** आवास विकास क्षेत्र स्थित एक होटल में चल रही शादी उस वक्त अचानक बवाल में बदल गई, जब नाच-गाने और खुशियों के बीच एक महिला की एंट्री ने पूरे माहौल को बदल दिया। सजी-धजी बारात और शादी की रस्मों के बीच महिला ने पहुंचते ही शादी रुकवा दी, जिससे मौके पर मौजूद सैकड़ों लोग हैरान रह गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार्यक्रम पूरे उत्साह के साथ चल रहा था। तभी अचानक एक महिला अपने परिजनों के साथ होटल में पहुंची और दूल्हे पर गंभीर आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। महिला ने साफ शब्दों में कहा कि वह दूल्हे की पत्नी है और जब तक उसका तलाक नहीं हो जाता, वह



दूसरी शादी किसी भी हाल में नहीं होने देगी। महिला की इस घोषणा के बाद शादी का माहौल तनाव में बदल गया। महिला ने बताया कि उसकी शादी वर्ष 2020 में हुई थी और उससे एक बेटी भी है। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही ससुराल पक्ष ने उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया और करीब दो महीने की बच्ची के साथ घर से निकाल दिया। तब से वह अपने मायके में रह रही है। महिला ने यह भी बताया कि उसने न्यायालय में मामला दर्ज कर रखा है और अभी तक तलाक की प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है। महिला और उसके परिजनों के विरोध के चलते दोनों पक्षों में तीखी नोकझोंक हुई, जो देखते ही देखते धक्का-मुक्की में बदल गई। स्थिति बिगड़ती देख मौके पर कोतवाली नगर पुलिस पहुंची और किसी तरह दोनों पक्षों को शांत कराया। पुलिस ने समझाइश देकर बातचीत कराने की कोशिश की, लेकिन महिला अपने फैसले पर अड़ी रही और साफ कह दिया कि बिना तलाक के वह अपने पति की दूसरी शादी नहीं होने देगी। घटना के बाद शादी की रस्में रोक दी गई और पूरे कार्यक्रम में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। वहीं, इस घटनाक्रम ने शादी में शामिल लोगों को भी सोचने पर मजबूर कर दिया कि एक पल में कैसे खुशियों का माहौल विवाद में बदल गया।

# धूमधाम से निकली भगवान परशुराम की शोभायात्रा, जयकारों से गूंजा शहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर भगवान श्री परशुराम का जन्मोत्सव शहर में पूरे श्रद्धा, उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया। कैला देवी स्थित मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शोडशोपचार पूजन और आरती का आयोजन हुआ, जिसके बाद निकली विशाल शोभायात्रा ने पूरे शहर को भक्तिमय माहौल में रंग दिया। रविवार दोपहर शुभ अभिजीत मुहूर्त में भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा के विद्वानों के मार्गदर्शन में भगवान परशुराम का विधिवत पूजन संपन्न हुआ।

सायं करीब चार बजे फीगंज रोड से भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। जैसे ही शोभायात्रा आगे बढ़ी, जयकारों से पूरा वातावरण



गूंज उठा। हजारों की संख्या में सर्व ब्राह्मण, त्यागी और सनातन समाज के लोग शोभायात्रा में शामिल हुए। ढोल-नगाड़ों की थाप पर श्रद्धालु नाचते-गाते हुए 'भगवान परशुराम की जय' के उद्घोष करते चले। आकर्षक झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं, वहीं बैंड की धुन पर बजते भक्ति गीतों ने माहौल को और अधिक उल्लासमय बना दिया। शहर के विभिन्न स्थानों पर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। रेलवे रोड पर भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा की ओर से सुंदर शिविर लगाकर श्रद्धालुओं के लिए शिकंजी, ठंडा जल और अन्य पेय पदार्थों की व्यवस्था की गई। देर रात तक चली इस शोभायात्रा में शामिल सभी अतिथियों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पंडित आशुतोष शुक्ला, डा. करुण शर्मा, अमित शर्मा टोनी, अनुज अग्रवाल, पंडित अजय पाण्डेय, मित्र प्रसाद काफ्ले, पंडित देवी प्रसाद, अतुल भारद्वाज, विनोद पाण्डेय और भरत श्रीहान सहित अनेक लोगों ने सेवा भाव से योगदान दिया। आयोजकों ने कार्यक्रम में सहयोग देने के लिए प्रशासन और मीडिया का आभार भी व्यक्त किया।

# अवैध हथियारों के साथ दो आरोपी पकड़े, बुलेट बाइक भी बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना धौलाना पुलिस ने ग्राम शौलाना में हुई फायरिंग की घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध हथियारों के साथ एक बुलेट मोटरसाइकिल भी बरामद की है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने दोनों के खिलाफ विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी के अनुसार, शौलाना गांव में हाल ही में हुई फायरिंग की घटना के बाद आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही थी। इसी क्रम में मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने निधावली नहर पटरी से पिलखुवा देहात की ओर जाने वाले मार्ग पर घेराबंदी कर दो संदिग्ध युवकों को पकड़ा। पूछताछ में दोनों ने फायरिंग की घटना में शामिल होने की बात स्वीकार की। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अंकित शर्मा पुत्र स्व. देवेंद्र शर्मा निवासी ग्राम रसूलपुर थाना जारचा जनपद गौतमबुद्धनगर और तुलसी शर्मा उर्फ तरुण पुत्र विष्णुदत्त शर्मा निवासी ग्राम खैरपुर खैराबाद थाना पिलखुवा जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। पुलिस ने तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से एक अवैध पिस्टल .32 बोर मय तीन जिंदा कारतूस, एक अवैध तमंचा .315 बोर मय एक जिंदा कारतूस और एक बुलेट मोटरसाइकिल बरामद की है। बरामद हथियारों को जब्त कर लिया गया है। जांच में यह भी सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी तुलसी शर्मा उर्फ तरुण का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके खिलाफ हत्या, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर एक्ट के तहत पूर्व में भी मुकदमे दर्ज हैं।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में फरार चल रहा आरोपी पुलिस ने दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात पुलिस ने स्वर्ग आश्रम रोड स्थित मेडिकल स्टोर और मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान में करीब सात दिन पहले हुई चोरी की घटना का सफल खुलासा करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से नकदी, मोबाइल फोन, अवैध चाकू और घटना में प्रयुक्त अर्टिगा कार बरामद की है। दोनों आरोपियों का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है, जिसमें हत्या, चोरी, लूट और आर्म्स एक्ट जैसे गंभीर मामलों में एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।

थाना प्रभारी के अनुसार, स्वर्ग आश्रम रोड पर स्थित मेडिकल स्टोर और मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान में हुई चोरी के बाद से ही आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही थी।

इसी क्रम में मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने धनौरा कट के पास घेराबंदी कर दो संदिग्ध युवकों को पकड़ लिया। पूछताछ में दोनों ने चोरी की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नीरज पुत्र बल्ले सिंह निवासी ग्राम बदनौली थाना हापुड़ नगर और प्रिंसपाल उर्फ कविंद्र पुत्र चंद्रपाल निवासी न्यू शांति नगर थाना क्रासिंग रिपब्लिक जनपद गाजियाबाद के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 6,300 रुपये नकद, सफेद धातु के दो सिक्के, चोरी से संबंधित दो मोबाइल फोन, दो अवैध चाकू और घटना में प्रयुक्त अर्टिगा कार बरामद की। बरामद सामान को कब्जे में लेकर पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। जांच में सामने आया कि आरोपी नीरज का आपराधिक इतिहास लंबा है और उसके खिलाफ गाजियाबाद व हापुड़ के विभिन्न थानों में चोरी, ठगी, आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस एक्ट के तहत कई मुकदमे दर्ज हैं। वहीं, दूसरे आरोपी के खिलाफ भी गंभीर धाराओं में मामले दर्ज बताए जा रहे हैं।

## एक नजर

### ऑपरेशन शस्त्र में बड़ी कार्रवाई, अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** 'ऑपरेशन शस्त्र' अभियान के तहत थाना बाबूगढ़ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सोशल मीडिया पर अवैध असलहा के साथ वायरल हुए युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से अवैध हथियार भी बरामद किया है। इस कार्रवाई से अवैध शस्त्रों के प्रदर्शन पर सख्त संदेश गया है। थाना प्रभारी के अनुसार, सोशल मीडिया पर एक युवक का अवैध असलहा के साथ फोटो और वीडियो तेजी से वायरल हो रहा था। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना बाबूगढ़ पुलिस ने तत्काल संज्ञान लिया और साइबर टीम की मदद से वीडियो में दिखाई दे रहे युवक की पहचान कराई। जांच में युवक की पहचान विकल कुमार कसाना पुत्र यशपाल सिंह निवासी ग्राम मुजफ्फरा बागडपुर थाना बाबूगढ़ जनपद हापुड़ के रूप में हुई। पहचान होने के बाद पुलिस ने बिना देर किए कार्रवाई करते हुए आरोपी की तलाश शुरू की। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने ग्राम मुदाफरा से कोटा हरनाथपुर जाने वाले रास्ते पर घेराबंदी कर युवक को दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से अवैध असलहा बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### दहेज उत्पीड़न का आरोपरू विवाहिता ने पुलिस अधीक्षक से की सख्त कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में एक विवाहिता ने अपने पति और ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर न्याय की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, डोली वर्मा पुत्री योगेंद्र, निवासी ग्राम सौन्द्रा (मोदीनगर) ने बताया कि उसकी शादी 1 दिसंबर 2020 को केशवनगर (हापुड़) निवासी राजन लाल वर्मा के साथ हुई थी। विवाह के बाद उसे दो पुत्रियां हुईं। पीड़िता का आरोप है कि बेटियों के जन्म के बाद से ही उसे ससुराल पक्ष द्वारा प्रताड़ित किया जाने लगा। पीड़िता के अनुसार, कई बार पारिवारिक स्तर पर समझौते के प्रयास भी किए गए, लेकिन स्थिति में सुधार नहीं हुआ। उसने आरोप लगाया कि ससुराल पक्ष की ओर से उस पर लगातार दबाव बनाया जाता रहा। पीड़िता ने अपनी शिकायत में यह भी कहा है कि 19 अप्रैल को दोपहर के समय उसके साथ मारपीट की गई और उसे धमकाया गया। घटना के बाद वह खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। विवाहिता ने पुलिस अधीक्षक से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए आरोपियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शिकायत प्राप्त हुई है और मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### रास्ता न देने पर युवक व भतीजे को लाठी-डंडों से पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गांव बागड़पुर में रास्ता देने को लेकर हुए मामूली विवाद के बाद पिकअप चालक ने अपने साथियों को बुलाकर युवक और उसके भतीजे के साथ लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र के ग्राम बागड़पुर निवासी जितेन्द्र सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने साथी गिरिराज के साथ मोटरसाइकिल से खेत में काम कर रहे मजदूरों के लिए खाना लेकर जा रहा था। आरोप है कि घर के पास रास्ते में एक बोलेरो पिकअप खड़ी थी, जिससे रास्ता अवरुद्ध हो रहा था। इस पर उसने पिकअप चालक से वाहन साइड में करने को कहा, लेकिन चालक ने अभद्र भाषा का प्रयोग करना शुरू कर दिया। पीड़ित के अनुसार विरोध करने पर चालक ने फोन कर गांव के ही जयंत और निर्मल को बुला लिया, जो कुछ अन्य अज्ञात लोगों के साथ मौके पर पहुंचे और घर के सामने ही मारपीट शुरू कर दी।तहरीर में बताया गया कि जब उसका भतीजा राजा बीच-बचाव के लिए आया तो आरोपियों ने उसके साथ भी लाठी-डंडों से मारपीट की शोर-शराबा सुनकर जब आसपास के लोग इकट्ठा होने लगे तो आरोपी गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# भाकियू भानू की जनपद की टीम में हो सकता है बदलाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गांव चितौड़ा में स्थित एक ढाबे पर पूर्व मंत्री एंव भाकियू भानू के राष्ट्रीय अध्यक्ष के बीच हुई नोकझोक के बाद चली राजनीति ने जनपद में भाकियू भानू को संजीवनी देने का काम किया है। अब सूत्र बता रहे है कि दो दिन पूर्व हुए धरने के बाद संगठन के पदाधिकारी हापुड़ जनपद में संगठन में बड़ा बदलाव करने की तैयारी कर रहा है। इसमें कुछ दिग्गज लोगों को पद देकर संगठन को ओर मजबूत करने का काम किया जाएगा। बता दें पूर्व मंत्री मदन चौहान द्वारा सोशल मीडिया पर भाकियू भानू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानू प्रताप के प्रति अभद्र शब्दों का प्रयोग किया गया था। उसके बाद दोनों ही पक्षों में ठन गई थी। 17 अप्रैल को हंगाम के बीच संगठन के प्रदेश अध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह ने गढ़ में संगठन की ताकत का अहसास कराते हुए संगठन को संजीवनी देने काम काम किया। लेकिन चर्चा है कि अब संगठन के उच्च पदाधिकारियों द्वारा हापुड़ में संगठन को ओर मजबूत करने की तैयारी कर रहा हे। इसमें कुछ दिग्गज लोगों को पद दिए जाएंगे ताकि समय समय पर संगठन की बैठक कर अधिकारियों से वार्ता करते हुए किसानों की समस्या का समाधान किया जा सकें। भाकियू भानू के प्रदेश अध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह ने बताया कि वह शुक्रगुजार है कि संगठन के अलग अलग जनपदों से आए पदाधिकारियों ने गढ़ के धरने को सफल बनाने का काम किया। इससे किसान के संगठन की ताकत का अहसास भी हुआ। उन्होंने कि संगठन को आगे बढ़ाने के लिए काफी कार्य किए जाएंगे।

# जमीनी विवाद के चलते पिता-पुत्र व महिला पर किया जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली थाना क्षेत्र के गांव माधापुर में जमीन को लेकर विवाद में हुई मारपीट, आरोप है कि भूसा लेकर जा रहे परिवार को रास्ते में रोककर नामजद आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। घटना में एक बुजुर्ग समेत महिला को गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना सिंभावली क्षेत्र के ग्राम माधापुर निवासी विक्रम सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविवार की सुबह वह अपनी पत्नी आरती, मां ओमपाली और पिता ओमप्रकाश के साथ खेत से किराये के ट्रैक्टर-ट्रॉली में भूसा भरकर ला रहे थे। आरोप है कि रास्ते में गांव के ही शेर सिंह, मांगे, योगेंद्रऔर भास्कर ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को रुकवा लिया। पीड़ित के अनुसार आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए कहा कि यह जमीन हमारी है, यहां से भूसा नहीं ले जाने देंगे। आरोपी एक राय होकर लाठी-डंडों से परिवार पर हमला कर दिया। आरोपियों ने सभी के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।ओमप्रकाश को आरोपियों ने बुरी तरह पीटा, वहीं महिला आरती के साथ भी बीच रास्ते में अभद्रता करते हुए उसके कपड़े फाड़ दिए गए और जमीन पर गिराकर लात-घूंसों से मारपीट की गई। घटना में दोनों को गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित ने पुलिस से मेडिकल परीक्षण कराकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी हुई लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के मोहल्ले से एक 15 वर्षीय किशोरी के हुई लापता बताया है, की किशोरी सुबह घर से निकली थी, जिसके बाद से उसका कोई सुराग नहीं लग पाया है। परिजनों ने काफी तलाश के बाद पुलिस में तहरीर दी, जिस पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

गढ़मुक्तेश्वर के मोहल्ला निवासी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी 15 वर्षीय देहवती जो मूल रूप से जनपद बागपत किशोरी के गांव की रहने वाली है, करीब 15 दिन पहले उनके पास गढ़मुक्तेश्वर आई थी। पीड़ित के अनुसार घर से अचानक कहीं चली गई। काफी देर तक वापस न लौटने पर परिजनों ने आसपास और रिश्तेदारों के यहां उसकी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका,पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# टीबी के लक्षण दिखें तो तुरंत जांच कराएं: मंत्री

'kkg VkbEl loknnkrk

eFkjkA प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण ने टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत प्रदेशवासियों से टीबी के प्रति जागरूक रहने और समय पर जांच कराने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति में लगातार खांसी, बुखार, वजन कम होना या कमजोरी जैसे लक्षण दिखाई दें,

तो उसे तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल में जाकर निःशुल्क जांच करानी चाहिए। मंत्री ने बताया कि टीबी एक गंभीर लेकिन पूरी तरह इलाज योग्य बीमारी है। समय पर पहचान और नियमित उपचार से मरीज पूरी तरह स्वस्थ हो सकता है।

उन्होंने लोगों से अपील की कि बीमारी को छिपाने या नजरअंदाज करने के बजाय तत्काल चिकित्सा सहायता लें। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, विधायकों, ग्राम प्रधानों और आमजन से आग्रह किया कि वे अपने अपने क्षेत्रों में टीबी के प्रति जागरूकता फैलाएं और संदिग्ध लक्षण वाले लोगों को जांच के लिए प्रेरित करें। चौधरी लक्ष्मी नारायण ने कहा कि प्रधानमंत्री के टीबी मुक्त भारत के संकल्प को सफल बनाने के लिए समाज के हर वर्ग की भागीदारी आवश्यक है।

# चतुर्वेदी वरिष्ठ नागरिक समिति ने सम्मानित किए समाज के बुजुर्ग

eFkjkA चतुर्वेदी वरिष्ठ नागरिक समिति द्वारा समाज के वरिष्ठतम हस्तियों को सम्मानित किया गया। पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार श्रीकृष्ण जन्मभूम के निकट मनभावन होटल में आयोजित इस कार्यक्रम में वक्ताओं ने अपने उद्‌बोधन में समाज और परिवार में दीर्घ आयु वाले व्यक्ति की मौजूदगी के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का शुभारंभ व्यासजी द्वारा किए गए स्वस्ति वाचन से हुआ।

कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट रूप से मौजूद संस्था के अध्यक्ष पूर्व न्यायाधीश पद्‌मनाथ चतुर्वेदी



ने शास्त्रों के माध्यम से व्याख्या करते हुए सामाजिक ताने-बाने में वरिष्ठतम व्यक्ति के महत्व और गरिमा के बारे में बताया। नगर के जाने माने चिकित्सक डा. आरके चतुर्वेदी ने इस आयोजन की भूमिका और आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

संस्था के सचिव गनेश चतुर्वेदी संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों और भविष्य की योजनाओं के बारे में सदस्यों को जानकारी दी गई।

किशन चतुर्वेदी ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि यह परंपरा कायम रहनी चाहिए, ऐसे आयोजन परिवार के लंबी आयु के सदस्यों को यह अहसास कराते हैं कि परिवार और समाज उनको किस आदर के साथ देखता है। नगर के प्रमुख व्यवसाई पवन चतुर्वेदी ने कहा कि आज हम जो भी हैं वो अपने परिवार के बुजुर्गों की वजह से ही हैं। हम इनको क्या सम्मानित करेंगे, सच तो यह है।

किठौर में सुरक्षा से खिलवाड़!

# आबादी के बीच गैस गोदाम के बाद अब पेट्रोल पंप का निर्माण

- बड़े हादसे की आहट, प्रशासन मौन
- किसान की जमीन पर कब्जे के आरोपों के बीच हजारों लोगों की जान जोखिम में
- नगर पंचायत और प्रशासन की कार्यशैली पर उठे गंभीर सवाल


आबादी के बीच स्थित गैस गोदाम।


गैस गोदाम के बराबर में जारी पेट्रोल पम्प का निर्माण कार्य।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** कस्बा किठौर में एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने न सिर्फ प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि जनसुरक्षा को लेकर भी गंभीर चिंता पैदा कर दी है। यहां एक ओर किसान की कृषि भूमि पर कथित अवैध कब्जे का आरोप है, तो दूसरी ओर उसी स्थान के समीप पेट्रोल पंप का निर्माण कार्य जारी है वह भी उस जगह के बिल्कुल पास, जहां पहले से ही आबादी के बीच गैस गोदाम संचा. लित हो रहा है। यह पूरा घटनाक्रम किसी बड़े खतरे की ओर इशारा करता नजर आ रहा है। स्थानीय निवासी सलमान पुत्र आरि ने आरोप लगाया है कि उनकी कृषि भूमि को पहले सुनियोजित तरीके से पार्किंग के लिए किराए पर लिया गया, लेकिन बाद में उस पर चारदीवारी कर स्थायी कब्जा कर लिया गया। इतना ही नहीं, आरोप है कि अब न तो जमीन खाली की जा रही है और न ही किराया दिया जा रहा है। पीड़ित का कहना है कि यह सब एक सोची-समझी साजिश के तहत हुआ है।

### न्याय की राह में बाधाएं, सिस्टम पर सवाल

पीड़ित परिवार के अनुसार, वर्ष 2024 में इस मामले को लेकर एसडीएम न्यायालय में वाद दायर किया गया था, लेकिन लंबे इंतजार के बाद भी न्याय नहीं मिल सका। आरोप है कि राजस्व विभाग के कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत से खाता संख्या 00228, खसरा संख्या 1046 की भूमि पर अवैध कब्जा कराया गया। इससे भी अधिक गंभीर बात यह है कि भूमि पैमाइश से संबंधित तहरीर के गायब होने और बाद में जमीन को 'आबादी' घोषित कर मामला सिविल कोर्ट में स्थानांतरित करने जैसे घटनाक्रम सामने आए हैं, जो पूरे सिस्टम की पारदर्शिता पर सवाल खड़े करते हैं।

### बारूद के ढेर पर बैठा कस्बा

मामले का सबसे चिंताजनक पहलू सुरक्षा से जुड़ा है। जिस स्थान पर यह विवादित निर्माण कार्य चल रहा है, उसके बिल्कुल पास पहले से ही गैस गोदाम मौजूद है वह भी घनी आबादी के बीच। अब उसी के समीप पेट्रोल पंप का निर्माण किया जा रहा है। ज्वलनशील पदार्थों के दो बड़े स्रोतों का इतने करीब होना किसी भी समय बड़े हादसे को जन्म दे सकता है। स्थानीय लोग खुद को 'बारूद के ढेर पर बैठा' महसूस कर रहे हैं और भय के साये में जीवन जीने को मजबूर हैं।

### प्रशासन की चुप्पी पर उठते सवाल

इतने गंभीर और संवेदनशील मामले के बावजूद नगर पंचायत और स्थानीय प्रशासन की चुप्पी लोगों को खटक रही है। न अवैध कब्जा हटाने के लिए कोई ठोस कार्रवाई की जा रही है, न ही सुरक्षा मानकों की जांच होती नजर आ रही है। सवाल उठ रहे हैं कि आखिर किन कारणों से जिम्मेदार अधिकारी इस पूरे मामले से आंखें मूंदे हुए हैं? क्या किसी दबाव में कार्रवाई रोकी जा रही है, या फिर लापरवाही ही इस चुप्पी की वजह है?

### टाइम बम बनता किठौर, कब जागेगा प्रशासन?

किठौर का यह मामला अब महज जमीन विवाद नहीं रहा, बल्कि यह सीधे तौर पर हजारों लोगों की सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा बन चुका है। यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो यह स्थिति किसी बड़े हादसे में तब्दील हो सकती है और उस वक्त जिम्मेदारी तय करना मुश्किल नहीं होगा।

### पीड़ित की मुख्यमंत्री से गुहार

पीड़ित परिवार ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हस्तक्षेप की मांग करते हुए जमीन को कब्जामुक्त कराने, बकाया किराया दिलाने और पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने की अपील की है। अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन इस गंभीर चेतावनी को कब तक नजरअंदाज करता है, या फिर समय रहते कोई ठोस कदम उठाकर संभावित खतरे को टालने का प्रयास करता है।

## अपना दल (एस) मेरठ परिक्षेत्र में पदाधिकारियों की हुई घोषणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अपना दल (एस) के मेरठ परिक्षेत्र में संगठन को मजबूत करने के लिए पदाधिकारियों की पहली सूची जारी कर दी गई है। क्षेत्रीय अध्यक्ष सुधीर पंवार के प्रस्ताव पर प्रदेश अध्यक्ष आर.पी. गौतम की संस्तुति एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल की स्वीकृति के बाद सूची घोषित हुई। राष्ट्रीय सचिव मुन्नर प्रजापति द्वारा जारी पत्र के अनुसार गुलवीर प्रधान, रवि चौधरी और सत्य प्रकाश पांडे को क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। अशोक कुमार, गौरव शर्मा, नीरज भारद्वाज और बलीचंद पाल को महासचिव, जबकि दिनेश भाटी, देवेंद्र मिश्रा, सतपाल शर्मा और राजवर्धन वर्मा को सचिव नियुक्त किया गया है। पवन वर्मा को कोषाध्यक्ष तथा संजय त्यागी, धनंजय सिंह व रिंकू जाटव को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। सुधीर पंवार ने बताया कि सभी छह जनपदों को प्रतिनिधित्व दिया गया है और जल्द ही दूसरी सूची जारी की जाएगी।

# घर में घुसकर मां-बेटी से मारपीट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के तारापुरी में मामूली विवाद को लेकर दबंग युवक ने घर में घुसकर किशोरी व महिला के साथ मारपीट कर दी। शोर शराबा की आवाज सुनकर आसपास के लोगों की भीड़ लग गई, भीड़ को देख हमलावर मौके से फरार हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस में मामले की जानकारी की पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई, पुलिस ने हमलावरों की तलाश शुरू कर दी। नसीम पत्नी इरशाद ने बताया पास का रहने वाला शहजाद काफी दिनों से परेशान कर रहा था। कभी घर में पत्थर फेंकता तो कभी थूकता रहता, महिला के विरोध करने पर युवक महिला से मारपीट पर उतरे हो जाता, रविवार को तंबाकू की गठिया का बहाना बनाकर घर में घुस गया, और नाबालिक बेटी इलमा से गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा, महिला के विरोध करने पर हमलावर शहजाद ने महिला के साथ भी मारपीट कर दी चीख पुकार की आवाज सुनकर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई, भीड़ को देख हमलावर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया पीड़ित ने 112 डायल नंबर कंट्रोल रूम को घटना की जानकारी दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी की पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ नाम जाद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं थाना लिसाड़ी गेट पुलिस का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है कानूनी कार्यवाही कर जल्द ही दबंगों गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

लावड़ में बाबा साहेब की प्रतिमा लगने वाले स्थान को तोड़े जाने का मामला

# नगर पंचायत लावड़ के अधिशासी अधिकारी पर कस्बे का माहौल खराब करने का आरोप

- एडीएम प्रशासन से मिले दलित समाज के लोग, चेयरपर्सन पति हाजी शकील कुरैशी रहे साथ




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** कस्बे में निर्माणाधीन अंबेडकर पार्क में जिस जगह पर बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा लगाई जानी थी उस स्थान को बिना किसी आदेश के अधिशासी अधिकारी ने नगर पंचायत कर्मचारियों द्वारा तुड़वा दिया जिसके बाद दलित समाज के काफी संख्या में लोग नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे थे और जमकर हंगामा किया था। चेयरपर्सन व सभासद राजेश देवी ने किसी तरह समझाकर उन्हें शांत किया था। अब यह मामला तूल पकड़ता जा रहा है।

सोमवार को काफी संख्या में दलित समाज के लोगों ने चेयरपर्सन पति हाजी शकील कुरैशी के साथ एडीएम प्रशासन से मुलाकात की और ज्ञापन देते हुए अधिशासी अधिकारी पर बिना किसी सरकारी आदेश के बाबा साहब की मूर्ति लगने वाले स्थान को तुड़वाने व कस्बे का माहौल खराब करने का आरोप लगाते हुए कड़ी कार्यवाही की मांग की, जिस पर एडीएम प्रशासन ने एसडीएम सरधना को जांच के आदेश दिए। वहीं दलित समाज के लोगों का कहना है कि अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार द्वारा दलित समाज की भावनाओं को आहत किया गया है। कहा कि अगर जल्द ही अधिशासी अधिकारी पर कार्यवाही नहीं की गई तो वह बड़ा आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा कि अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार द्वारा बाबा साहब का भी अपमान किया गया है। वहीं कुछ लोगों ने कहा कि चुनाव के समय पर बहुत सारे जनप्रतिनिधि और बहुत सारे नेता दलित हितैषी होने की बात करते हैं लेकिन इस प्रकरण में अभी तक किसी भी नेता या पार्टी ने अपना मुंह तक नहीं खोला जबकि हमारे समाज की वोट लेने के समय वह दलित हितैषी होने का नाटक करते हैं। हर बार बाबा साहब का अपमान किया जा रहा है। अधिशासी अधिकारी द्वारा किया गया कार्य बेहद निंदनीय है।

## शिव परिवार की विधि विधान के साथ प्राण प्रतिष्ठा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** मेरठ पोडी मार्ग पर स्थित ग्राम समसपुर के मुख्य मार्ग पर भगवान भोलेनाथ माता पार्वती परिवार सहित मूर्ति की स्थापना की गई। जिसमें श्रद्धालुओं ने प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस अवसर पर पंडित शास्त्री सुधांशु के द्वारा हवन पूजन किया गया। भोलेनाथ के परिवार के परिवार को पंचा अमृत से नहलाया गया। प्राण प्रतिष्ठा में मुख्य यजमान सोनू व पत्नी प्रीति तथा मोनू भूईयार पत्नी अनीता सहित रहे। प्राण प्रतिष्ठा के बाद शिव परिवार की मूर्ति को पूरे गांव में परिक्रमा कराई गई। जिसमें श्रद्धालुओं ने शिव के परिवार पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया, और गांव की सुख शांति एवं परिवार की लंबी आयु के लिए हवन पूजन एवं हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर वीरसिंह, धर्मेंद्र, अमित, निर्मला, कामिन्दर राणा, योगेंद्र मास्टर, अनिल शर्मा, ज्योति शर्मा, मनीष, रोहित, गोविंद शर्मा, प्रिंस कुमार, प्रदीप कुमार आदि श्रद्धालुओं ने हवन में आहुति दी।

## फर्जी मुकदमों की धमकी देकर वसूली करने वाला हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** थाना पुलिस ने फर्जी मुकदमों में फंसाने की धमकी देकर धन उगाही करने वाले गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक हिस्ट्रीशीटर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी सुबोध कुमार सक्सेना ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस ने क्षेत्र के गांव गोविंदपुर शंक. रपुर निवासी हरेंद्र पुत्र मान सिंह को बहरोड़ा मोड़ से गिरफ्तार किया है। आरोपी हरेंद्र अपने दो बेटों अंशुल और अक्षय के साथ मिलकर लोगों को झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देकर अवैध वसूली करता था। पीड़ित संजय आधना द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे में आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने साजिश के तहत निर्दोष लोगों के खिलाफ फर्जी प्रार्थना पत्र देकर उनसे धन उगाही की और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी हरेंद्र पहले से ही थाने का हिस्ट्रीशीटर है और उसके खिलाफ कई मामले दर्ज हैं। फिलहाल आरोपी को जेल भेज दिया गया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

# सरूरपुर में गौकशी का प्रयास नाकाम, दो आरोपी गिरफ्तार




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरूरपुर।** थाना क्षेत्र में पुलिस ने गौकशी के प्रयास को विफल करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से एक जिंदा गाय और गौकशी में प्रयुक्त होने वाले उपकरण भी बरामद किए हैं। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने में पुलिस को अहम सफलता मिली है। पुलिस के अनुसार 19/20 अप्रैल की रात क्षेत्राधिकारी सरधना के निर्देशन में सरूरपुर थाना पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान ग्राम जसड़ सुल्ताननगर में संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिली। सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी, जहां से दो आरोपियों को पकड़ लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शहजाद पुत्र साजिद और आसिफ पुत्र जर्रार के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उनके पास से एक जिंदा गाय, दो छुरी, एक बांका, एक सूजा और एक रस्सी बरामद की गई। पुलिस के अनुसार ये सभी सामान गौकशी में प्रयुक्त किए जाते हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे दिन के समय आवारा गायों को पकड़कर बांध लेते थे और रात के समय उन्हें जंगल में ले जाकर गौकशी की घटना को अंजाम देते थे। पुलिस ने इस खुलासे के बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

**न्यायालय माननीय सिविल जज**
**( सी0 डि0 ) महोदय, मुरादाबाद।**
**विविध वाद संख्या**- 50/2023
**तारीख पेशी:** 07.05.2026
**कुँवर रविन्द्र सिंह बनाम**
**श्रीमती सत्यवती आदि।**

**बनाम**-1. श्रीमती प्रभा सिंह पत्नी डा० लोकेन्द्र पाल सिंह, 2. श्रीमती मधुलिका सिह पत्नी डॉ० राजेन्द्रपाल सिंह, 3. श्रीमती मुक्ता मणि सिंह पत्नी श्री रणधीर सिंह रेणु एडवोकेट, 4. श्रीमती संगीता सिंह पत्नी श्री अनिल सिंह, 5. श्रीमती संदीपा सिंह पत्नी श्री रवीन्द्र प्रताप सिंह, 6. कुँवर नरेन्द्र सिंह सिंह, 7. कुँवर शैलेन्द्र सिंह पुत्रगण स्वर्गीय श्री महेंद्र सिंह समस्त निवासीगण पूर्व ग्राम हरथला मुस्तेकम निकट दैनिक जागरण कार्यालय कांठ रोड नगर व जिला मुरादाबाद, द्वारा अपने मुख्तारे आम श्री रवीन्द्र प्रताप सिंह पुत्र श्री गंगाबल सिंह वर्तमान निवासी फ्लैट नं0 200 अरूण विहार सेक्टर-28 नोयडा जिला गौतमबुद्ध नगर (उ0 प्र0), 8. रवीन्द्र प्रताप सिंह पुत्र श्री गंगाबल सिंह पूर्व निवासी (पूर्व ग्राम हरथला मुस्तेहकम) निकट दैनिक जागरण कार्यालय कॉठ रोड, नगर व जिला मुरादाबाद वर्तमान निवासी फ्लैट नं0 200 अरूण विहार सेक्टर-28 नोयडा जिला गौतमबुद्ध नगर (उ0 प्र0)। चूँकि उपरिनामांकित प्रार्थी/वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतवद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्भित करने के लिए 2026 के माह 05 के दिवस 07 को 10.00 बजे पूर्वान्ह अथवा बन्धक रुपये अनुविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा ऊपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रुप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 माह 04 दिवस 10 को निकाली गई।

**अहलमद**
**न्यायालय सिविल जज**
**( सी डि. ) मुरादाबाद।**

## दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला के साथ मारपीट, घर से बाहर निकला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लिसाड़ी गेट क्षेत्र में दहेज की डिमांड पूरी न होने पर पत्नी के साथ मारपीट करके घर से बाहर निकाल दिया। घायल महिला को पुलिस ने उपचार के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के श्याम नगर गड्ढे वाली मस्जिद रहने वाले मुन्ना ने की शादी सात साल पहले यासमीन पुत्री अशरफ निवासी हापुड़ के साथ हुई थी। पीड़ित महिला ने अपने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि देहज की डिमांड पूरी न होने पर मारपीट करते हैं। रविवार को यासमीन से पति व ससुराल के लोग कार और नगदी की लाने की बात कहने लगे महिला ने इसका विरोध किया पीड़ित महिला के साथ नंद बेबी, पति मुन्ना व भांजा सलमान और जेठ आसिफ ने मारपीट शुरू कर दी जिसमें महिला घायल हो गई।

पीड़ित महिला ने घटना की जानकारी अपने परिवार को दी। पीड़ित महिला ने बताया कि मेरी शादी को सात साल हो गए और तभी से यह लोग मुझे परेशान व मारपीट करते हैं आ रहे हैं महिला के दो बच्चे हैं एक बेटा चार साल जियान और एक बेटी माहिरा दो साल की है। महिला के मायके वाले थाने लेकर पहुंचे और पुलिस से शिकायत की है। पीड़ित महिला यासमीन ने पति व ससुराल पक्ष के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया श्री परशुराम जन्मोत्सव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगानगर।** सरला देवी विद्या पीठ बक्सर में सनातन प्रेमी सेवा समीति के तत्वाधान में भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर महायज्ञ का आयोजन किया गया, यज्ञ के आचार्य पंडित अतुल राम शास्त्री जी रहे। इसके मुख्य यजमान नवीन-सविता राजपूत ,प्रधुमन शर्मा -कविता शर्मा रहे। इस अवसर पर अनेकों प्रतिभाओं व सहयोगियों का सम्मान किया गया जिसमें मुख्य रूप से नवीन राजपूत ,सविता राजप. ूत, प्रधुमन शर्मा, कविता शर्मा , डॉक्टर अनीता शर्मा , डॉक्टर हर्षदीप शर्मा, मुकेश शर्मा, अनीता चौधरी, जयभगवान शर्मा, अनुज नागर, सुधा देवी, महेश कश्यप, रघुवंश शर्मा, विपुल सैनी, रवींद्र शर्मा अशोक शर्मा, देवेंद्र उपाध्य,जसबीर राठी, अतुल शर्मा, प्रेम कुमार शर्मा ,दीपक वर्मा, महेश शर्मा, संजोग शर्मा, देवेंद्र कौशिक, उमेश शर्मा, सतीश रस्तोगी, देबू, नंद किशोर सैनी, विवेक भारद्वाज, शिखा शर्मा उमानंद शर्मा, पंकज शर्मा, बृजमोहन कौशिक, अनुपम सिंह, सतपाल शर्मा रहें। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया। इस महायज्ञ में मुख्य रूप से उपस्थित कार्यक्रम के संयोजक राजीव शर्मा, संयोजक विनोद गौड़ दीपक वर्मा संजीव शर्मा करुणेश गौड़ सिद्धार्थ शर्मा कार्तिकेय रूद्र, उज्जवल कौशिक ओमपाल प्रजा. पति, स्वतंत्र देव मास्टर, मुकेश देववृत, संगीता शर्मा गुंजन गौड़, गार्गी शर्मा, विमला जाटव, दिनेश चौधरी, मोनू कुनकुरा, आमोद भारद्वाज, सुरेश पाल चौधरी, सहित भारी संख्या में भक्तों ने आहुति दी व प्रसाद ग्रहण किया।

## बागपत रोड स्थित कुराली बस स्टैंड पर बस में लगी भयंकर आग

ड्राइवर की सूझबूझ से बची यात्रियों की जान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** सोमवार की शाम को बागपत रोड स्थित कुराली बस अड्डे पर एक प्राइवेट बस सवारी लेकर आ रही थी तभी अचानक सीएनजी में शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। बस ड्राइवर ने सूझबूझ का परिचय देते हुए बस सड़क के किनारे लगा दी। बस में बेठी यात्रियों ने किसी तरह अपनी जान बचाई। उसके बाद आग ने भयंयर रूप धारण कर लिया। बस में लगी आग के बाद करीब एक किलोमीटर दूर तक जाम लग गया। देर से पहुंची फायर ब्रिगेड ने किसी तरह आग काबू पाया लेकिन तब तक बस पूरी तरह से जलकर खाक हो चुकी थी। वहीं ग्रामीणों का कहना था कि ड्राईवर की सूझबूझ की वजह से यात्रियों की जान बच गई।

# जनपद हो या प्रदेश किसानों को पड़ रही अव्यवस्था की मार

## रातभर ट्रैक्टर ट्रॉली में बैठकर करते रहे इंतजार

**□ मंडी समिति थानाभवन में गेहूं क्रय केंद्र पर तौल ना होने के कारण किसान हो रहे परेशान**





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** सरकारी दावों और जमीनी हकीकत के बीच एक बार फिर बड़ा अंतर सामने आया है। मंडी समिति थानाभवन में संचालित गेहूं क्रय केंद्र अव्यवस्थाओं के चलते महज शोपीस बनकर रह गए हैं। अधिक. ारियों की अनुपस्थिति और लचर व्यवस्थाओं के कारण किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।मंडी में सरकार द्वारा दो गेहूं क्रय केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। एक केंद्र सरकार के अधीन एफसीआई द्वारा संघर्ष कुमार के नेतृत्व में चलाया जा रहा है जबकि दूसरा केंद्र प्रदेश सरकार की ओर से विजय सिंह के नेतृत्व में संचालित है। लेकिन दोनों ही केंद्रों पर व्यवस्थाएं पटरी से उतरती नजर आ रही हैं।

सोमवार को बड़ी संख्या में किसान अपनी गेहूं से भरी ट्रैक्टर-ट्रालियां लेकर मंडी पहुंचे लेकिन वहां हालात देखकर मायूस हो गए। किसानों का आरोप है कि वह रविवार रात करीब 10 बजे से ही लाइन में खड़े हैं लेकिन सुबह 11:30 तक भी उनकी फसल की तौल नहीं हो सकी। सबसे बड़ी समस्या यह रही कि मौके पर कोई जिम्मेदार अधिकारी मौजूद नहीं मिला जिससे पूरी व्यवस्था ठप पड़ी रही।किसानों ने बताया कि मंडी में न तो पीने के पानी की कोई व्यवस्था है और न ही बैठने या आराम करने की। खुले आसमान के नीचे घंटों इंतजार करने को मजबूर किसानों ने प्रशासन के प्रति गहरा रोष है।इस मामले में जब एफसीआई केंद्र प्रभारी संघर्ष कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उन्हें चौसाना क्षेत्र के एक अन्य केंद्र की भी जिम्मेदारी दी गई है जहां खुले में पड़े हजारों बोरे गेहूं को लोड कराने का कार्य चल रहा है।

ऐसे में उन्हें दोनों जगह की जिम्मेदारी संभालनी पड़ रही है जिससे व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं। वहीं प्रदेश सरकार के क्रय केंद्र के प्रभारी विजय सिंह से संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन उन्होंने फोन उठाना भी उचित नहीं समझा जिससे उनकी कार्यशैली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। अब बड़ा सवाल यह है कि जब सरकार किसानों की फसल खरीद को लेकर गंभीर होने के दावे कर रही है तो जमीनी स्तर पर ऐसी लाप. रवाही देखने को मिलीस क्षेत्र के किसानों ने प्रशासन से गेहूं क्रय केंद्र पर नियमित तौल कराने की मांग की है स इस दौरान फूल सिंह यारपुर, रामकुमार, करण सिंह, शिवकुमार, जोगिंदर, नकली सिंह, रवि राणा थाना भवन, आदि किसान मौजूद रहे ।

## छठें दिन भी यूपी के किसानों पर रोक जारी, हरियाणा प्रशासन का सख्त रुख



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** यूपी-हरियाणा बॉर्डर पर किसानों की समस्या का समाधान लगातार छठे दिन भी नहीं निकल सका है। सोमवार दोपहर दोनों राज्यों के प्रशासनिक अधिकारियों के बीच वार्ता हुई, लेकिन कोई ठोस नतीजा सामने नहीं आया। हरियाणा के किसानों को जहां कुछ राहत मिली है, वहीं यूपी के किसान अब भी परेशान हैं।

वार्ता में हरियाणा के डड्यूटी मजिस्ट्रेट अंकुश कुमार, ऊन के एसडीएम अनुराग भदौरिया और तहसीलदार ललिता चौधरी शामिल रहे। बैठक के दौरान हरियाणा प्रशासन ने स्पष्ट किया कि केवल उन्हीं किसानों को राज्य में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी, जिनकी जमीन हरियाणा में है और जिनके खेतों तक पहुंच का रास्ता यूपी से होकर जाता है। प्रशासन के अनुसार, ऐसे किसानों को जमीन की नकल (फर्द), आधार कार्ड और हरियाणा पंजीख्रत ट्रैक्टर जैसे आवश्यक दस्तावेज दिखाने होंगे। बिडौली, बड़ी मुस्तफाबाद, मंगलौर सहित यूपी के करीब आधा दर्जन गांवों से हरियाणा के किसानों के खेतों के रास्ते गुजरते हैं, इसलिए केवल उन्हें ही छूट दी गई है। वहीं ऊन एसडीएम अनुराग भदौरिया ने कहा कि यूपी के किसान अपने गेहूं का पंजीकरण प्रदेश में कराकर सरक. ारी खरीद केंद्रों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बिक्री करें। हालांकि, हरियाणा प्रशासन ने साफ तौर पर मना कर दिया है कि यूपी के किसानों का गेहूं हरियाणा में नहीं खरीदा जाएगा। इस स्थिति से यूपी के किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। किसानों का कहना है कि उन्होंने हरियाणा की अनाज मंडियों में आढ़तियों से पहले ही एडवांस ले रखा है, जिस पर अब उन्हें ब्याज भी देना पड़ेगा। चौकी इंचार्ज मनजीत कुमार ने बताया कि हरियाणा प्रशासन के निर्देशों का सख्ती से पालन कराया जा रहा है और फिलहाल यूपी के किसानों पर रोक जारी रहेगी। किसानों ने प्रशासन से जल्द समाधान निकालने की मांग की है, ताकि उन्हें आर्थिक नुकसान से बचाया जा सके।

## चोरों ने बुढ़ाना लाइन टावर से तार किए चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गत 17 अप्रैल की रात को थाना बाबरी क्षेत्र स्थित 132 केवी शामली-बुढ़ाना लाइन के टावर नंबर 34 और 37 के बीच अज्ञात चोरों द्वारा भारी चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। आरोप है कि इन चोरों ने टावर से एल्युमिनियम के दो तारों को काटकर उड़ा लिया, जिनकी कुल लंबाई 1572 मीटर थी। इस चोरी से टावर में लगे 104 इन्सुलेटर और अन्य सामग्री भी क्षतिग्रस्त हो गई है। घटना की जानकारी मिलते ही विद्युतकर्मी विमल कुमार मिश्र ने थाना बाबरी में तहरीर दी और उचित कार्यवाही की मांग की। उन्होंने अपनी तहरीर में बताया कि यह घटना ग्राम भाज्जू के पास स्थित 132 केवी लाइन के टावरों पर हुई है। उन्होंने इस घटना के तुरंत बाद पुलिस से मामले में आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

विमल कुमार मिश्र ने बताया कि चोरी किए गए तारों की कीमत बहुत अधिक है, जिससे विद्युत विभाग को भारी नुकसान हुआ है। इस घटना से स्थानीय बिजली आपूर्ति पर भी प्रतिकूल असर पड़ने की संभावना है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों का पता लगाने के लिए विभिन्न दिशाओं में कार्रवाई की जा रही है।

## देवस्थान पर पूजा के दौरान मारपीट, युवक पर ईंट से हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** गांव गोगवान में देवस्थान पर पूजा-अर्चना के दौरान मामूली कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया। गांव के ही कुछ लोगों द्वारा किए गए हमले में एक युवक के सिर पर ईंट मार दी गई, जिससे वह लहूलुहान हो गया, जबकि बचाव में आई एक बुजुर्ग महिला भी घायल हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार रविवार की शाम रितिक ठाकुर की चाची सोनिया, उनकी दादी और चाचा का बेटा आर्यन गांव के समीप स्थित देवस्थान पर दीप जलाने पहुंचे थे। आरोप है कि इसी दौरान गांव के ही कवरपाल, उसकी पत्नी ओमवती तथा उनके पुत्र सोनू व मोनू वहां पहुंच गए और किसी बात को लेकर गाली-गलौज करने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक विवाद जल्द ही मारपीट में बदल गया। आरोप है कि इसी दौरान आर्यन के सिर पर ईंट से वार कर दिया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं बीच-बचाव में आई उसकी दादी के कंधे पर भी चोट लगी। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग एकत्र हो गए। घायलों को उपचार के लिए भेजा गया। पीड़ित पक्ष ने थाना कैराना में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया हैं।

## कैराना में कपड़ा व्यापारी पर हमला, रंगदारी न देने पर जान से मारने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कस्बे के बेदोवाला कुआं बाजार में रविवार शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब हथियारबंद बदमाशों ने एक कपड़ा व्यापारी की दुकान में घुसकर जानलेवा हमला कर दिया। घटना में व्यापारी और उसका भाई बाल-बाल बच गए, लेकिन वारदात से बाजार में दहशत फैल गई।

मोहल्ला दरबारकलां निवासी सुहैल ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उसकी बेदोवाला कुआं बाजार में कपड़े की दुकान है।आरोप है कि क्षेत्र के कुछ युवकों का एक गिरोह सक्रिय है, जो आए दिन बाजार में घूमकर दुकानदारों पर दबाव बनाता है और गाली-गलौज करता है। पीड़ित के अनुसार,19 अप्रैल की शाम करीब पांच बजे वह अपने भाई तौसीफ के साथ दुकान पर मौजूद था। तभी मोहल्ला अंसारियान निवासी आलम, मुस्तफा व सल्लू अपने साथियों के साथ लाठी-डंडों, सरियों और धारदार हथियारों से लैस होकर वहां पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए दुकान में घुस गए।

आरोप है कि आरोपियों ने सुहैल पर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। बचाव में आए उसके भाई तौसीफ को भी हमलावरों ने पीट दिया। शोर-शराबा सुनकर आसपास के दुकानदार और राहगीर मौके पर पहुंचे और किसी तरह दोनों भाइयों को बचाया। भीड़ जुटती देख हमलावर मौके से फरार हो गए। बताया गया कि भागते समय आरा. ेपी अपने कुछ लाठी-डंडे और सरिये मौके पर ही छोड़ गए। पीड़ित का आरोप है कि हमलावरों ने खुद को कस्बे का नामी बदमाश बताते हुए रंगदारी मांगी और न देने पर जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई हैं। मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## रेलवे ट्रैक पर चौकीदार की ट्रेन से कटकर मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के रेलवे स्टेशन के समीप सोमवार को ट्रेन से कट कर करीब 35 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना मिलते ही जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पुलिस द्वारा मृतक की पहचान कर परिजनों को सूचना दी गई। जैसे ही घटना की खबर परिवार तक पहुंची, घर में कोहराम मच गया। परिजन और रिश्तेदार मौके पर पहुंचे, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल है। सोमवार को दिल्ली से सहारनपुर जा रही एक ट्रेन की चपेट में आकर 35 वर्ष से व्यक्ति की मौत हो गई स्टेशन में आसपास मौजूद लोगों में सनसनी फैल गई। जानकारी के बाद मौके पर जीआरपी पुलिस पहुंची जिन्होंने शव की शिनाख्त मुजफ्फरनगर के गांव जोला निवासी इनाम के रूप में की। मृतक के चचेरे भाई शहजाद ने बताया कि मृतक इनाम जनपद मुजफ्फरनगर के बुढाना कोतवाली में चौकीदार के पद पर कार्यरत था। वह अपने पीछे तीन छोटे-छोटे बच्चों को छोड़ गया है, जिनमें दो बेटे और एक बेटी शामिल हैं। परिवार की जिम्मेदारी अब पूरी तरह अनिश्चितता में आ गई है, जिससे परिजनों की चिंता और भी बढ़ गई है। घटना किन परिस्थितियों में हुई, इसे लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है।

प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या और हादसे के बीच उलझा हुआ है। पुलिस दोनों पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही हैजीआरपी पुलिस का कहना है कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। पीड़ित परिवार ने सरकार से आर्थिक सहायता और उचित मुआवजे की मांग की है, ताकि बच्चों के पालन-पोषण और भविष्य की व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। चौकीदार की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## मकान में लगी भयंकर आग, नुकसान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** ताहरपुर में रविवार की रात्रि करीब सात बजे संदिग्ध परिस्तिथियों मे एक मकान में आग लग गई, जिसमें घर का सामान व हजारो की नगदी भी जलकर नष्ट हो गई। आग की लपटे अधिक भयावह थी कि छत की कडियो ने भी आग पकड ली। कडियो मे लगी आग से छत गिर गई। बताया गया है कि घटना के दौरान परिवार के सदस्य घर पर मौजूद नहीं थे। जिससे जनहानि नही हो सकी।

चौसाना चौकी क्षैत्र के गांव ताहरपुर निवासी परवीन पुत्र रामपाल अपने परिवार के साथ ईंट भटे पर मजदूरी करने के लिए गए हुए थे, जबकि उनके पिता रामपाल बालाजी धाम यात्रा करने गए थे। रविवार की रात्रि में मौहल्ले के लोगो ने प्रवीण के मकान से धुआं उठता देखा। जिस पर पड़ोसियों ने पीडित परिवार के लोगो को सूचना दी। आग बढती देख ग्रामीणों की भीड मौके पर जमा हो गई और कमरे का ताला तोड़कर आग बुझाने में जुट गए। ग्रामीणों ने बडी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक घर में रखा अधिकांश सामान जलकर नष्ट हो चुका था। ग्रामीणों ने बताया गया है कि प्रवीण की शादी हाल ही में हुई थी और घर में रखा नया सामान फनह्नचर, कपड़े व अन्य घरेलू वस्तुयें भी आग की चपेट में आ गईं। पीडित परिवार ईंट भटे पर मजदूरी कर गुजर-बसर करता है। आग की घटना के बाद पीडित परिवार सदमें में है। पीडित परिवार ने आपदा की सहायता दिलाने की मांग की है।

## झगड़े में बीच-बचाव करना पड़ा भारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** सोमवार को थाना क्षेत्र के सलेमपुर मार्ग निवासी अनवर पुत्र इकबाल ने बताया कि वह किसी कार्य से दिल्ली बस स्टैंड की ओर जा रहा था। जैसे ही वह बाईपास मार्ग स्थित चार खंभों के पास पहुंचा, वहां दो लोग आपस में झगड़ा कर रहे थे। उसने दोनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन इसी दौरान आरो. पियों ने उस पर ही हमला कर दिया और मारपीट कर उसे घायल कर दिया।शोर-शराबा होने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को उपचार के लिए अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।पीड़ित ने डॉक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पहुँच कर नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार्रवाई का आ श्वासन देते हुए सभी आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में है, जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## स्मार्ट मीटर और छापेमारी से किसानों में आक्रोश

**□ बिजलीघर पर भाकियू आजाद का धरना, कनेक्शन न काटने की चेतावनी।**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** स्मार्ट मीटर लगाए जाने और बिजली विभाग की लगातार चल रही छापेमारी को लेकर किसानों व उपभोक्ताओं में भारी रोष व्याप्त है। इसी मुद्दे को लेकर भारतीय किसान यूनियन (आजाद) के प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी शाहरुख के नेतृत्व में किसानों ने नगर के बिजलीघर पर धरना प्रदर्शन किया। और समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम एसडीओ को सौंपा।धरने के दौरान किसानों ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग के कर्मचारी अनावश्यक रूप से उपभोक्ताओं को परेशान कर रहे हैं। बिना स्पष्ट कारण के कनेक्शन काटे जा रहे हैं और स्मार्ट मीटर के नाम पर ग्रामीणों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। किसानों का कहना है कि भीषण गर्मी के इस दौर में बिजली कनेक्शन काटना अमानवीय है, जिससे आमजन और किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है,प्रदर्शन कर संगठन के लोगों ने मांग की कि स्मार्ट मीटर के स्थान पर पुराने मीटर ही लगाए जाएं तथा प्री-पेड मीटर व्यवस्था को किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि प्रत्येक उपभोक्ता को बिजली खपत का लिखित विवरण,कागजी बिल दिया जाए, ताकि पारदर्शिता बनी रहे।किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि धारा 56 का भय दिखाकर उपभोक्ताओं का उत्पीड़न किया जा रहा है, जिसे तत्काल बंद किया जाना चाहिए।

उन्होंने बुजुर्गों और किसानों के शोषण पर रोक लगाने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान धरने में पर्आ. कत चौहान,बबला चौधरी,सुधीर प्रधान, सुनील कुमार, रिजवान अंसारी,आजम, दीपक, सुनील कुमार, देव कुमार, जमा आलम सहित कई किसान व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## वलीमा खाकर लौटते हुए पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला रायजादगान में वलीमे की दावत में शामिल होने आए बुढ़ाना निवासी दो युवकों के साथ मारपीट हो गई ।मारपीट में दोनों युवक घायल हो गए। पीड़ितों ने परिजनों के साथ थाने पहुंचकर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मुजफ्फरनगर जनपद के कस्बा बुढ़ाना निवासी नसीम का पुत्र रिहान और समीर का पुत्र इरफान कस्बे के मोहल्ला रायजादगान में हसीन के यहां आयोजित वलीमे की दावत में शामिल होने आए थे। आरोप है कि रविवार की देर शाम दावत से लौटते समय जब दोनों युवक कस्बे की नहर पुलिया के पास पहुंचे, तभी कई अज्ञात लोगों ने उन्हें घेर लिया और मारपीट शुरू कर दी। मारपीट करने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल दोनों युवकों ने किसी तरह मामले की जानकारी अपने परि. जनों को दी। इसके बाद परिजन घायलों को लेकर थाने पहुंचे, जहां अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है। पुलिस ने पीड़ितों को कार्रवाई का आश्वासन देते हुए आसपास के लगे सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

## कैराना-ऊन में दिया गया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारत सरकार के कार्यक्रम जनगणना 2027 के कार्य को सुचारू रूप से सम्पादित कराये जाने हेतु तहसील स्तर पर तहसील कैराना जनपद शामली स्थित सभाकक्ष में उपजिलाधिकारी कैराना शिवा. जी यादव की अध्यक्षता में 148 प्रगणकों / सुपरवाईजरों को प्रत्येक दिन तीन बैंचों के माध्यम से प्रशिक्षण दिये जाने का कार्य प्रारम्भ किया गया। तहसील कैराना क्षेत्रान्तर्गत कुल 12 बैंचों के माध्यम से 596 प्रगणक / सुपरवाईजरों को प्रत्येक दिन 03 बैचों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जायेगा। जो दिनांक 20.04. 2026 से दिनांक 04.05.2026 तक चलेगा। जिसमें मकान सूचीकरण एवं मकान गणना व अन्य जनगणना सम्बन्धित कार्य के विषय में प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान अर्जुन चौहान तहसीलदार कैराना/चार्ज अधिकारी, सतीश यादव नायब तहस. ीलदार कैराना, कुलदीप कुमार रजिस्ट्रार कानूनगों उपस्थित रहें।

## आज से होगा शहर में विशाल भंडारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मानव सेवा ईश्वर सेवा उत्थान समिति द्वारा जय बाबा बदरी विशाल धाम में 28वें विशाल भण्डारे का आयोजन आगामी 21, 22, 23 और 24 अप्रैल को किया जाएगा। इस भण्डारे का मुख्य आकर्षण भगवान बदरी विशाल के कपाट का प्रात: 6:15 बजे दर्शन होगा, जो 23 अप्रैल को श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे।

भगवान बदरी विशाल के धाम में आयोजित इस भण्डारे की यात्रा सोमवार को शामली से रवाना हुई। यात्रा को शहर के मंडी मार्श गंज से एसडीएम निधि भारद्वाज ने झंडी दिखाकर रवाना किया। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि चारों दिवस बद्रीनाथ धाम पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। यात्रा में अरविन्द कुमार गर्ग, सुशील कुमार गर्ग, अंकूर अग्रवाल, विनित गोयल, विपिन कुमार, श्रावण कुमार, राघवेंद्र गर्ग, राहुल तायल, विमल, सोमी तायल, सौरव, अर्जुन, प्रवीण जैन और भीम सैनी मौजूद रहे। भण्डारा 21 अप्रैल को शाम से शुरू हो जाएगा और 24 अप्रैल तक श्रद्धालुओं को निरूशुल्क प्रसाद वितरण किया जाएगा।

# ट्यूबवैल की होद में मिला युवक का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के गांव अहमदनगर बढ़ला के जंगल में एक ट्यूबवैल की होद में एक युवक का शव मिलने की सूचना पर थाना पुलिस व फौरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया न होने पर पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। सोमवार दोपहर थाना पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम अहमदनगर बढ़ला के जंगल में सड़क किनारे परीक्षितगढ़ नगर निवासी सुलेख चंद सैनी की ट्यूबवैल है जिसकी होदी में एक अज्ञात शव पड़ा हुआ है मौके पर पहुंचकर पुलिस ने जांच पड़ताल करने के बाद फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया वहीं ग्रामीणों से जानकारी करने का प्रयास किया गया मगर युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी। थाना अध्यक्ष सुदीश सिरोही ने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 20 वर्ष के आसपास है जिसने हरी टी शर्ट तथा नीले रंग का लोवर पहन रखा है तथा होदी में औधे मुंह पड़ा हुआ था कोई अन्य पहचान का सामान उसके पास नहीं मिला है। वही युवक की शिनाख्त का भी प्रयास किया जा रहा है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।



# शिकायत करने पहुंचे पिता को पुलिस ने चौकी में बैठाया, मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना कंकरखेड़ा क्षेत्र के एक कॉलोनी में भूस के टुकड़े सफाई करने से उड़कर पड़ोसी के घर में पहुंचने पर पड़ोसी युवक ने घर मे घुसकर अकेली दो किशोरियों के साथ छेड़छाड़ करते हुए मारपीट कर दी। जब पीड़ित पिता ने थाना पुलिस से शिकायत की तो आरोप है कि पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर छोड़ दिया और किशोरी के पिता को हिरासत में पुलिस चौकी में मारपीट की इसी से नाराज पीड़ित पिता ने सोमवार को एसएसपी ऑफिस पहुंचकर पूरे मामले की शिकायत कर कार्यवाही की माग की है। थाना कंकरखेड़ा क्षेत्र के कॉलोनी का रहने वाला एक युवक सोमवार को एसएसपी ऑफिस पहुंचा जहां उसने बताया कि बीती 18 अप्रैल को उसके ससुर का निधन हो गया था। इस दौरान अपनी दो बेटियों को घर पर छोड़ कर अपनी पत्नी के साथ अपने ससुराल चला गया था। इसी दौरान उसकी बेटियां छत पर सफाई कर रही थी। इस दौरान भूस के टुकड़े उड़कर पड़ोसी के आंगन में

**■ कूड़े को लेकर पड़ोसी युवक ने घर में घुसकर किशोरियों के साथ की थी छेड़छाड़ व मारपीट**

गिर गए इसी से नाराज पड़ोसी युवक आग बबूला हो गया और घर में घुसकर घर में अकेली किशोरियों के साथ छेड़छाड़ करते हुए उनके साथ मारपीट कर दी और फरार हो गया जब परिवार घर पहुंचा तो किशोरियों ने आपबीती पिता को बताई जिसके बाद पिता ने कंकरखेड़ा पुलिस से शिकायत की। पहले तो कंकरखेड़ा पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया लेकिन दबाव के चलते उसे छोड़ दिया गया। उसके बाद पुलिस कर्मियों ने उसे चौकी में बैठा लिया और उसके साथ मारपीट भी की। इसी को लेकर पीड़ित सोमवार को एसएसपी ऑफिस पहुंचा और पूरे मामले की शिकायत एसएसपी से करते हुए मामले में कार्यवाही की मांग की है। एसएसपी ने पीड़ित को जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

# आर्याशी कोचिंग सेंटर का हुआ उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आर्यांशी कोचिंग सेंटर का भव्य उद्घाटन हुआ। पराग दूध समिति गगोल, मेरठ के चेयरमैन बलराज प्रधान एवं पूर्व चेयरमैन अमित मोहन गुप्ता ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कोचिंग सेंटर का शुभारंभ किया। इसके पश्चात मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को विधिवत आगे बढ़ाया गया। आर्यांशी कोचिंग सेंटर के संस्थापक गोविंदपुरी निवासी मोहित रस्तोगी रोहित रस्तोगी ने एक सराहनीय पहल करते हुए बताया कि सेंटर में दिव्यांग एवं आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को निशुल्क कोचिंग उपलब्ध कराई जाएगी। संस्था का उद्देश्य है कि शिक्षा का अधिकार बिना किसी भेदभाव के प्रत्येक जरूरतमंद बच्चे तक पहुंचे। इस पहल से न केवल बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा, बल्कि उनमें आत्मविश्वास, आशा और सम्मान की भावना भी विकसित होगी। इस मौके पर योगेश शर्मा, पिंटू पाल,



मुकेश गिरी, संजीव त्यागी, बृजभूषण रस्तोगी, अंकुर रस्तोगी, कमल सिंगल, अंकुर त्यागी, कशिश पाल, तनिष्क, सोमैया, स्वाति, शुभम रस्तोगी, यश गुप्ता, चीनू, अजीब, प्रियांशी, ललित, विकास, मनजीत सहित अनेक गणमान्य लोग एवं छात्र उपस्थित रहे।

# 14 महीने के उपवास, कठोर तपस्या के बाद खुलवाया व्रत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दौराला।** सोमवार को रामसीन राजस्थान से ऋषभदेव तीर्थ हस्तिनापुर उत्तर प्रदेश अक्षय तृतीया पर आए कांतिलाल जैन, कल्पेश जैन, हितेश जैन, निखिल जैन, भावना जैन की माता के 14 महीने के उपवास कठोर तपस्या के बाद दौराला भाजपा मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला ने गन्ने के रस से उनका व्रत खुलवाया और 26 साल बाद उनसे मिलना हुआ। इस दौरान हजारी मल, छगन जैन, कमलेश जैन, भागू जैन, ममता जैन आदि साथ रहे।

## किठौर को मिली बड़ी सौगात

# हापुड़ रोड पर नई पुलिस चौकी का शिलान्यास, सुरक्षा व्यवस्था होगी और मजबूत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** कस्बा किठौर की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया है। सोमवार को हापुड़ रोड स्थित आईएम इंटर कॉलेज के समीप बाईपास के नीचे नई पुलिस चौकी का विधिवत शिलान्यास किया गया। इस पहल से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने की उम्मीद जताई जा रही है।

शिलान्यास कार्यक्रम किठौर थाना प्रभारी सुबोध कुमार सक्सेना तथा किठौर चौकी इंचार्ज मनदीप त्यागी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस दौरान पुलिस टीम ने विधि-विधान के साथ भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। नई चौकी के निर्माण से हापुड़ रोड और आसपास के क्षेत्रों में पुलिस की निगरानी बढ़ेगी, जिससे आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। साथ ही, आम जनता को भी त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध हो सकेगी। यह स्थान यातायात की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जाता है, जहां अक्सर आवाजाही बनी रहती है। स्थानीय लोगों ने पुलिस विभाग की इस पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि चौकी बनने के बाद क्षेत्र में सुरक्षा का माहौल और बेहतर होगा तथा घटनाओं पर तत्काल नियंत्रण संभव हो सकेगा।



पुलिस अधिकारियों का कहना है कि चौकी के निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा कराने का प्रयास किया जाएगा, ताकि क्षेत्रवासियों को इसका लाभ शीघ्र मिल सके। इस कार्यक्रम में एसआई नितेश कुमार वाजपेयी, एसआई गौरव चौधरी, एसआई अजेय कुमार, एसआई शौरभ यादव, एसआई नितेश भदौरिया, कांस्टेबल संतोष सैनी, कांस्टेबल नवीन वशिष्ट आदि पुलिस टीम मौजूद रही।

# स्मार्ट प्रीपेड मीटर के खिलाफ भीम आर्मी का ज्ञापन, गरीबों पर बोझ बताई नई व्यवस्था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** प्रदेश में लगाए जा रहे स्मार्ट प्रीपेड बिजली मीटरों को लेकर आम जनता, खासकर गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। इसी मुद्दे को लेकर भीम आर्मी मेरठ मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि प्रीपेड मीटर व्यवस्था से उपभोक्ताओं को कई गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। रिचार्ज समाप्त होते ही तुरंत बिजली कट जाती है, जिससे लोगों का दैनिक जीवन प्रभावित होता है। वहीं गरीब परिवारों के लिए बार-बार रिचार्ज कर पाना आर्थिक रूप से कठिन साबित हो रहा है। इसके अलावा मीटर रीडिंग और बिलिंग में पारदर्शिता की कमी, तकनीकी खराबियों के चलते बिना उपयोग के बैलेंस कटने की शिकायतें और ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क की दिक्कतों के कारण रिचार्ज में परेशानी जैसी समस्याएं भी सामने आ रही हैं।

# पकौड़ियां बनाते समय लीक हुई गैस, तीन युवक झुलसे

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** विवाह समारोह के बाद गैस सिलेण्डरों में बची हुई गैस को उपयोग करते समय गैस रिसाव होने से आग लग गई। आग की चपेट में आकर तीन युवक झुलस गए, जिन्हें निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। वहीं मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग की गाड़ी ने आग पर काबू पाया। नगर के मौहल्ला अल्लीपुर भूड़ में शुक्रवार को एक विवाह समारोह था, जिसमें भोजन आदि बनाने के लिए प्रयोग किए गए सिलेण्डरों में कुछ गैस बच गई। इस बची हुई गैस को उपयोग करने के लिए परिवार के तीन युवक शनिवार की शाम को पकौड़ियां बना रहे थे। इसी बीच सिलेण्डर के हिलाने जुलाने के कारण गैस रिसाव हो गई और आग लग गई। आग की चपेट में आकर बॉबी पुत्र नरेश कुमार, रितिक पुत्र मदन सिंह व विक्रम पुत्र रोहताश झुलस गए। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग भी एकत्र हो गए और युवकों को निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# लालकुर्ती पैठ बाजार में सारिका साड़ी एंपोरियम में लगी भीषण आग, लाखों का माल जलकर राख







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लालकुर्ती क्षेत्र स्थित पैठ बाजार की गली नंबर-3 में सारिका साड़ी एंपोरियम में अचानक भीषण आग लग गई। आग लगते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई और आसपास के दुकानदारों ने तुरंत पुलिस व दमकल विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की चार गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग से दुकान में रखा सामान जलकर राख हो गया। गनीमत रही कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

# भगवान परशुराम के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** कांठ विधायक कमाल अख्तर ने समाजवादी पार्टी के कैंप कार्यालय पर भगवान परशुराम की जयंती श्रद्धा, भक्ति और सम्मान के साथ मनाई। परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक कांठ पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर ने कहा कि परशुराम केवल एक महान योद्धा ही नहीं बल्कि तप, त्याग, सत्य और धर्म के प्रतीक थे। उनका जीवन हमें अन्याय और अत्याचार के खिलाफ खड़े होने तथा समाज में समानता और न्याय स्थापित करने की प्रेरणा देता है, उन्होंने बताया कि परशुराम ने सदैव धर्म की रक्षा और शोषित, वंचित एवं कमजोर वर्गों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए संघर्ष किया।

उनका आदर्श आज भी समाज को सही दिशा दिखाने का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी पीडीए वर्ग के सम्मान और हक की लड़ाई लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। और हमेशा इन वर्गों को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने आगे सभी पार्टी पदाधिकारियों, नेताओं और कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव नजदीक हैं इसलिए अभी से पूरी मजबूती और एकजुटता के साथ संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त करें। इस मौके पर संजीव त्यागी, संदीप गुर्जर, अंशु त्यागी, अनुज त्यागी उर्फ गोलू त्यागी, रिंकू शर्मा, आमिर मंसूरी, सचिन, मोहित, मोहम्मद कैफ नासिर, कपिल कुमार, यशपाल सिंह, अंसुल वर्मा, सौरभ बंसल आदि लोग मौजूद रहे।

# जनगणना की तैयारियां तेज, 810 कर्मियों को दी ट्रेनिंग

## मोबाइल ऐप से भरे जायेंगे आंकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** आगामी जनगणना को सही और बिना गलती के पूरा कराने के लिए प्रशासन ने तैयारी तेज कर दी है। सोमवार को शहर के हीरा इंटरनेशनल स्कूल में प्रगणक और पर्यवेक्षकों के लिए प्रशिक्षण शिविर शुरू किया गया। इस शिविर में कुल 810 कर्मचारियों को जनगणना से जुड़ी जरूरी जानकारी दी जाएगी।

कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीएम शैलेश कुमार दुबे ने किया। उन्होंने कहा कि जनगणना देश के विकास की नींव होती है, इसलिए इसमें कोई भी लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि अभी पहले चरण में 250 कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सभी को अच्छे से समझाने के लिए 50-50 के छोटे बैच बनाए गए हैं। इस बार जनगणना का काम डिजिटल तरीके से किया जाएगा। इसके लिए 10 मास्टर ट्रेनर लगाए गए हैं, जो कर्मचारियों को मोबाइल ऐप के जरिए डेटा भरने की ट्रेनिंग दे रहे हैं। मकान गिनती और परिवार की जानकारी के 34 बिंदुओं पर खास ध्यान दिया जा रहा है। अधिकारियों ने साफ कहा है कि फील्ड में जाकर ही सही जानकारी भरनी होगी और किसी तरह की गलती बर्दाश्त नहीं होगी। शिविर के दौरान तहसीलदार मूसराम थारू और नायब तहसीलदार योगेश कुमार लोधी ने भी पहुंचकर व्यवस्था देखी और कर्मचारियों का हौसला बढ़ाया। इस काम में लेखपाल, ब्लॉक कर्मी और बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षक भी लगाए गए हैं।

# आधा अप्रैल बीता, मार्च की तनख्वाह अब तक नहीं

## एनएचएम संविदा कर्मियों में गुस्सा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत ब्लाक क्षेत्र में काम कर रहे संविदा कर्मचारियों को मार्च महीने की तनख्वाह अभी तक नहीं मिली है। अप्रैल का आधा महीना निकल जाने के बाद भी वेतन न मिलने से कर्मचारियों में खासा आक्रोश देखा जा रहा है।

कर्मचारियों का कहना है कि हर महीने समय पर वेतन न मिलना अब आम बात हो गई है। इस देरी के कारण उन्हें घर का खर्च चलाने में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। कई कर्मचारियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि अप्रैल में बच्चों के स्कूलों में दाखिले, फीस और किताबों का खर्च बढ़ जाता है, ऐसे में बिना वेतन के हालात और भी बिगड़ जाते हैं। मजबूरी में उन्हें उधार तक लेना पड़ रहा है। बताया गया कि कुछ दिन पहले जिले के प्रभारी मंत्री केपी मलिक के सीएचसी धनौरा दौरे के दौरान कर्मचारियों ने अपनी समस्या उनके सामने रखी थी। उस समय उम्मीद जगी थी कि जल्द समाधान होगा, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इस मामले में मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. योगेन्द्र सिंह ने बताया कि वेतन भुगतान की प्रक्रिया चल रही है और 25 अप्रैल के बाद सभी कर्मचारियों के खातों में वेतन भेज दिया जाएगा। अब कर्मचारियों की निगाहें विभाग के इस आश्वासन पर टिकी हैं। देखना होगा कि तय समय पर वेतन मिलता है या फिर इंतजार और लंबा खिंचता है। फिलहाल, वेतन न मिलने से कर्मचारियों की आर्थिक हालत बिगड़ती जा रही है।

# आयुष्मान योजना! बछरायूं में लोगों की बेरूखी बनी बाधा

## 4642 का लक्ष्य, 400 पर अटकी गाड़ी

**मंडी धनौरा/बछरायूं।** केंद्र व प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी आयुष्मान भारत योजना के प्रति बछरायूं नगर पालिका क्षेत्र के लोगों में उदासीनता साफ नजर आ रही है।

पांच लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलने के बावजूद लोग आयुष्मान कार्ड बनवाने में खास दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। इसी कारण स्वास्थ्य विभाग तय लक्ष्य से काफी पीछे चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, नगर क्षेत्र में कुल 4642 आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन अब तक महज करीब 400 कार्ड ही बन पाए हैं। इतनी धीमी रफ्तार ने विभाग की चिंता बढ़ा दी है। स्थिति को सुधारने के लिए अब स्वास्थ्य विभाग सक्रिय हो गया है। शहर के अलग-अलग हिस्सों में विशेष कैंप लगाकर लोगों को कार्ड बनवाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। शनिवार को पांच स्थानों पर कैंप लगाए गए, जबकि सोमवार को भी नगर पालिका परिसर सहित चार प्रमुख स्थानों पर शिविर आयोजित किए गए। धनौरा सीएचसी के ब्लॉक प्रभारी डॉ. राहुल कुमार ने बताया कि योजना का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए चमन कोठी, डॉ. शुभम शर्मा का आवास (कानून गोयान), हाजी राहत चेयरमैन का आवास (मोहल्ला चौधरियान), मोनी चौधरी (एसबीआई के सामने) और नगर पालिका सभागार जैसे स्थानों को कैंप के लिए चुना गया है। उन्होंने नगरवासियों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और ज्यादा से ज्यादा संख्या में कैंप में पहुंचकर अपना आयुष्मान कार्ड बनवाएं।

# मुंबई ने गुजरात को 200 रन का टारगेट दिया

### तिलक वर्मा का पहला आईपीएल शतक, 7 छक्के लगाए, रबाडा को 3 विकेट



**अहमदाबाद, वार्ता।** मुंबई इंडियंस ने आईपीएल के 19वें सीजन के 30वें मैच में गुजरात टाइटंस को 200 रन का टारगेट दिया है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। एमआई ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 199 रन बनाए। तिलक वर्मा ने आईपीएल में पहला शतक लगाया। उन्होंने 45 बाल पर 101 रन की पारी खेली। इस पारी में 8 चौके और 7 छक्के शामिल रहे। उनके अलावा, नमन धीर ने 45 रन का योगदान दिया। जीटी से कगिसो रबाडा ने 3 विकेट झटके। उन्होंने पावरप्ले में सूर्यकुमार यादव (15 रनद्ध, क्विंटन डी काक (13 रन) और डेब्यू मैच खेल रहे दानिश मालेवार (2 रन) को पवेलियन भेजा। 20वें ओवर में प्रसिद्ध कृष्णा ने 22 रन खर्च कर दिए। उनकी आखिरी 2 बाल पर तिलक वर्मा ने छक्का और चौका लगाकर शतक पूरा कर लिया। तिलक ने आईपीएल में पहला शतक लगाया है। 18वें ओवर में तिलक वर्मा ने फिफ्टी पूरी की। उन्होंने अशोक शर्मा के ओवर में लगातार 5 बाउंड्री लगाई। इनमें 3 छक्के और दो चौके शामिल रहे। पहली बाल पर आए छक्के से तिलक ने 33 बाल पर हॉफ सेंचुरी पूरी की। इसी ओवर में तिलक ने पंड्या के साथ 5वें विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप भी पूरी की। इतना ही नहीं, मुंबई ने 150 रन का आंकड़ा भी पूरा कर लिया। कगिसो रबाडा के 4 ओवर पूरे हो चुके हैं। 16वें ओवर में रबाडा ने अपने आखिरी ओवर में महज 4 रन दिए। उनकी इस बाल पर कोई बाउंड्री नहीं आई। रबाडा ने अपने कोटे के 4 ओवर में 33 रन देकर 3 विकेट झटके। 15वें ओवर में प्रसिद्ध कृष्णा ने 19 रन खर्च कर दिए। उनकी शुरुआती 3 बाल पर तिलक वर्मा ने एक छक्का और दो चौके लगाए।

14वें ओवर में मुंबई ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। अशोक शर्मा की तीसरी बाल पर बाई का एक रन आया। इसी के साथ मुंबई की पारी का 100वां रन बना। तिलक वर्मा और हार्दिक पंडडा नाबाद हैं। 13वें ओवर में मुंबई ने चौथा विकेट गंवाया। यहां पर नमन धीर 45 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें प्रसिद्ध कृष्णा ने कगिसो रबाडा के हाथों कैच कराया। 11वें ओवर में नमन धीर ने वाशिंगटन सुंदर की दूसरी बाल पर छक्का लगाया। उन्होंने अगली बाल पर एक चौका भी लगा दिया। सुंदर के इस ओवर से 13 रन आए हैं। 10वें ओवर में राशिद खान ने महज 7 रन का ओवर डाला। उनके इस ओवर में कोई बाउंड्री नहीं आई। राशिद ने पहले ओवर में 2 रन दिए थे। मुंबई की शुरुआत खराब रही है। टीम ने 46 रन बनाने में पावरप्ले में 3 विकेट गंवा दिए। रबाडा ने पावरप्ले के आखिरी ओवर में सूर्यकुमार यादव को बोल्ड कर दिया। इस ओवर की शुरुआती दो बाल पर 10 रन आ गए थे। इनमें एक छक्का और एक चौका शामिल रहा। चौथे ओवर में मुंबई ने दूसरा विकेट गंवाया। यहां पर कगिसो रबाडा ने क्विंटन डी काक को अपनी ही बाल पर कैच किया। डी काक 13 रन बनाकर आउट हुए। रबाडा को दूसरा विकेट मिला है। उन्होंने मालेवार को एलबीडब्ल्यू किया। तीसरे ओवर में नमन धीर ने मोहम्मद सिराज की बाल पर लगातार दो चौके लगाए। उन्होंने तीसरी और चौथी बाल को बाउंड्री लाइन के बाहर पहुंचाया। सिराज के इस ओवर में 10 रन बने। मुंबई ने दूसरे ओवर में पहला विकेट गंवा दिया है। यहां पर डेब्यू मैच खेल रहे दानिश मालेवार 2 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें कगिसो रबाडा ने स्टॅ कराया। मोहम्मद सिराज ने मुंबई की पारी का पहला ओवर डाला। उन्होंने इस ओवर में महज 2 रन दिए। सिराज के ओवर में कोई बाउंड्री नहीं आई है।

## हॉकी इंडिया ने 36-सदस्ईय सीनियर पुरुष राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर की घोषणा की

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने सोमवार को आगामी सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शि. विर के लिए 36-सदस्ईय संभावित खिलाड़ियों के मुख्य समूह की घोषणा की। यह शिविर 20 अप्रैल से 9 मई तक बेंगलुरु में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) केंद्र में आयोजित किया जाएगा।

इस प्रशिक्षण शिविर का मुख्य फोकस रणनीतिक तालमेल, फिटनेस और मैच-सिमुलेशन सत्रें पर होगा। टीम का लक्ष्य एक व्यस्त अंतर्राष्ट्रीय सत्र से पहले अपनी तैयारियों को और बेहतर बनाना है। इस अंतर्राष्ट्रीय सत्र में एफआईएच प्रो लीग 2025-26 का यूरोपीय चरण, विश्व कप और एशियाई खेल शामिल हैं। इसके अलावा, टीम अपनी लय बनाने, आपसी तालमेल को निखारने और सभी विभागों में अपनी बेंच स्ट्रेंथ (खिलाड़ियों की गहराई) को मजबूत करने पर भी ध्यान देगी।

गोलकीपिंग यूनिट में अनुभवी कृष्ण बहादुर पाठक, सूरज करकेरा और पवन प्रमुख हैं। इनके साथ-साथ मोहित होन्नेनहल्ली शशिकुमार और प्रिंसदीप सिंह जैसी उभरती हुई प्रतिभाएं भी मौजूद हैं। रक्षा पंक्ति (डिफेंस) में, टीम की कमान हरमनप्रीत सिंह और अमित रोहिदास जैसे दिग्गज खिलाड़ियों के हाथों में होगी। इन्हें जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, संजय, सुमित और खिलाड़ियों के एक होनहार समूह का समर्थन मिलेगा, जिसमें पूवन्ना चंदुरा बॉबी, यशदीप सिवाच, नीलम संजीप जेस और अमनदीप लाकरा हैं। मिडफील्ड में अनुभव और युवा जोश का एक बेहतरीन मिश्रण देखने को मिलेगा।

### खेल विशेष

#### सूरज चंद व रूकैया उस्मान ने जीते एचसीएल स्क्वैश पीएसए चैलेंजर टूर के खिताब

**चेन्नई, वार्ता।** भारत के सूरज कुमार चांद और मिस्र की रूकैया उस्मान ने एचसीएल स्क्वैश पीएसए चैलेंजर टूर 2026 में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग के खिताब जीते। रविवार को खेले गए मुकाबले में दूसरी वरीयता प्राप्त सूरज कुमार चांद को पुरुष फाइनल जीतने में 34 मिनट लगे। उन्होंने आठवीं वरीयता प्राप्त दक्षिण कोरिया के जियोंगमिन रयू को 3-0 (11-5, 11-9, 11-3) से हराकर अपना चौथा पीएसए चैलेंजर टूर खिताब पक्का किया। 25 वर्षीय भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी ने चेन्नई में एक शानदार हफ्ता बिताया और खिताब जीतने के सफर में एक भी गेम नहीं हारा। पहले राउंड में 'बाय' मिलने के बाद, चांद ने अपने अभियान की शुरुआत हमवतन आर्यवीर दीवान पर 3-0 (11-6, 11-7, 11-8) की जीत के साथ की। इसके बाद उन्होंने क्वार्टर फाइनल में भी जबरदस्त प्रदर्शन किया और साथी भारतीय खिलाड़ी ओम सेमवाल को 3-0 (11-8, 11-1, 11-4) से आसानी से हरा दिया। सेमीफाइनल में भी चांद ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और हांगकांग-चीन के वाइलोक टो को 3-0 (11-8, 11-7, 11-6) से हराया। यह सूरज कुमार चांद का 2024 के बाद पहला स्क्वैश खिताब है।

#### क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने वाले रुबेल को किया सम्मानित

**मीरपुर, वार्ता।** बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने सोमवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय मुक. ाबले से पहले, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा करने वाले अनुभवी तेज गेंदबाज रुबेल हुसैन को सम्मानित किया। बीसीबी ने आज यहां ने मैच से पहले का यह समारोह आयोजित किया, जिसमें मौजूदा खिलाड़ियों के साथ-साथ तमीम इकबाल (तदर्थ समिति के अध्यक्ष) भी मौजूद थे।

#### स्टनर्स अकादमी महिला वर्ग में बनी बास्केटबॉल चैंपियन

**नई दिल्ली, वार्ता।** स्टनर्स अकादमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5वें पीएसपीबी बाबा दीप सिंह बास्केटबॉल टूर्नामेंट के महिला वर्ग में चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। दिल्ली यूनिवर्सिटी के श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज में आयोजित टूर्नामेंट के फाइनल में स्टनर्स अकादमी ने गार्गी कॉलेज को 72-67 से पराजित किया। मुख्य अतिथि प्रो. रजनी अब्बी (साउथ कैंपस की डायरेक्टर) ने अन्य अतिथियों - मुकेश कालिया (दिल्ली बास्केटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष), ललित वत्स (पीएसपीबी के सलाहकार), अशोक रंगीन (डीबीए के महासचि. चव), डा. सुशील कुमार (डीयूएससी के सहायक डायरेक्टर) - के साथ मिलकर, प्रिंसिपल प्रो- गुरमोहिंदर सिंह और डीपीई डा. इंदरप्रीत कौर की मौजूदगी में, विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार वितरित किए। इस टूर्नामेंट को पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड और अयूथ वेदा ने प्रायोजित किया था।

## पंजाब के दो विकेट लेकर पर्पल कैप की दौड़ में शीर्ष तीन में पहुंचे प्रिंस

**न्यू चंड़ीगढ़, वार्ता।** लखनऊ सुपर जायंट्स के गेंदबाज प्रिस यादव कल खेले गए मुक. ाबले में पंजाब किंग्स के दो विकेट लेकर पर्पल कैप की दौड़ में शीर्ष तीन में जगह पहुंच गए हैं। प्रिंस ने इस आईपीएल में सभी छह मैचों में खेले है। रविवार को उन्होंने पंजाब किंग्स के दो विकेट झटके, इसी के साथ इस सीजन में उनके कुल 11 विकेट हो गए, जो गुजरात टाइटंस (जीटी) के प्रसिद्ध कृष्णा के बराबर है।



हालांकि प्रिस की इकॉनमी रेट प्रसिद्ध से बहुत बेहतर है। अंशुल कम्बोज 13 विकेट के साथ अभी भी तालिका में शीर्ष पर बने हुए हैं, वहीं राजस्थान रॉयल्स (आआर) के रवि बिश्नोई ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ एक विकेट लेने के बाद 10 विकेट के साथ पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। उनसे आगे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के भुवनेश्वर कुमार चौथे नम्बर पर हैं। रविवार के मैचों के बाद आरआर के जोफ्रा आर्चर के भी आठ विकेट हो गए हैं, जो चार अन्य गेंदबाजो के बराबर हैं। इसमें केकेआर के कार्तिक त्यागी भी शामिल हैं, जिन्होंने आरआर के खिलाफ तीन विकेट लिए थे। वहीं ऑरेंज कैप, रन बनाने वालों की सूची में शीर्ष तीन स्थान पर कोई बदलाव नहीं हुआ है।

## शीर्ष चार की दौड़ में आगे निकलने के लिए भिड़ेगी SRH और DC

**हैदराबाद, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में छह-छह अंकों के साथ तालिका में चौथे और पांचवें स्थान पर विराजमान सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स कल राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स से शीर्ष चार की दौड़ में आगे निकलने के लिए भिड़ेगी।



इस सीरीज में सनराइजर्स हैदराबाद सबसे खतरनाक बल्लेबाजी टीम बनकर उभरी है, जो लगातार 200 से अधिक का स्कोर बना रही है। इसकी मुख्य वजह अभिषेक शर्मा और ट्रैविस हेड की सलामी जोड़ी द्वारा दी गई विस्फोटक शुरुआत है। वहीं ईशान किशन नम्बर तीन पर आकर टीम की गति को और बढ़ाते हैं, जबकि हेनरिक क्लासेन मिडिल ऑर्डर में लगातार बड़े शॉट्स लगाकर सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी रहे हैं। उन्हें सलिल अरोड़ा, अनिकेत वर्मा और नीतीश कुमार रेड्डी का साथ मिलता है, जो बल्लेबाजी इकाई को और मजबूत और लचीला बनाते हैं। इसके विप. रीत, दिल्ली कैपिटल्स की बल्लेबाजी को फॉर्म में चल रही पथुम निसंका और केएल राहुल की सलामी जोड़ी स्थिरता देते हैं। समीर रिजवी और करुण नायर मध्यमक्रम में बल्लेबाजी के विकल्प देते हैं, जबकि अक्षर पटेल, डेविड मिलर और ट्रिस्टन स्टब्स मिलकर मैच को फिनिश करने और तेजी से रन बनाने वाली मुख्य यूनिट बनाते हैं। खासकर स्टब्स, दबाव में भी मैच जिताने की काबिलियत रखने वाले एक अहम 'इम्पैक्ट प्लेयर' साबित हुए हैं। गेंदबाजी में भी दोनों टीमों के बीच उतना ही बड़ा अंतर देखने को मिलता है।

## हमें सकारात्मक सोच के साथ एकजुट रहने की जरुरत है: हरमनप्रीत कौर

**डरबन, वार्ता।** भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि वे छोटे प्रारुप में टीम के खराब प्रदर्शन से चितित नहीं है, हमें सकारात्मक सोच के साथ एकजुट रहने की जरुरत है। भारत ने अपना लगातार दूसरा टी-20 मैच और इस साल का तीसरा मैच गंवा दिया, जब रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका ने उन्हें आठ विकेट से हरा दिया।



इसके साथ ही पांच मैचों की सीरीज में प्रोटियाज के खिलाफ भारत 2-0 से पीछे हो गया है। दक्षिण अफ्रीका से हार के बाद डरबन में मैच के बाद के हरमनप्रीत ने कहा कि यह मुश्किल समय है। एक टीम के तौर पर हमें एकजुट रहने की जरूरत है। उम्मीद है, हम (दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के तीसरे मैच के लिए जोहान्सबर्ग) एक सकारात्मक सोच के साथ जाएंगे। टी-20 फॉर्मेट ऐसा ही होता है, इसमें एकजुट रहना ही सबसे जरूरी है। आक्रामक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (57) ने किंग्समीड में एक तेज अर्धशतक लगाकर भारत को शानदार शुरुआत दी, लेकिन पारी के आखिरी हिस्से में लगातार विकेट गिरते रहे। टॉस हारने और पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने के बाद, एशियाई टीम सिर्फ 147 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। मेजबान टीम ने 148 रनों के जीत के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट (54) और सुने लुस (57) ने जवाब में पहले विकेट के लिए 106 रनों की साझेदारी करके यह सुनिश्चित किया कि दक्षिण अफ्रीका आसानी से मैच जीत जाएं। भारत क्षेत्ररक्षण के दौरान भी कई मौकों को भुनाने में नाकाम रहा, और हरमनप्रीत जानती हैं कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में बने रहने के लिए उनकी टीम को जल्द से जल्द अपने खेल में सुधार करना होगा। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि बल्ले से हम वैसा योगदान नहीं दे पाए जैसा हम चाहते थे। पारी के आखिरी 10 ओवरों में हमने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की। हमें सोचना होगा कि अगले तीन मैचों में हम कैसे खेलेंगे। जब आपके शॉट नहीं लग रहे होते, तो स्ट्राइक रोटेट करना एक अहम बात होती है। हम चर्चा कर रहे थे--- कि हम स्ट्राइक रोटेट कर सकते हैं और इससे हमें उस मुश्किल समय से निकलने में मदद मिल सकती है। लेकिन यह एक ऐसा समय था जब चीजें हमारे पक्ष में नहीं रहीं। गेंदबाजी के दौरान पावरप्ले भी हमारे पक्ष में नहीं जा रहा है। शेफाली वर्मा ने अपनी कप्तान की बातों से सहमति जताई और उन्हें लगता है कि भारत दक्षिण अफ्रीका सीरीज के बाकी मैचों और टी-20 विश्व कप के दौरान अपनी फॉर्म में जल्दी सुधार कर सकता है। शेफाली ने कहा, ष्हम सभी अपनी ताकत जानते हैं। हम पूरी ताकत से वापसी करेंगे, एक-दूसरे का कंधे से कंधा मिलाकर साथ देंगे, और ज्यादा से ज्यादा व कड़ी मेहनत से अभ्यास करेंगे।

## डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप क्लासिक गोल्फ एंड कंट्री क्लब में 21 अप्रैल से

**नूह (हरियाणा), वार्ता।** डीपी वर्ल्ड प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया ने आज डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप की घोषणा की, जो 21 से 24 अप्रैल, 2026 तक हरियाणा के नूह में क्लासिक गोल्फ एंड कंट्री क्लब में होने वाली है।

इस टूर्नामेंट में 1 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि है। डीपी वर्ल्ड और पीजीटीआई ने इस साल जनवरी में एक लैंडमार्क मल्टी-ईयर पार्टनरशिप की घोषणा की, जिसके तहत ग्लोबल लॉजिस्टिक्स लीडर डीपी वर्ल्ड, भारत के प्रीमियर प्रोफेशनल गोल्फ टूर, पीजीटीआई का टाइटल पार्टनर और ऑफिशियल अम्ब्रेला पार्टनर बन गया। इस टूर्नामेंट में 130 प्रोफेशनल्स हिस्सा लेंगे। इस इवेंट में टॉप इंडियन प्रोफेशनल्स वीर अहलावत, ओम प्रकाश चौहान, मनु गंडास (सभी डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट चैंपियन) के साथ-साथ सप्तक तलवार (2026 डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट लीडर), खिलन जोशी और हनी बैसोया (दोनों इस सीजन में डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई के विनर) और अंगद चीमा (पिछले साल डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई के दो बार विनर) शामिल हैं। श्रीलंका के एन थंगाराजा इस फील्ड में लीडिंग विदेशी नाम होंगे। वीर अहलावत और मनु गंडास के अलावा, गुरुग्राम और नूह के होस्ट रीजन को ध्रुव श्योरण और तपेंद्र घई के साथ-साथ मनीष ठाकरान और शिवेंद्र सिंह सिसोदिया तथा कुशल सिंह, मानव बैस और सौरव राठी जैसे जाने-माने नाम रिप्रेजेंट करेंगे।

## न्यूजीलैंड को 198 रनों पर समेटा

### बांग्लादेश के तेज गेंदबाज नाहिद राणा ने झटके पांच विकेट

**मीरपुर, वार्ता।** नाहिद राणा (पांच विकेट) की बेहतरीन गें. दबाजी की बदौलत बंगलादेश ने सोमवार को दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में न्यूजीलैंड की पूरी टीम को 48.4 ओवरों में 198 रन के स्कोर पर समेट दिया। आज यहां न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।



न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब हुई और उसने 52रन के स्कोर तक अपने तीन विकेट गंवा दिए। हेनरी निकल्स (13), विल यंग (दो) और टॉम लेथम (14) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद मुहम्मद अब्बास ने निक केली के साथ चौथे विकेट के लिए 56 रन जोड़े। नाहिद राणा ने मुहम्मद अब्बास (19) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इस दौरान एक छोर थामे रन बना रहे निक केली को शोरिफुल इस्लाम ने आउट कर न्यूजीलैंड को पांचवां झटका दिया। निक केली ने 102 गेंदों में 14 चौकों की मदद से 83 रनों की पारी खेली। इसके बाद बंगलादेशी गेंदबाजी आक्रमण के आगे न्यूजीलैंड के बल्लेबाज संघर्ष करते हुए विकेट गंवाते रहे। न्यूजीलैंड ने 53 रन जोड़ कर शेष पांच विकेट गंवा दिए। डीन फॉक्सक्रॉफ्ट (15), ब्लेयर टिकनर (12), जॉश क्लार्कसन (छह), जेडेन लेनॉक्स (शुन्य) और विलियम ओरूर्क (छह) रन बनाकर आउट हुए। नेथन स्मिथ ने (18) रनों की नाबाद पारी खेली। बंगलादेश के लिए नाहिद राणा ने 32 रन देकर पांच विकेट लिए। शोरिफुल इस्लाम को दो विकेट मिले।

## बंगलादेश की महिला टीम ने वनडे मैच में श्रीलंका को तीन विकेट से हराया

**राजशाही, वार्ता।** शर्मिन अख्तर (86) और शोभना मोस्तारी (रिटायर हर्ट, एक विकेट और 41 रन) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत बंगलादेश की महिला टीम ने सोमवार को पहले एकदिवसीय मुकबाले में श्रीलंका की टीम को नौ गेंदें शेष रहते तीन विकेट से हरा दिया। इसी के साथ बंगलादेश ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली हैं।



आज यहां श्रीलंका की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका ने इमेशा दुलानी (52), हंसिमा करुणरत्ने (54), कविशा दिलहारी (30), कप्तान हसिनी परेरा (27) और कौशिनी नुथ्यंगना (18) रन के योगदान से निर्धारित 50 ओवरों में नौ विकेट पर 205 रनों का स्कोर बनाया। श्रीलंका के छह बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। बंगलादेश के लिए रितु मोनी ने तीन विकेट लिए। नाहिदा अख्तर को दो विकेट मिले। मारुफा अख्तर, सुल्ताना खातून, राबेया खान और शोभना मोस्तरी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश की महिला टीम ने 48-3 ओवरों में सात विकेट पर 206 रन बनाकर मुकाबला तीन विकेट से अपने नाम कर लिया। शर्मिन अख्तर ने बंगलादेश के लिए सर्वाधिक 86 रनों की पारी खेली। उन्होंने 127 गेंदों का सामना किया और 13 चौके लगाए। शोभना मोस्तारी 41 रन बनाकर रिटायर हर्ट हुई।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# मुद्रास्फीति का फैलता दबाव

ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजरायल के युद्ध ने महत्वपूर्ण ईंधनों की आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित कर दिया है। इससे इनकी वैश्विक कीमतें बढ़ गई हैं और दुनिया की विभिन्न अर्थव्यवस्थाओं में मुद्रास्फीति का दबाव फैल गया है। रुपये के अवमूल्यन से आयात की लागत भी बढ़ गई है। इनमें उर्वरक, प्लास्टिक और पेट्रोकेमिकल उत्पाद शामिल हैं। पेट्रोकेमिकल उत्पाद फार्मास्यूटिकल्स, वस्त्र और आटोमोबाइल के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। भारत में मार्च में खुदरा मुद्रास्फीति 3.4 फीसदी रही और यह फरवरी महीने के 3.2 फीसदी से जरा सा ज्यादा है, लेकिन यह बढ़ोतरी सिर्फ देखने में ही मामूली लगती है। यह बात थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर बढ़ते दबाव से साफ है, जो मार्च में 38 महीनों के उच्चतम स्तर 3.88 फीसदी पर पहुंच गया। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि जहां उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) का आधार वर्ष बदलकर 2024 हो गया है, वहीं डब्ल्यूपीआई के आधार वर्ष के रूप में अभी भी 2011-12 का ही इस्तेमाल किया जा रहा है। मुद्रास्फीति के ताजा आंकड़ों की व्याख्या करते वक्त इस फर्क को जरूर ध्यान में रखा जाना चाहिए। मार्च का सीपीआई भले ही भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 4 फीसदी दृ 6 फीसदी की सहनशीलता के आरामदायक दायरे के भीतर दिखाई देता है, लेकिन यह आंकड़ा मुख्य रूप से बढ़ती इनपुट लागतों, खासतौर पर ईंधन की कीमतों से प्रेरित दबावों के कहीं ज्यादा जटिल जमाव को छिपाता है। डब्ल्यूपीआई की मुद्रास्फीति फरवरी में लगभग 2.4 फीसदी से बढ़कर मार्च में 3.88 फीसदी हो गई, जो थोक मूल्य के दबाव में होते महीने-दर-महीने तेज इजाफे का संकेत देती है। खाद्य पदार्थों की कीमतों में इसका मामूली प्रभाव ही देखने को मिला है और उपभोक्ता खाद्य मूल्य सूचकांक (सीएफपीआई) फरवरी में लगभग 3.4 फीसदी से हल्का बढ़कर मार्च में लगभग 3.8 फीसदी हो गया है। इस अंतर की कई वजहें हैं। इनमें सबसे अहम अमेरिकी डालर के मुकाबले रुपये का लगभग 2.5 फीसदी-3 फीसदी का तेज अवमूल्यन है। चूंकि दुनियाभर में कच्चे तेल और गैस का व्यापार डालर में होता है, इससे आयातित मुद्रास्फीति में और इजाफा हुआ है। कई कंपनियों ने भले ही इन बढ़ती लागतों को वहन कर लिया है, लेकिन यह ज्यादा देर तक नहीं चल सकता है। साथ ही, मार्च में निर्यात (साल-दर-साल के आधार पर लगभग 3 फीसदी- 4 फीसदी की गिरावट और आयात साल-दर-साल के आधार पर लगभग 5 फीसदी - 6 फीसदी की गिरावटऋ में कमी सिर्फ कमजोर मांग का ही नहीं, बल्कि युद्ध के चलते आपूर्ति में आई बाधाओं का भी संकेत है। इसके जवाब में, निर्यातक दृ खासतौर पर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) - अपने उत्पादन को घरेलू बाजार की ओर मोड़ रहे हैं और इस कदम को निर्यात-उन्मुख इकाइयों से ज्यादा घरेलू बिक्री की इजाजत देने वाली नीतिगत छूटों से मदद मिल रही है। इससे स्थानीय स्तर पर आपूर्ति की अधिकता हो रही है, लेकिन बढ़ती इनपुट लागतों के कारण उत्पादकों के मुनाफे में कमी आने के चलते कीमतों का लाभ ग्राहकों तक पहुंचने में देरी हो रही है। इसका नतीजा यह हुआ है कि सीपीआई में अस्थायी रूप से गिरावट आई है। जैसे-जैसे ये दबाव कम होंगे, विकास की गति धीमी होने के बावजूद मुद्रास्फीति बढ़ने की आशंका है।

## सरकार की विदेश नीति के लिए झटका



जिस देश को विदेश मंत्री एस. जयशंकर दलाल बता रहे थे, उसी को दूसरी बार अमे. रिका-ईरान शांति वार्ता की मेजबानी का मौका मिल रहा है, यह प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की विदेश नीति के लिए झटका है, अब कूटनीतिक तथा रणनीतिक स्तर पर बदलाव की सख्त जरूरत है, बारह अप्रैल को पहले दौर की वार्ता पूरी होने के बाद पाकिस्तान ने सऊदी अरब और कतर से छह अरब डॉलर का कर्ज लिया, ताकि संयुक्त अरब अमीरात के 3.5 अरब डॉलर के कर्ज को चुका सके, पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था गंभीर संकट में है और वह मित्र देशों की सहायता पर निर्भर है, इसके बावजूद वह एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक भूमिका निभा रहा है,श्री मोदी की क्षेत्रीय और वैश्विक कूटनीति पाक को अलग- थलग करने में विफल रही है।

**-जयराम रमेश, प्रभारी, कांग्रेस संचार विभाग**

# शहर की सेहत ठीक नहीं : हमारी आदतें इसका रोग हैं



**प्रो. आर.के. जैन**



शहरों की असल तस्वीर उनकी ऊंची इमारतें नहीं, बल्कि बिखरी हुई नागरिक आदतें बयान करती हैं। भागती सुबह में उड़ता कचरा, लाल बत्ती को रौंदती गाड़ियां, फुटपाथों पर जमे वाहन और सार्वजनिक स्थानों के प्रति बेपरवाहीकूए सब उस मानसिकता का खुला बयान हैं, जो अधिकार तो चाहती है, पर कर्तव्य से बचती है। घर की चमक और बाहर की गंदगी का यह तीखा विरोध अब हमें झकझोरता नहीं, क्योंकि हमने इसे सामान्य मान लिया है। यहीं सिविक सेंस दम तोड़ता है। हम व्यवस्था से उम्मीदें ऊंची रखते हैं, लेकिन उसे बनाने में अपनी जिम्मेदारी से कन्नी काट लेते हैं। 2026 में भी यही सोच इस समस्या को जिंदा रखे हुए है।

दैनिक जीवन में सिविक सेंस की कमी केवल दिखाई नहीं देती, बल्कि आंकड़ों में भी साफ दर्ज है। देश के शहरी इलाके हर दिन लगभग 1।62 लाख टन नगरपालिका कचरा पैदा करते हैं, जिसका बड़ा हिस्सा अब भी लैंडफिल या खुले में जा पहुंचता है यह बताता है कि स्रोत पर अलग करना और सही निस्तारण जैसी बुनियादी आदतें अब भी हाशिए पर हैं। ट्रैफिक के मोर्चे पर स्थिति और भयावह है। 2024 में सड़क दुर्घटनाओं में 1. 77 लाख से अधिक मौतें दर्ज हुईं यानी औसतन रोज 485 जिंदगियां खत्म। ओवरस्पीडिंग, हेलमेट और सीट बेल्ट की अनदेखी, गलत पार्किंग जैसी लापरवाहियां इस त्रासदी की मुख्य वजह रहीं। सबसे चिंताजनक वह सोच है, जो इन आंकड़ों के पीछे छिपी है दूसरे नहीं मानते, तो मैं क्यों मानूं? यही मानसिकता सिविक सेंस को भीतर से खोखला कर रही है। समस्या सतह पर नहीं, हमारी परवरिश और सामाजिक ढांचे में जमी है। स्कूलों में सिविक सेंस सैद्धांतिक रह जाता है, व्यवहारिक अभ्यास लगभग गायब है। बच्चे किताबों में अनुशासन पढ़ते हैं, पर घर और सड़कों पर उसका उल्टा देखते हैं यहीं से विरोधाभास जन्म लेता है। सफाई को किसी और का काम मानना और सार्वजनिक संपत्ति से दूरी इस कमी को और गहरा करते हैं। कानून तो हैं, पर उनका प्रवर्तन न निरंतर है, न सख्तय जुर्माना अपवाद बनकर रह जाता है, आदत नहीं बदलती। विडंबना यह कि विदेश में नियमों का पालन करने वाला नागरिक, अपने देश में लौटते ही वही पुरानी लापरवाही दोहराता है यही दोहरापन बदलाव की सबसे बड़ी बाधा है।

इसके दुष्परिणाम केवल दृश्य गंदगी तक सीमित नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था और पर्यावरणकृतीनों पर भारी पड़ते हैं। कचरे और अस्वच्छता से फैलने वाली बीमारियां लाखों लोगों, खासकर गरीबों और बच्चों को प्रभावित कर रही हैं। सड़क दुर्घटनाएं परिवारों को एक झटके में आर्थिक और भावनात्मक संकट में धकेल देती हैं। पर्यावरणीय नुकसान भी गहरा है देश की 296 नदियों के खंड प्रदूषित हैं, जिनमें प्लास्टिक और औद्योगिक अपशिष्ट की बड़ी भूमिका है। कई शहरों में हवा खतरनाक स्तर पर बनी हुई है खुले में कचरा जलाना इसे और विषैला बनाता है, जबकि अव्यवस्थित निपटान भूजल को भी दूषित करता है। इसका असर पर्यटन, निवेश और शहरों की छवि पर साफ दिखता है। जब नागरिक जिम्मेदारी से मुंह मोड़ते हैं, तो विकास की रफ्तार भी थमने लगती है।

सरकारी स्तर पर पहलें कमजोर नहीं रहीं स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 ने ढांचे को मजबूती दी है और नतीजे भी दिखने लगे हैं। 2025 तक शहरी क्षेत्रों में कचरा प्रसंस्करण क्षमता में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई, कई शहरों में डोर-टू-डोर संग्रह 90 प्रतिशत कवरेज तक पहुंच चुका है और लीगेसी वेस्ट की सफाई ने रफ्तार पकड़ी है। इंदौर लगातार स्वच्छ सर्वेक्षण में नंबर 1 बना हुआ है, जबकि सूरत और नवी मुंबई जैसे शहर व्यवहार और प्रबंधन दोनों के सफल मॉडल पेश कर रहे हैं। 2026 के नए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों ने स्रोत पर 4-स्ट्रीम सेग्रिगेशन को अनिवार्य कर एक स्पष्ट दिशा भी तय कर दी है। फिर भी तस्वीर अधूरी है उपलब्धियों के बावजूद आम नागरिक के व्यवहार में अपेक्षित बदलाव नजर नहीं आता। साफ है, इन्फ्रास्ट्रक्चर जरूरी है, लेकिन निर्णायक बदलाव मानसिकता बदलने से ही आएगा। वैश्विक अनुभव बताते हैं कि सिविक सेंस कानून से नहीं, संस्कृति से बनता है। जापान में बच्चे स्कूल की सफाई खुद करते हैं सार्वजनिक जगह गंदा करना वहां अस्वीकार्य है। सिंगापुर ने सख्त प्रवर्तन से ऐसी आदतें विकसित कीं, जो अब स्वाभाविक व्यवहार हैं। भारत में भी इंदौर और सूरत जैसे शहरों ने शिक्षा, सामुदायिक निगरानी और कड़े अमल के संयोजन से उल्लेखनीय परिणाम दिए हैं। अब जरूरी है कि स्कूलों में सिविक सेंस को पाठ विषय नहीं, अनिवार्य व्यवहारिक अभ्यास बनाया जाए, युवाओं को नेतृत्व मिले और तकनीक आधारित निगरानी मजबूत हो। वास्तविक, स्थाई बदलाव तभी संभव है जब इसकी शुरुआत परिवार और शिक्षा दोनों स्तरों से एक साथ हो। समाधान किसी बड़े सूत्र में नहीं, बल्कि निरंतरता और व्यक्तिगत जिम्मेदारी की ठोस आदतों में छिपा है। कूड़ा डस्टबिन में डालना, सिग्नल पर रुकना, फुटपाथ खाली रखना और सार्वजनिक संपत्ति का सम्मान ए छोटे कदम जब सामूहिक व्यवहार बनते हैं, तभी बड़ा बदलाव आकार लेता है। व्यवस्था को भी ढील नहीं, दृढ़ता चाहिए दोहराए उल्लंघनों पर लाइसेंस निलंबन, अनिवार्य सामुदायिक सेवा जैसे कड़े प्रावधान लागू हों। साथ ही, जिम्मेदार आचरण को पहचान और प्रोत्साहन मिले, ताकि सकारात्मक उदाहरण फैलें। मीडिया, एनजीओ और स्थानीय समुदाय मिलकर लगातार, लक्ष्य-आधारित जागरूकता अभियान चलाएं तभी बदलाव टिकाऊ बनेगा।

अब मुद्दा कब नहीं, कैसे का है। साफ सड़कें, अनुशासित ट्रैफिक और जिम्मेदार नागरिकता किसी एक योजना की देन नहीं, बल्कि सामूहिक चेतना की पहचान हैं। आंकड़े साफ चेतावनी दे रहे हैं हर दिन 1.62 लाख टन कचरा, सालाना 1.77 लाख सड़क मौतें और लगातार प्रदूषित होती नदियां। इसके बावजूद अगर हम बदलाव टालते हैं, तो समस्या ही हमारी आदत बन जाएगी। विकसित भारत का सपना नीतियों से नहीं, हमारे रोजमर्रा के व्यवहार से साकार होगा। सिविक सेंस कोई विचार भर नहीं, बल्कि हमारी पहचान बनना चाहिए और इसकी शुरुआत आज, अभी, हमारे हर छोटे जिम्मेदार कदम से होनी चाहिए।

# गुजरात जा रहे हैं, तो इन जगहों को न भूलें

**पिरोटन एक छोटा द्वीप है, जो घूमने के लिहाज से काफी अच्छी जगह है और आपको यहां पर किसी तरह की कमी का एहसास नहीं होगा। हालांकि द्वीप सिर्फ ३ वर्ग किमी के क्षेत्र में फैला है। यह द्वीप चारों तरफ से हरे-भरे क्षेत्र में फैला है। अगर आप गुजरात घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो आप यहां घूमने के लिए आ सकते हैं। यहां पर आप बोटिंग भी कर पाएंगे। क्योंकि यहां तक आने का सिर्फ यही एक साधन है।**

गुजरात में घूमने के लिए ऐसी कई जगहें हैं, जो बच्चों को बहुत पसंद आएगी। अगर आप गुजरात के ही रहने वाले हैं, तो वीकेंड पर यहां जाने का प्लान बना सकते हैं, लेकिन अगर आप गुजरात घूमने गए हैं और बच्चों को किसी खास जगह पर घुमाना चाहते हैं, तो इन जगहों पर जाना बिल्कुल न भूलें, क्योंकि यहां जाकर केवल बच्चों को ही नहीं बल्कि आपको भी मजा आने वाला है। आज के इस आर्टिकल में हम आपको कुछ खास ऐसी जगहों के बारे में बताएंगे, जहां मस्ती करने के लिए आप जा सकते हैं।

**समुद्री राष्ट्रीय उद्यान**

अगर भी बच्चों के साथ कहीं घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो इस जगह को लिस्ट में जरूर शामिल करना चाहिए। यहां पर लोग विदेशी पक्षियों और रंग बिरंगा मूंगा देखने आते हैं। इसके साथ ही यहां पर आपको समुद्री जानवरों की कई प्रजातियों के साथ-साथ डॉल्फिन भी देख पाएंगे। हालांकि इसके लिए आपको थोड़ा इंतजार करना पड़ सकता है। बता दें कि गुजरात में घूमने के लिहाज से यह काफी अच्छी जगह है।

**कैसे पहुंचे**

आप करीबी हवाई अड्डे जामनगर से यहां आ सकते हैं और यह सिर्फ 7 किमी की दूरी पर है। इसके अलावा आप यहां पर राजकोट और जामनगर रेलवे स्टेशन के जरिए यहां तक यात्रा कर सकते हैं।

**पिरोटन द्वीप**



पिरोटन एक छोटा द्वीप है, जो घूमने के लिहाज से काफी अच्छी जगह है और आपको यहां पर किसी तरह की कमी का एहसास नहीं होगा। हालांकि द्वीप सिर्फ 3 वर्ग किमी के क्षेत्र में फैला है। यह द्वीप चारों तरफ से हरे-भरे क्षेत्र में फैला है। अगर आप गुजरात घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो आप यहां घूमने के लिए आ सकते हैं। यहां पर आप बोटिंग भी कर पाएंगे। क्योंकि यहां तक आने का सिर्फ यही एक साधन है।

**ऐसे पहुंचें**

आपको बता दें कि यहां पर आप सिर्फ जलमार्ग से ही आ सकते हैं। इसके लिए आपको बेदी में नजदीकी बंद. रगाह से एक किराए पर नाव लेनी होगी, जो आपको 2 घंटे में यहां पर पहुंचाएगी। अगर आप भी कुछ मजेदार करना चाहते हैं, तो अपनी लिस्ट में जरूर शामिल करना चाहिए।

**वस्त्रपुर झील**


यह तो सभी जानते हैं कि बच्चों को पानी वाली जगह से बहुत प्यार होता है। झील और समुद्र आदि बच्चों की पसंदीदा जगह होती है। ऐसे में आप बच्चों के साथ शहर की व्यस्त जिंदगी से अलग सुकून और शांति का समय बिताने के लिए यहां जा सकते हैं। यहां पर आप बच्चों के साथ पिकनिक और बोटिंग का भी लुत्फ उठा सकते हैं।

**ऐसे पहुंचे**

अहमदाबाद से पालनपुर तक के लिए आपको आसानी से बस मिल जाएगी। इसकी दूरी 143 किमी है और आप यहां सिर्फ 3 घंटे में पहुंच जाएंगे।

# एक शैवाल जो नाइट्रोजन को उपयोगी बनाती है

कार्बन, हाइड्रोजन, ऑक्सीजन, फॉस्फोरस के समान नाइट्रोजन भी एक जरूरी पोषक तत्व है। पृथ्वी के वायुमंडल में लगभग 80 प्रतिशत नाइट्रोजन है लेकिन मजेदार बात है कि पेड़-पौधे इसका उपयोग तब तक नहीं कर सकते जब तक कि इसे यौगिकों में न बदल दिया जाए। नाइट्रोजन स्थिरीकरण का यह अत्यंत महत्वपूर्ण काम पृथ्वी पर सिर्फ आर्किया और बैक्टीरिया समूह के सूक्ष्मजीव कर पाते हैं और इन्हीं की बदौलत नाइट्रोजन पेड़-पौधों को मिलती है। लेकिन हालिया अध्ययन से पता चला है कि एक शैवाल भी यह काम कर सकती है। हाल ही में वैज्ञानिकों ने पहली ऐसी शैवाल की खोज की है जो उसमें पाए जाने वाली एक छोटी कोशिका संरचना की बदौलत हवा की नाइट्रोजन को उपयोगी रूप में बदल सकती है। नाइट्रोजन सजीवों की वृद्धि एवं जीवन क्रियाओं के लिए एक अनिवार्य तत्व है लेकिन पेड़-पौधे, शैवाल वगैरह तात्विक नाइट्रोजन का उपयोग नहीं कर सकते, बल्कि तभी कर सकते हैं जब वह यौगिकों के रूप में मिले। शोधकर्ताओं ने इस शैवाल में पाई गई इस संरचना को अंगक यानी ऑर्गेनेल कहा है। और इसे नाम दिया गया है नाइट्रोप्लास्ट।




यह शोध अप्रैल 2023 में साइंस जर्नल में प्रकाशित हुआ था। शोधकर्ताओं के अनुसार जेनेटिक इंजीनियरिंग की तकनीक से इस संरचना के जीन्स को पौधों में रोप दिया जाए तो वे स्वयं नाइट्रोजन को परिवर्तित करने में सक्षम हो सकते हैं। इससे फसलों की पैदावार बढ़ सकती है और रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम हो सकती है। अध्ययन के एक सह लेखक कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के समुद्री पारिस्थितिक वैज्ञानिक के. जोनाथन जेहर कहते हैं कि अब तक पाठ्य पुस्तकों के अनुसार नाइट्रोजन स्थिरीकरण (यानी नाइट्रोजन तत्व को यौगिकों में बदलने) की क्षमता केवल बैक्टीरिया और आर्किया समूह में ही पता थी। यह प्रोकैरियोटिक जीव हैं। कोशिका बनावट के आधार पर जीव दो तरह के होते हैं। प्रोकैरियोट (जिनमें केंद्रक नहीं पाया जाता) और यूकैरियोट (जिनमें सुस्पष्ट केंद्रक पाया जाता है और जेनेटिक पदार्थ केंद्रक में होता है)। उनका अध्ययन बताता है कि शैवाल की यह प्रजाति पहला यूकैरियोटिक जीव है जिसमें नाइट्रोजन स्थिरीकरण की क्षमता है। यूकैरियोटिक जीवों में पौधे और जंतु शामिल हैं। 2012 में जेहर के शोधदल ने बताया था कि ब्रारुडोस्फेरा बिगलोवी (Braarudosphaera bigelowii) नामक एक समुद्री शैवाल नाम के बैक्टीरिया से करीबी रूप से जुड़ा रहता है। लगता था कि यह बैक्टीरिया शैवाल की कोशिका के अंदर या उसके ऊपर रहता है। शोधकर्ताओं का अनुमान था कि यह बैक्टीरिया नाइट्रोजन गैस को अमोनिया जैसे यौगिकों में बदल देता है जिसका उपयोग शैवाल अपनी वृद्धि में करता है। माना गया था कि नाइट्रोजन के बदले में बैक्टीरिया को शैवाल से कार्बनिक ऊर्जा स्रोत अर्थात पोषक पदार्थ मिलते होंगे, लेकिन नवीनतम अध्ययन के आधार पर शोधकर्ताओं का निष्कर्ष है कि UCYN-A बैक्टीरिया को एक स्वतंत्र जीव के रूप में नहीं बल्कि इस शैवाल के अंदर रहने वाले एक अंगक के रूप में देखा जाना चाहिए। जेहर का कहना है कि एक पूर्व अध्ययन में किए गए जेनेटिक विश्लेषण के अनुसार इस शैवाल और बैक्टीरिया के पूर्वजों के बीच लगभग 10 करोड़ वर्ष पूर्व एक सहजीवी सम्बंध स्थापित हुआ था। इस सहजीवी सम्बंध ने अंततः एक अंगक का रूप ले लिया है, नाइट्रोप्लास्ट। यह अब ब्रारुडोस्फेरा बिगलोवी शैवाल के अंदर विराजमान है।

**इसे अंगक क्यो कहें?**

आखिर किसी कोशिका के अंदर रहने वाले जीव को स्वतंत्र जीव न मानकर अंगक क्यों माना जाए? किसी मेजबान कोशिका के अंदर रहने वाला बैक्टीरिया अंगक है या नहीं, यह तय करने के लिए दो प्रमुख मापदंडों का उपयोग किया जाता है। पहला तो यह है कि विचाराधीन कोशिका संरचना (बैक्टीरिया) मेजबान कोशिका में पीढ़ी-दर-पीढ़ी साथ चलना चाहिए अर्थात जब मेजबान कोशिका विभाजित होकर दो कोशिकाएं बनें तो दोनों में वह संरचना पहुंचनी चाहिए। दूसरी कसौटी यह है कि वह संरचना मेजबान कोशिका द्वारा मिलने वाले प्रोटीन पर निर्भर होना चाहिए। नाइट्रोप्लास्ट इन दोनों मापदंडों पर खरा पाया गया है। इस कोशिका के विभाजन के विभिन्न चरणों में दर्जनों शैवाल कोशिकाओं की इमेजिंग करके शोधकर्ताओं ने पाया कि मेजबान कोशिका के विभाजन के ठीक पूर्व नाइट्रोप्लास्ट दो भागों में विभाजित हो जाता है।

इस तरह यह नाइट्रोप्लास्ट मूल कोशिका से उसकी संतान कोशिकाओं में स्थानांतरित होता रहता है। यह ठीक वैसा ही है जैसा कि कोशिका में उपस्थित अन्य अंगकों में होता है। उल्लेखनीय है कि क्लोरोप्लास्ट और माइटोकॉण्ड्रिया भी अंगक ही हैं और उनमें भी को. शिका विभाजन के दौरान ऐसा ही होता है। इसके अलावा क्रोमोप्लास्ट, एमायलोप्लास्ट आदि भी अंगक ही हैं। माना जाता है कि ए भी कभी स्वतंत्र रूप से रहने वाले जीव थे जो अब पौधों की कोशिकाओं में स्थाई रूप से बस गए हैं और पादप अंगक कहलाते हैं। क्लोरोप्लास्ट के कारण ही पौधों में प्रकाश संश्लेषण संभव हुआ है और माइटोकॉण्ड्रिया ऑक्सी-श्वसन क्रिया को संभव बनाता है। शोधकर्ताओं ने यह भी पाया कि इस नाइट्रोप्लास्ट को सारे जरूरी प्रोटीन्स शैवाल की कोशिका से ही मिलते है। हालांकि नाइट्रोप्लास्ट मेजबान कोशिका के आयतन का 8 प्रतिशत से ज्यादा होता है लेकिन इसके पास वे मुख्य प्रोटीन ही नहीं होते जो प्रकाश संश्लेषण और आनुवंशिक पदार्थ बनाने के लिए जरूरी हैं। ए प्रोटीन उसे शैवाल से ही प्राप्त होते हैं।

**आंतरिक सहजीवी**

सर्व प्रथम एंड्रियास शिंपर ने सन 1883 में यह प्रस्ताव रखा था कि वर्तमान पेड़-पौधों की कोशिकाओं में पाया जाने वाला क्लोरोप्लास्ट कोशिकीय सहजी. विता का एक उदाहरण है। इस परिकल्पना के अनुसार क्लोरोप्लास्ट उन सायनोबैक्टीरिया के वंशज हैं जो किसी जीव द्वारा भक्षण के दौरान कोशिका के अंदर ले लिए गए थे। किसी कारण से ए पचने से बच गए और अब वहां आंतरिक सहजीवी के रूप में निवास कर रहे हैं। सायनोबैक्टीरिया और क्लोरोप्लास्ट द्वारा निर्मित प्रोटीन में समानताओं के आधार पर इस परिकल्पना को बल मिलता है। समय के साथ यह आंतरिक सहजीवी स्वतंत्र रूप से रहने की क्षमता खो बैठे क्योंकि उनकी अनुवांशिक सूचनाओं (डीएनए) का एक बड़ा हिस्सा धीरे-धीरे मेजबान कोशिका के केंद्रक में स्थानांतरित हो गया। उपरोक्त तथ्यों के चलते क्लोरोप्लास्ट व माइटोकॉण्ड्रिया के लिए आंतरिक सहजीवी शब्द का उपयोग उचित ही लगता है। ---**साभार प्रभा**

## दक्षिण कोरिया व भारत सम्बन्धों को भविष्योन्मुखी साझेदारी में बदलेंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग ने सोमवार को यहां द्विपक्षीय मुद्दों पर व्यापक वार्ता कर दोनों देशों के संबंधों को 'भविष्योन्मुखी साझेदारी' में बदलने का संकल्प लिया और कहा कि भारत तथा दक्षिण कोरिया के बीच के ये संबंध प्रौद्योगिकी, व्यापार और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में साझा रणनीतिक हितों पर आधारित होंगे। बैठक के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि आठ वर्ष बाद दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति की यह भारत यात्रा, अत्यंत महत्वपूर्ण है और दोनों देशों के बीच के गहरे तालमेल को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्य, बाजार अर्थव्यवस्था और कानून के शासन के प्रति सम्मान दोनों देशों की मूल पहचान का हिस्सा है।



**श्रीनगर। निजी बसों के चालकों और कंडक्टरों द्वारा सरकार के स्मार्ट सिटी बस सेवाओं को अन्य जिलों में विस्तारित करने के प्रस्ताव के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के बाद बस स्टैंड के पास से गुजरते लोग।**

## फ्रांस ने एलन मस्क को पूछताछ के लिए बुलाया, एक्स पर डीपफेक कंटेट का आरोप


**पेरिस।** फ्रांस की जांच एजेंसियों ने इलान मस्क को पेरिस में पूछताछ के लिए बुलाया है। यह मामला उनकी कंपनी एक्स (पहले ट्विटर) पर चाइल्ड एब्यूज और डीपफेक कंटेंट फैलने के आरोपों से जुड़ा है। यह जांच जनवरी 2025 में शुरू हुई थी। शुरुआत में आरोप था कि एक्स का एल्गोरिद्म फ्रांस की राजनीति को प्रभावित करने के लिए इस्तेमाल हो सकता है। बाद में जांच का दायरा बढ़ाकर एक्स के एपी चौटबाट 'ग्रोक' को भी शामिल किया गया। एक्स के एपी चौटबाट पर महिलाओं और बच्चों की आपत्तिजनक तस्वीरें बनाने का आरोप है। इसी केस में पूर्व सीईओ लिंडा याकारिनो और कुछ कर्मचारियों से भी पूछताछ की जा रही है।

# अमेरिकी पायलटों के फंसने से बौखलाए थे ट्रम्प

### सहयोगियों पर चीखे, फिर टीम ने वॉर रूम से बाहर रखा, सहयोगियों ने उन्हें बहुत अहम बैठक वाले कमरे से बाहर करने से गुरेज नहीं किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच दो हफ्ते के युद्ध विराम की मियाद 21 अप्रैल को पूरी होने वाली है। अमेरिका-ईरान संघर्ष के दौरान एक मौका, तो ऐसा आ गया था, जब ट्रम्प अचानक हुए कुछ घटनाक्रमों के चलते बुरी तरह बौखला गए थे।

आलम यह था कि राष्ट्रपति लगातार अपने सहयोगियों पर चिल्लाते जा रहे थे। नतीजतन उनके सहयोगियों ने उन्हें एक बहुत अहम बैठक वाले कमरे से बाहर तक करने से गुरेज नहीं किया। इस पूरे घटनाक्रम से जुड़ा खुलासा किया है अमेरिकी अखबार-द वॉल स्ट्रीट जर्नल ने। अमेरिकी अधिकारियों और व्हाइट हाउस से जुड़े सूत्रों के हवाले से छपी इस रिपोर्ट में ट्रम्प के लगातार बदलते रवैये का उदाहरण देने के लिए जिस घटनाक्रम की बात की गई है, वह था-ईरान में एक अमेरिकी एफ-15ई लड़ाकू विमान के क्रैश होने और इसके पायलट-एयरमैन



■ ईरान युद्ध के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का रवैया सार्वजनिक रूप से बेहद आक्रामक रहा है

के ईरानी धरती पर फंसने की। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि कैसे ट्रम्प का अनियंत्रित-बेलगाम व्यवहार उनके प्रशासन, रिपब्लिकन पार्टी और उनके समर्थकों के लिए भी चिंता का विषय बनता चला गया। ईरान युद्ध के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का रवैया सार्वजनिक रूप से बेहद आक्रामक रहा है। हालांकि, अखबार ने कुछ घटनाक्रमों के जरिए दावा किया है कि ट्रम्प अंदरूनी बैठकों और मुलाकातों में अपने डर भी जाहिर करते रहे हैं। इतना ही नहीं एक मौके पर तो उनका व्यवहार अचानक से अस्थिर हो गया। ट्रम्प प्रशासन के अधिकारियों और व्हाइट हाउस के सूत्रों के मुताबिक, यूं तो अमेरिकी राष्ट्रपति युद्ध को जल्द से जल्द खत्म करने और एक समझौते पर पहुंचने के लिए बेताब हैं, लेकिन इसके लिए वे एक अजीब रणनीति अपना रहे हैं। ईरान को डराकर बातचीत की मेज पर लाने के लिए वे जानबूझकर खुद को अस्थिर और खतरनाक दिखा रहे हैं। इसी के चलते उन्होंने सोशल मीडिया पर बिना किसी सलाह के अचानक ईरान की पूरी सभ्यता को नष्ट करने की धमकी दे डाली। इसके अलावा, उन्होंने ईस्टर के दिन अपशब्दों का इस्तेमाल करते हुए अल्लाह की तारीफ जैसे पोस्ट किए, ताकि ईरानियों को उन्हीं की भाषा में डराया जा सके। सूत्रों के मुताबिक, ट्रम्प कुछ मौकों पर अमेरिकी सैनिकों के हताहत होने को लेकर भी बेहद चिंतित दिखाई दिए हैं। इसी कारण उन्होंने खार्ग द्वीप पर कब्जा करने के सैन्य सुझाव को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि अमेरिकी सैनिक वहां ईरान के आगे आसान निशाना बन जाएंगे। हालांकि, ईरान को लेकर वे लगातार आक्रामक और भड़काऊ भाषण देते रहे। अधिकारियों का कहना है कि गंभीर सैन्य संघर्ष के बीच भी राष्ट्रपति का ध्यान अक्सर भटक जाता है।

# कूटनीतिक बातचीत सैन्य संघर्ष का ही एक विस्तार: अजीजी

### अमेरिका से कोई भी बातचीत तभी सफल होगी, जब ईरान के राष्ट्रीय हित सुरक्षित हों: वरिष्ठ ईरानी सांसद

**तेहरान/मास्को।** ईरान के वरिष्ठ सांसद इब्राहिम अजीजी ने सोमवार को अमेरिका के साथ चल रही कूटनीतिक बातचीत को सैन्य संघर्ष का ही एक विस्तार बताया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कोई भी बातचीत तभी होगी जब वह पूरी तरह से ईरान के राष्ट्रीय हितों और सुरक्षा के पक्ष में हो।

ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के प्रमुख अजीजी ने अल जजीरा को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि बातचीत को लेकर ईरान का रुख रणनीतिक गणना पर आधारित है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईरान अपने राष्ट्रीय हितों के आधार पर काम करता है। उन्होंने कहा कि ईरान अपनी सुरक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाने को तैयार है। सांसद ने कहा कि इस्लामाबाद में होने वाली संभावित वार्ताओं सहित मौजूदा बातचीत को 'युद्ध के मैदान के विस्तार' के रूप में देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर बातचीत से ऐसे नतीजे निकलते हैं जो युद्ध के मैदान की उपलब्धियों को सुरक्षित रखते हैं, तो यह एक अवसर है। लेकिन अगर अमेरिकी इसे अपनी दादागिरी और अत्यधिक मांगों का मंच बनाना चाहते हैं, तो यह कतई स्वीकार्य नहीं है। अजीजी ने पुष्टि की कि ईरान ने अमेरिका के साथ बातचीत जारी रखने का फैसला तो किया है,



■ ईरान को अपने शांति पूर्ण उद्देश्यों के लिए परमाणु उफर्जा के उपयोग का पूरा अधिकार: काजेम जलाली
■ ईरान अपने राष्ट्रीय हितों के आधार पर काम करता है
■ अगर बातचीत से ऐसे नतीजे निकलते हैं जो युद्ध के मैदान की उपलब्धियों को सुरक्षित रखते हैं, तो यह एक अवसर है: अजीजी

लेकिन यह 'किसी भी कीमत पर' नहीं होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि ईरान की 'लक्ष्मण रेखा' पर कोई समझौता नहीं होगा और उनका सम्मान किया जाना चाहिए। सांसद ने कहा कि इस्लामाबाद में प्रतिनिधिमंडल भेजना इस बात पर निर्भर करेगा कि अमेरिका, ईरान के रुख पर कोई 'सकारात्मक संकेत' देता है या नहीं। उन्होंने कहा कि ईरान सैद्धांतिक रूप से बातचीत का विरोधी नहीं है, लेकिन इसके नतीजे आपसी सम्मान और ठोस लाभ वाले होने चाहिए। अजीजी ने कुछ प्रमुख शर्तें भी सामने रखीं, जिनमें ईरान की फ्रीज की गई संपत्ति को जारी करना और लेबनान जैसे क्षेत्रीय मुद्दों पर ध्यान देना शामिल है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ईरान के क्षेत्रीय सहयोगियों के हितों को नुकसान पहुंचाया गया या पिछले वादों को अनदेखा किया गया, तो इसे तेहरान की शर्तों को खारिज करना माना जाएगा और इसके गंभीर परिणाम होंगे। वहीं रूस में ईरान के राजदूत काजेम जलाली ने कहा है कि परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) का पूर्ण सदस्य होने के नाते ईरान शांतिपूर्ण कार्यों के लिए परमाणु ऊर्जा का उपयोग करने का हकदार है। रूसी समाचार एजेंसी स्पुतनिक में सोमवार को प्रकाशित एक साक्षात्कार में जलाली ने इस बात पर जोर दिया कि ईरान अपनी भविष्य की परमाणु गतिविधियों को पूरी तरह से संधि के दायरे में रहकर ही संचालित करने का इरादा रखता है। उन्होंने कहा कि एनपीटी के पूर्ण सदस्य के रूप में, हमें उस संधि से मिलने वाले अपने सभी अधिकारों का उपयोग करना चाहिए, विशेष रूप से शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए परमाणु ऊर्जा का उपयोग। इससे पहले इसी महीने ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने संकेत दिया था कि ईरान के परमाणु ऊर्जा के अधिकार पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। जलाली ने कहा कि ईरान ने अपनी 'लक्ष्मण रेखा' (रेड लाइन्स) तय कर दी है और वह उनसे कोई समझौता नहीं करेगा। उन्होंने यह भी जोड़ा कि तनाव खत्म करने की प्रगति काफी हद तक अमेरिका के रुख पर निर्भर करती है। उनका तर्क था कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प बातचीत के जरिए वह हासिल नहीं कर पाएंगे जो सैन्य दबाव के जरिए हासिल नहीं किया जा सका। इस साल की शुरुआत में तनाव तब बढ़ गया था जब 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने ईरानी ठिकानों पर हमले किए थे, जिससे बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा और नागरिक हताहत हुए थे।

## जंग में जो जीत नहीं कर सके, उसे मेज पर भी हासिल नहीं पाएंगे: ट्रम्प: ईरानी दूत

**तेहरान।** ईरान ने सोमवार को कहा कि अमेरिका-इजरायल की ओर से शुरू किया गया युद्ध अपने किसी भी उद्देश्य को हासिल करने में विफल रहा है। ईरान ने चेतावनी दी कि अमेरिका को बातचीत की मेज पर उस सफलता की उम्मीद नहीं करनी चाहिए, जिसे वह युद्ध के मैदान में हासिल करने में नाकाम रहा है। रूस के समाचार पत्र 'वेदोमोस्ती' को दिए साक्षात्कार में, रूस में ईरान के राजदूत काजेम जलाली ने कहा कि ईरान के खिलाफ अभियान हर मोर्चे पर विफल रहा है। उन्होंने अमेरिका-इजरायल के उन दावों को खारिज कर दिया कि वे सैन्य रूप से ईरान को तेजी से हरा सकते हैं और सत्ता परिवर्तन कर सकते हैं। उन्होंने तर्क दिया कि उनका इनमें से कोई भी लक्ष्य पूरा नहीं हुआ। 'अल जजीरा' के साथ एक अन्य साक्षात्कार में युद्ध के नतीजों पर सवाल उठाते हुए जलाली ने कहा कि उन्होंने कहा था कि वे कुछ ही दिनों में ईरान पर कब्जा कर लेंगे। वे अपने किस उद्देश्य में सफल हुए? किसी में नहीं। अमेरिका-इजरायल के हमले नाकाम रहे हैं। जलाली ने तंज कसते हुए कहा कि युद्ध शुरू होने के बाद से अमेरिका के लक्ष्य सिमटते जा रहे हैं-व्यापक राजनीतिक परिवर्तन से लेकर अब वे हॉर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित करने जैसी रणनीतिक चिंताओं तक आ गए हैं। उन्होंने तर्क दिया कि अमेरिका की ए महत्वाकांक्षाएं भी पूरी नहीं हुईं। उन्होंने कहा कि शुरुआत में वे सत्ता परिवर्तन चाहते थे, लेकिन अब वे उस स्थिति में आ गए हैं, जहां वे केवल हॉर्मुज जलडमरूमध्य को खोलना चाहते हैं।



## ईरान-अमेरिका वार्ता टूटने की संभावना के बीच वैश्विक ऊर्जा कीमतों में उछाल

**मास्को।** ईरान और अमेरिका के बीच बातचीत टूटने की संभावना के संकेतों की वजह से ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया है और वह 100 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच रही हैं, जबकि यूरोपीय गैस की कीमतें लगभग 10 प्रतिशत उछलकर 515 डॉलर प्रति हजार घन मीटर से ऊपर पहुंच गई हैं। यह जानकारी व्यापारिक आकड़ों में दी गई। ग्रीनविच मानक समय के अनुसार रात 10:15 बजे तक ब्रेंट कच्चे तेल के वायदा भाव में 6.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो 96 डॉलर प्रति बैरल से अधिक हो गया। लंदन स्थित आईसीई एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, यूरोपीय गैस की कीमतों में करीब 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है वह अब 515 डॉलर प्रति हजार घन मीटर से अधिक हो चुकी हैं। टीटीएफ (नीदरलैंड में स्थित यूरोप का सबसे बड़ा केंद्र) सूचकांक पर मई के वायदा सौदे रात 09:59 बजे 518 डॉलर प्रति हजार घन मीटर पर कारोबार कर रहे थे, जो पिछले कारोबारी दिन की 472.7 डॉलर की कीमत से 9.6 प्रतिशत अधिक है।

## अमेरिका-शख्स ने अपने 7 बच्चों समेत 8 की हत्या की

**लुइसियाना।** अमेरिका के लुइसियाना राज्य के श्रेवेपोर्ट शहर में एक शख्स ने 8 बच्चों की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक इनमें से 7 उसके ही बच्चे थे। अमेरिका में इस साल की यह सबसे बड़ी मास शूटिंग की घटना मानी जा रही है।

यह घटना रविवार सुबह 6 बजे (स्थानीय समय के मुताबिक) वेस्ट 79वीं स्ट्रीट के 300 ब्लाक में हुई। आरोपी का नाम शमार एल्किंस (31 साल) है। पुलिस ने बताया कि 7 बच्चों को घर के अंदर गोली मारी गई, जबकि एक बच्चे को छत पर गोली लगी, जब वह जान बचाने के लिए भागने की कोशिश कर रहा था। हमले में असाल्ट-स्टाइल हथियार का इस्तेमाल किया गया। इसे घरेलू विवाद से जुड़ा मामला बताया जा रहा है। पुलिस ने मृतकों

■ अमेरिका में इस साल की यह सबसे बड़ी मास शूटिंग की घटना मानी जा रही है

की पहचान जयला एल्किंस (3), शायला एल्किंस (5), कायला प्यू (6), लैला प्यू (7), मरकेडान प्यू (10), सारियाह स्नो (11), खेडारियन स्नो (6) और ब्रेलान स्नो (5) के रूप में की है। इस हमले में 13 साल का लड़का भी घायल हुआ, जो जान बचाने के लिए घर से भागा और छत से कूद गया। श्रेवेपोर्ट पुलिस के मुताबिक मारे गए बच्चों में तीन लड़के और पांच लड़कियां थीं, जिनकी उम्र 3 से 11 साल के बीच थी। इनमें सात सगे भाई-बहन और एक उनका कजिन था। हमले में दो महिलाएं भी घायल हुईं, जिनमें से एक आरोपी की पत्नी है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

# ट्रम्प टैरिफ का सबसे बड़ा रिफंड शुरू

### उपभोक्ताओं को ब्याज समेत 90 दिन में पैसा वापस मिलेगा, 13.8 लाख करोड़ लौटाने हैं

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कार्यकाल में लगाए गए टैरिफ को अवैध ठहराने के बाद रिफंड की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

अमेरिकी कंपनियां सोमवार से नए ऑनलाइन पोर्टल के जरिए आवेदन कर सकती हैं। इसे अमेरिकी इतिहास का सबसे बड़ा टैरिफ रिफंड माना जा रहा है, जिसमें 166 अरब डालर (करीब 13.8 लाख करोड़ रुपये) लौटाए जाने हैं। रिफंड लौटाने का यह फैसला सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद लागू हुआ है। कोर्ट ने कहा था कि ट्रम्प प्रशासन ने आपातकालीन शक्तियों का गलत इस्तेमाल कर टैरिफ लगाए थे। इसके बाद कोर्ट ऑफ इंटरनेशनल ट्रेड ने इंपोर्टर्स को उनकी जमा राशि और ब्याज लौटाने के निर्देश दिए थे। इस फैसले के तहत करीब 3.3





■ रिफंड लौटाने का यह फैसला सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद लागू हुआ है

लाख इंपोर्टर्स को राहत मिलेगी, जिन्होंने पिछले साल कार पार्ट्स से लेकर स्मार्टफोन तक पर भारी टैक्स चुकाया था यूएस कस्टम्स एंड बार्डर प्रोटेक्शन (सीबीपी) ने कंसोलिडेटेड एडमि निस्ट्रेशन एंड प्रासेसिंग ऑफ एंट्रीस (सीएपीई) नाम का नया पोर्टल लान्च किया है। यह एसीई (**Automated Commercial Environment**) सिस्टम का हिस्सा है। इसके जरिए इंपोर्टर्स 'सीएपीई डिक्लेरेशन' दाखिल कर अपने क्लेम सबमिट कर सकेंगे, जिससे प्रक्रिया को तेज और सरल बनाने का दावा किया गया है। 60-90 दिनों में मिलेगा पैसा रिफंड पाने के लिए इंपोर्टर ऑफ रिकॉर्ड और अधिकृत कस्टम ब्रोकर्स को एसीई पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करना होगा और बैंक अकाउंट डिटेल्स देनी होंगी। सीबीपी के मुताबिक, सही और पूरी जानकारी वाले आवेदन पर 60-90 दिनों में भुगतान किया जा सकता है। दस्तावेजों में कमी या जांच की जरूरत होने पर देरी संभव है। सीबीपी ने साफ किया है कि पहले चरण में सभी इंपोर्टर्स को रिफंड नहीं मिलेगा। फिलहाल केवल 'अनलिक्विडेटेड एंट्रीज' (जिनका टैक्स आकलन अभी पूरा नहीं हुआ) और 80 दिनों के भीतर की एंट्रीज को शामिल किया गया है। बाकी मामलों को आगे के चरणों में लिया जाएगा। कोर्ट में पेश आंकड़ों के अनुसार, करीब 3.3 लाख इंपोर्टर्स ने कुल 166 अरब डालर का टैरिफ भुगतान किया था। 9 अप्रैल तक इनमें से केवल 56,500 इंपोर्टर्स ने ही इलेक्ट्रानिक पेमेंट सिस्टम में रजिस्ट्रेशन कराया है, जो रिफंड पाने के लिए जरूरी है।

## यूएई को पड़ेगी अमेरिका से आर्थिक सहायता की जरूरत!

**मास्को।** 'वॉल स्ट्रीट जर्नल' ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से खबर दी है कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के प्रतिनिधियों ने अमेरिकी अधिकारियों के साथ बातचीत में वित्तीय सहायता की संभावना जताई है।

पश्चिम एशिया का संघर्ष यूएई में संकट को यदि और अधिक गहरा देता है, तो उस स्थिति के लिए यह सहायता मांगी गई है। संयुक्त अरब अमीरात के केंद्रीय बैंक के गवर्नर खालिद मोहम्मद बालमा ने पिछले सप्ताह वाशिंगटन में अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट के साथ बैठकों के दौरान 'मुद्रा विनिमय मार्ग' (करेंसी स्वैप लाइन) स्थापित करने की

■ पश्चिम एशिया का संघर्ष यूएई में संकट को यदि और अधिक गहरा देता है, तो उस स्थिति के लिए यह सहायता मांगी गई

संभावना पर चर्चा की। संयुक्त अरब अमीरात के अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि उन्होंने अब तक इस संघर्ष के सबसे बुरे आर्थिक परिणामों से खुद को बचाए रखा है, लेकिन उन्हें फिर भी वित्तीय सहायता की आवश्यकता हो सकती है। इस बीच, कतर के वित्त मंत्री अली बिन अहमद अल कुवारी ने भी अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट से मुलाकात की।





# ईरान युद्ध से आर्थिक दबाव में एशिया के कई देश

### तेल-गैस सप्लाई रुकी, फैक्ट्रियां ठप, एक्सपर्ट बोले: ये आर्थिक संकट सुनामी जैसा, संकट में ट्रांसपोर्ट सेक्टर, सप्लाई खतरे में

**वाशिंगटन।** ईरान में 28 फरवरी से शुरू हुआ युद्ध एशिया-प्रशांत इलाके पर उम्मीद से कहीं ज्यादा तेजी से और ज्यादा असर डाल रहा है। शुरुआत में लगा था कि तेल और गैस की कमी का असर धीरे-धीरे दिखेगा, लेकिन हकीकत में कई देशों की अर्थव्यवस्था और आम जिंदगी पर अचानक बड़ा झटका लगा है।

कई विशेषज्ञ इसकी तुलना कोविड जैसे बड़े संकट से कर रहे हैं। भले ही जल्द शांति समझौता हो जाए, लेकिन इस पूरे क्षेत्र पर इसका असर लंबे समय तक रहने वाला है। आने वाले महीनों में उड़ानें रद्द होने, खाने-पीने की चीजों के दाम बढ़ने, फैक्ट्रियों के रुकने, सामान की सप्लाई में देरी और बाजारों में रोजमर्रा की चीजों की कमी देखने को मिल सकती है। इसमें प्लास्टिक बैग, इंस्टेंट नूडल्स, वैक्सीन, सिरिंज, लिपस्टिक, माइक्रोचिप और स्पोर्ट्सवियर जैसी चीजें भी शामिल हैं।

■ भले ही जल्द शांति समझौता हो जाए, लेकिन इस पूरे क्षेत्र पर इसका असर लंबे समय तक रहने वाला है

विशेषज्ञों का कहना है कि अगर मिडिल ईस्ट के रास्तों से व्यापार कुछ और हफ्तों तक बाधित रहा, तो कई देशों में हालात बिगड़ सकते हैं, अशांति फैल सकती है और मंदी आ सकती है।

कई कंपनियां दिवालिया होने के कगार पर हैं और सरकारें महंगाई को काबू में रखने के लिए भारी कर्ज ले रही हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुमान के मुताबिक, साल के अंत तक एशिया में लाखों लोग गरीबी में जा सकते हैं। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के मुताबिक, दुनिया की अर्थव्यवस्था लगभग हर जगह धीमी हो रही है क्योंकि दुनिया के करीब 20 प्रतिशत तेल की सप्लाई बाजार से बाहर हो गई है। मिडिल ईस्ट से आने वाला तेल-गैस रुकने से पूरे एशिया की सप्लाई चेन हिल गई है। एशिया-प्रशांत पर सबसे ज्यादा असर इसलिए पड़ा क्योंकि यह क्षेत्र मिडिल ईस्ट के तेल और गैस पर बहुत ज्यादा निर्भर है, यहां की अर्थव्यवस्था आपस में गहराई से जुड़ी है और पहले से ही ऊर्जा की मांग ज्यादा थी जबकि सप्लाई कम पड़ रही थी। यहां तक कि अगर होर्मुज की समस्या कल ही ठीक भी हो जाए तो भी तेल और गैस की सप्लाई को पहले जैसे स्तर पर आने में सालों लग सकते हैं। चीन जैसे अमीर देशों पर असर थोड़ा कम होगा क्योंकि उनके पास ज्यादा संसाधन हैं, लेकिन बाकी एशिया में हालात ज्यादा खराब हैं।

